✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 115 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 20 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, प्रसिद्ध निर्माता एकता कपूर से मुलाकात करते सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग की रजत जयंती पर आयोजित समारोह का किया उद्घाटन

## सूबे में एक करोड़ महिलाओं को रोजगार से जोड़ेंगे : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने एक करोड़ महिलाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही सरकार एक हजार महिलाओं को पीएचडी करने के लिए फ़ेलोशिप देगी। इस फ़ेलोशिप के तहत चार साल तक हर महीने 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। श्री चौधरी शनिवार को बिहार राज्य महिला आयोग की रजत जयंती के अवसर पर बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार राज्य महिला आयोग सुझाव दें कि महिला कर्मचारियों के लिए क्या कुछ किया जा सकता है। उनके लिए कैसी व्यवस्था की जाए। महिला जनप्रतिनिधि को किस तरह की ट्रेनिंग दी जाए। एक राजनीतिक कार्यकर्ता बनाने की फैक्ट्री महिला आयोग बने, मैं यह चाहता हूं।



उन्होंने कहा कि मोदी जी की कल्पना है कि महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लोकसभा और विधानसभा में होगा। इस कल्पना को पूरा करने के लिए हमें कम से कम 40% टिकट की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए भी हमें तैयारी करनी होगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि देश में बिहार एक ऐसा राज्य है जहां सबसे तेज गति से महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुझे वह दिन याद है जब मैं पहली बार सदन में आया था। तब बिहार में महिलाओं की हिस्सेदारी नहीं के बराबर थी। अर्थव्यवस्था में जहां महिलाओं की ओर कोई देखता नहीं था। आज बिहार में करीब 60% महिलाएं जनप्रतिनिधि के तौर पर नेतृत्व कर रही हैं। सिर्फ जीविका दीदी ने एक लाख 36 हजार करोड़ का मार्केट खड़ा कर दिया है। बिहार पहला राज्य बनने जा रहा है जहां हम महिलाओं के लिए डेडीकेटेड यूनिवर्सिटी बनाएंगे, जहां कुलपति से लेकर प्रिंसिपल और चतुर्वर्गीय कर्मचारी भी महिला ही होगी। बिहार में एनडीए सरकार पिछले 21-22 सालों से चल रही है तो उसका सबसे बड़ा रीढ़ बिहार की महिलाएं हैं। बिहार में 2005 से पहले न महिलाओं, न दलितों, और नहीं अतिपिछड़ों को आरक्षण था। बिहार में पंचायती राज चुनाव होते थे लेकिन कोई चुनाव लड़ नहीं पाता था। 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी और बिहार में सुशासन राज स्थापित हुआ। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम विजय चौधरी, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार, समाज कल्याण मंत्री शीला मंडल और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## वित्तरहित विद्यालय-महाविद्यालयों के शिक्षकों-कर्मियों के लिए 461 करोड़ का अनुदान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के अनुदानित और वित्त रहित विद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। सीएम सम्राट चौधरी की सरकार ने इन विद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए 461 करोड़ की वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। इस फैसले की आधिकारिक घोषणा सम्राट चौधरी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी है। बिहार में त्यौहार का मौसम आने वाला है और उसी को देखते हुए इसे सरकार का बड़ा फैसला माना जा रहा है। वित्त रहित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी की चिंता सरकार ने की है जिससे उनके पिछले बकाये वेतन का रास्ता साफ हो गया है। इस राशि का सीधा लाभ उन शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मियों को मिलेगा जो लंबे समय से मानदेय और बकाए का इंतजार कर रहे थे। सरकार ने साफ किया है कि इस बजट का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष समिति का गठन भी किया जा रहा है जो अनुदान के सही इस्तेमाल और वितरण की निगरानी करेगी। जानकारी के अनुसार वित्तीय तंगी से गुजर रहे कई शैक्षणिक संस्थानों में स्टाफ के वेतन वितरण का काम लंबे समय से बाधित चल रहा था। ऐसी विषम परिस्थिति में सरकार द्वारा स्वीकृत यह बड़ी आर्थिक सहायता इन संस्थानों के लिए एक बड़ा संबल साबित होगी। इस सरकारी मदद की मुख्य विशेषता यह है कि यह पूरी धनराशि केवल शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक स्टाफ के वेतन तथा मानदेय के भुगतान पर ही खर्च की जाएगी। माना जा रहा है कि 461 करोड़ रुपए के इस विशेष बजटीय प्रावधान से न सिर्फ शिक्षण संस्थानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी बल्कि कर्मचारियों के बकाया वेतन का निपटारा भी तेजी से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि सरकार बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शिक्षकों के मान-सम्मान को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बड़े फैसले के बाद राज्य के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने सरकार के इस कदम की सराहना की है।

### संक्षिप्त समाचार

#### टांगी और पत्थर से कूचकर बुजुर्ग की हत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के यदुनाथपुर थाना क्षेत्र में ओझा-गुनी और तांत्रिक क्रिया के आरोप ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। योगेश्वर ठाकुर की धारदार हथियार और पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया।

#### विदेशी नागरिकों को ठगने वाले चार आरोपित गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी में पुलिस ने इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड से जुड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह इंटरनेशनल कॉल को डायवर्ट कर कंप्यूटर प्रॉब्लम फिक्सिंग के नाम पर विदेशी नागरिकों को ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद सत्यापन कर तकनीकी आधार पर अक्षय कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया।

#### हॉस्टल में छात्रा की मौत से हड़कंप

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** रीगा थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की ऊपरी मंजिल से शनिवार को नौवीं कक्षा की एक छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन और पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार छात्रा का नामांकन करीब एक महीने पहले ही कराया गया था और वह विद्यालय के हॉस्टल में रहना नहीं चाहती थी। हालांकि छात्रा की मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। मृत छात्रा मोतिहारी जिले की रहने वाली बतायी जाती है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** धमदाहा में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में मातम पसर गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के कुर्मी टोला जाने वाली सड़क पर नहर के समीप कलवर्ट के पास हुई। बताया जा रहा है कि ससुराल से घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान धमदाहा उत्तर वार्ड-1 निवासी पोदीन ऋषिदेव और मधेपुरा जिले के मुरौत निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। धीरज पिछले कई वर्षों से धमदाहा में अपने भाई तूफान ऋषिदेव के ससुराल में ही मकान बनाकर रह रहा था। मृतक के भाई तूफान ऋषिदेव ने बताया कि धीरज अपने रिश्तेदार पोदीन ऋषिदेव के साथ मीरगंज स्थित अपने ससुराल गया था। वहां से वापस घर लौटने के क्रम में नहर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को कुचल दिया। दोनों युवक तेलंगाना में रहकर मजदूरी का काम करते थे। मामले की जानकारी मिलते ही धमदाहा थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 792 ड्रेसर एवं 644 एक्स-रे टेक्निशियन की नियुक्ति

### स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने नवपदस्थापित ड्रेसर, एक्स-रे टेक्निशियन एवं फार्मासिस्टों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी कर्मियों की कमी दूर करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) की अनुशंसा के आधार पर 792 ड्रेसर, 644 एक्स-रे टेक्निशियन और 24 फार्मासिस्टों की राज्य के अलग-अलग सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापना की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नई पदस्थापना से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों, जिला अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पतालों समेत अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी मानव संसाधन की कमी कम होगी। 792 ड्रेसर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों में 135 महिलाएं और 657 पुरुष शामिल हैं। वहीं, 644 एक्स-रे टेक्निशियन में 135 महिलाएं और 511 पुरुष हैं। इसके अलावा 24 फार्मासिस्टों की भी पदस्थापना की गई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले 846 फार्मासिस्टों की पदस्थापना हो चुकी थी। नई पदस्थापना के बाद राज्य में अब तक कुल 870 फार्मासिस्टों की तैनाती पूरी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इन तकनीकी कर्मियों की तैनाती से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी। मरीजों को एक्स-रे और अन्य जांच सुविधाएं अधिक सुगम तरीके से उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही अस्पतालों में त्वरित सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। नवपदस्थापित ड्रेसर, एक्स-रे टेक्निशियन और फार्मासिस्टों को एक माह के भीतर संबंधित संस्थान में योगदान करना होगा। इसके लिए उन्हें अपने शैक्षणिक और अन्य आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र साथ ले जाने होंगे। संबंधित संस्थान के अधीक्षक या अधीक्षक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मूल अभिलेखों से प्रमाण-पत्रों का मिलान कर सत्यापन करेंगे। इसके बाद संबंधित संस्थानों से प्रमाण-पत्रों की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूरी कर विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने नवपदस्थापित ड्रेसर, एक्स-रे टेक्निशियन और फार्मासिस्टों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में इन तकनीकी कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराकर आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवपदस्थापित कर्मी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हसनपुर थाना अंतर्गत केसराउड़ा गांव में शुक्रवार की देर रात समाजसेवी डॉक्टर गुलजार उर्फ साहिन को अज्ञात अपराधियों ने उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी शनिवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही हसनपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी सुनील कांत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार डॉक्टर गुलजार को सोए हुए अवस्था में कनपटी में तीन गोलियां मारी गई है। हत्या इतनी सुनियोजित तरीके से की गई कि आस-पास के लोगों को रात में कुछ पता ही नहीं चला। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से डॉग स्क्वायड टीम बुलाने, वैज्ञानिक तरीके से जांच कराने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर गुलजार मिलनसार और नेक व्यक्ति थे।

## जेन अल्फा बनाएगी सपनों का भारत : मिथिलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बच्चों में तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने जोर दिया है। पटना में आयोजित एक रोबोटिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शिक्षा मंत्री ने निजी क्षेत्र के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार के युवा आगे आएं और बच्चों को तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में निजी स्कूलों के बच्चों ने रोबोटिक्स के क्षेत्र में तैयार की गई अपनी-अपनी कृतियों का प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार के बच्चे अब सेवा क्षेत्र समेत अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों के कार्यकाल में देश में हुए बदलावों को बच्चे चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। इसके साथ ही जेन अल्फा के बच्चे अगले 25 वर्षों में भारत को किस रूप में विकसित होते देखना चाहते हैं, इसकी तस्वीर भी तैयार करेंगे। उन्होंने बताया



कि बच्चों से कहा गया है कि वे अपने सपनों के भारत की तस्वीर बनाएं और बताएं कि वे भविष्य के भारत को कैसा देखना चाहते हैं। इन बच्चों द्वारा तैयार की गई तस्वीरों और उनकी कल्पना की कहानी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने की बात भी शिक्षा मंत्री ने कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है कि बिहार के युवा अभिषेक, जो एक प्राइवेट कंपनी के मालिक हैं, ने निजी क्षेत्र के बड़े स्कूलों के बच्चों को एक मंच पर लाकर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक को लेकर बच्चों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। जीविका दीदियों को बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन यानी बी-बोस के माध्यम से निशुल्क 10वीं और 12वीं की शिक्षा दिए जाने के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने जीविका दीदियों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और उनके लिए जो भी जरूरी होगा, सरकार वह करेगी। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को सरकार की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। सरकारी मॉडल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए तैयार होने वाली पूरी ड्रेस भी जीविका दीदियों द्वारा तैयार की जा रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार उनके लिए गंभीरता से काम कर रही है और आने वाले दिनों में इसके परिणाम भी दिखाई देंगे। मिशन कायाकल्प अभियान को लेकर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सरकार ने इस अभियान की शुरुआत की है और ग्रामीण विकास विभाग को इसका नोडल एजेंसी बनाया गया है। अभियान के तहत बिहार के आठ-नौ विभागों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक बिहार के सभी स्कूलों का कायाकल्प कर दिया जाएगा।

## सीएम सम्राट ने राहत कोष में सौंपा वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बाढ़ और आपदा की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने एक महीने के वेतन की राशि दान की है। उन्होंने दो लाख 70 हजार रुपये का चेक सचिव लोकेश कुमार सिंह को सौंपा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' में यह चेक सौंपा। उन्होंने अपने एक महीने के वेतन की पूरी राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दी है। इस राशि का इस्तेमाल आपदा से प्रभावित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष जरूरतमंद लोगों की सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने राज्यवासियों के साथ-साथ समाज के समृद्ध और सक्षम लोगों से भी राहत कोष में अधिक से अधिक राशि दान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों की सहभागिता से राहत और सहायता के काम को और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।




## बडनगर से वाराणसी तक शांति, सद्भाव व विकसित भारत का संदेश दे रही बाइक सेवा यात्रा : श्रेयसी

### 5 अक्टूबर को औरंगाबाद जिले की सीमा में संडा गांव के रास्ते प्रवेश करेगी बाइक सेवा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि बडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक बाइक से निकली सेवा यात्रा के माध्यम से देशवासियों के बीच शांति, सद्भाव, सेवा, विकास और विकसित भारत का संदेश पहुंचाया जा रहा है। यह यात्रा सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का काम करेगी। मंत्री श्रेयसी सिंह ने शनिवार को औरंगाबाद में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाइक सेवा यात्रा में 25 सदस्य शामिल हैं। यह यात्रा आगामी 5 अक्टूबर को औरंगाबाद जिले की सीमा पर अवस्थित संडा



गांव के रास्ते प्रवेश करेगी जहां उनका भव्य एवं व्यापक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा के औरंगाबाद पहुंचने पर भाजपा की बिहार इकाई के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जिले में विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस क्रम में बारून में स्वास्थ्य शिविर और महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जिले के प्रमुख चौक-चौराहों एवं अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि बाइक सेवा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर उन्होंने शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि सेवा यात्रियों के आगमन से लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जाएंगी ताकि यात्रा का उद्देश्य प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सके। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

C M Y K

# महिलाओं को परेशानी हुई तो थाने जाने की जरूरत नहीं, मौके पर पहुंचेगी 'पुलिस दीदी'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक विशेष पहल शुरू की गई है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में स्कूटी सवार 'पुलिस दीदी' की तैनाती की जा रही है। ये पुलिस दीदियां विशेष रूप से महिला कॉलेज, स्कूल, पार्क, अस्पताल, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पेट्रोलिंग कर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। छेड़खानी, पीछा करने, महिलाओं को परेशान करने या किसी अन्य आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस दीदियां तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में सहयोग करेंगी। अगस्त 2026 से शुरू की गई इस पहल के पहले चरण में 1,408 पुलिस दीदियों की टीम को विभिन्न जिलों में तैनात किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ जरूरत के समय उन्हें त्वरित पुलिस सहायता मुहैया कराना है। खासकर स्कूल, कॉलेज, महिला छात्रावास, अस्पताल और बाजार जैसे स्थानों पर इनकी नियमित मौजूदगी महिलाओं और बालिकाओं के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करेगी। पुलिस दीदी आशा कुमारी ने कहा कि बिहार के कर्मठ मुख्यमंत्री ने महिलाओं की रक्षा के लिए नया प्रारूप तैयार किया है जिससे महिलाओं को बाहर के साथ-साथ घर के भीतर भी किसी प्रकार का प्रताड़ना का सामना नहीं करना होगा। मुख्यमंत्री द्वारा महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया गया है। अब हमारे बिहार की महिलाओं के विकास की गति को नया रफ्तार प्रदान होगा। साथ ही शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य स्थलों पर महिला आजादी के साथ घुम सकेंगी। इस अभियान में शामिल राजधानी के पत्रकार नगर थाना में तैनात पुलिस दीदी एसआई अंकिता ने कहा कि थाना अंतर्गत महिला हॉस्टल, स्कूल, कॉलेज व पीजी में रहने वाली लड़कियों को सुरक्षा के साथ जागरूक भी किया जा रहा है। ताकि समस्या उत्पन्न होने पर थाने में जाने से अच्छा सीधे हमारे पास मदद के लिए आ सकें। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किये गये पुलिस दीदी अभियान से महिला सुरक्षा के साथ-साथ आत्मबल में भी वृद्धि होगी। साथ ही महिलाओं पर होने वाले जुर्म पर अब और तेजी से कार्रवाई किया जायेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर रक्षाबंधन के अवसर पर बीते अगस्त महीने में प्रदेश के सभी जिलों में 1,408 स्कूटी सवार 'पुलिस दीदियों' की नई टीम तैनात की गई है। महिला सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में शुरू की गई इस पहल के तहत पुलिस दीदियां महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा पुलिस सहायता और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी देंगी।

## निहार नेचुरल्स ने हेयर केयर के बदलते मायने को नए अंदाज में पेश किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** निहार नेचुरल्स का नया संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल बिहार की युवा महिलाओं की बदलती हेयर केयर आकांक्षाओं को दर्शाता है। नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ ब्रांड पोषण और खूबसूरत बालों की नई आकांक्षाओं को जोड़ता है। बिहार में नंबर 1 हेयर ऑयल ब्रांड के रूप में निहार नेचुरल्स माताओं और बेटियों की जरूरतों के लिए उपयुक्त है। बिहार के लिए जारी नई फिल्म काला टीका स्थानीय परंपरा से प्रेरित है। इसमें मां द्वारा बेटी को काला टीका लगाने की परंपरा के जरिए प्रेम और सुरक्षा की भावना को दिखाया गया है। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। बिहार के लिए तैयार यह अभियान स्थानीय परंपरा को आधुनिक हेयर ब्यूटी के नजरिए से प्रस्तुत करता है।

## रिटेल पॉइंट तक फ्रेट ऑन रोड के तहत उर्वरक पहुंचाएं कंपनियां : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में किसानों को उर्वरक की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने और बिक्री एवं वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए कृषि विभाग द्वारा एफएसएसएस एप के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित उर्वरक बिक्री व्यवस्था लागू की जा रही है। वर्तमान में राज्य के 26 जिलों में यह व्यवस्था लागू है जबकि शेष जिलों में 2 अक्टूबर से इसे लागू किया जाएगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था को लेकर किसानों के बीच भ्रम और अफवाह फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को ऐसी अफवाहों से घबराने की जरूरत नहीं है। अब तक 7.50 लाख से अधिक किसान क्यूआर कोड के माध्यम से उर्वरक खरीद चुके हैं। डिजिटल व्यवस्था से उर्वरक की बिक्री में पारदर्शिता आई है और किसानों को आईसीएआर के निर्धारित मानकों के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। एफएसएसएस एप पर बिक्री दर्ज होने से उर्वरक की वास्तविक खपत और वितरण की निगरानी संभव हो रही है। इसके परिणामस्वरूप राज्य में उर्वरक की खपत में लगभग 35 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इससे अनावश्यक खपत, कालाबाजारी और अनियमित बिक्री पर नियंत्रण के साथ उपलब्ध उर्वरक के बेहतर प्रबंधन में मदद मिल रही है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पूर्वी चम्पारण में करीब 1,000 बोरा अवैध उर्वरक मिलने की सूचना पर विशेष टीम गठित कर जांच के लिए भेजी गई है। जांच के बाद दोषी व्यक्तियों के साथ संलिप्त पाए जाने वाले पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। अवैध उर्वरक दुकानों और गोदामों की पहचान कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। ऐसी सूचना देने वालों को प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि सभी उर्वरक कंपनियों को फॉर के प्रावधानों का पालन करते हुए उर्वरक रीटेल पॉइंट तक पहुंचाना होगा। लापरवाही या नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर बिहार में कंपनी को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई के लिए भारत सरकार को भी इसकी सूचना दी जाएगी। जिलों के कृषि पदाधिकारियों को सही मात्रा और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा वितरण की लगातार निगरानी का निर्देश दिया गया है। अधिक मूल्य वसूली, उर्वरक उपलब्ध नहीं कराने या अन्य अनियमितता की शिकायत किसान हेल्पलाइन 1800-180-1551 और व्हाट्सऐप नंबर 7766085888 पर कर सकते हैं। किसानों से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने और अपुष्ट सूचना या अफवाह पर विश्वास नहीं करने की अपील की गई है।

## पंचायत सेवा संवर्ग की मांगों पर विभाग ने दिया विचार का आश्वासन

### सामूहिक अवकाश या हड़ताल का फैसला फिलहाल नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पंचायत सेवा संवर्ग (प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी) की नौ सूत्री मांगों को लेकर बिहार पंचायत सेवा संघ और पंचायती राज विभाग के बीच बुधवार को वार्ता हुई। विभाग के सचिव के साथ संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में संघ की सभी मांगों पर तत्काल विचार किए जाने का आश्वासन दिया गया। संघ ने मांगों पर सकारात्मक परिणाम आने तक सांकेतिक विरोध जारी रखने का निर्णय लिया है। संघ की ओर से अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर पंचायती राज विभाग को 8 सितंबर और पुनः 11 सितंबर 2026 को ज्ञापन दिया गया था। मांगों पर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए संघ के सदस्यों ने 14 और 15 सितंबर को काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद विभाग को सूचित करते हुए सांकेतिक विरोध को 21 सितंबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में विभाग ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। बैठक में विभाग के सचिव के समक्ष संघ ने अपनी मांगों को रखा। संघ के अनुसार विभाग की ओर से सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया और बातचीत के दौरान सकारात्मक रुख अपनाया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सामूहिक अवकाश या हड़ताल पर जाने का निर्णय नहीं लिया गया है। यदि भविष्य में ऐसी स्थिति बनती है तो उससे पहले विभाग के साथ पुनः वार्ता की जाएगी। संघ के अनुसार अब आगे की कार्रवाई विभाग के स्तर से होने वाले निर्णय पर निर्भर करेगी। बिहार पंचायत सेवा संघ ने कहा कि मांगों को लेकर सांकेतिक विरोध के बावजूद बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में पंचायत सेवा संवर्ग की भागीदारी जारी रहेगी। संघ के सदस्य मिशन कायाकल्प, सेवा संकल्प, विकास दिवस और सहयोग शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने किया ऐतिहासिक रोबेन आइलैंड का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना /केपटाउन।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में समुद्र के बीच स्थित ऐतिहासिक रोबेन आइलैंड जेल का भ्रमण किया। यह वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति और रंगभेद विरोधी आंदोलन के प्रमुख नेता नेल्सन मंडेला ने लगभग 18 वर्ष कैद में बिताए थे। रोबेन आइलैंड पहुंचकर डॉ. प्रेम कुमार ने जेल परिसर और उससे जुड़े ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचकर स्वतंत्रता, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए किए गए लंबे संघर्ष के इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि रोबेन आइलैंड का भ्रमण इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय से रूबरू कराने वाला अनुभव रहा। यह स्थल संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की ऐतिहासिक गाथा को सामने लाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रोबेन आइलैंड की यात्रा ने स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए किए गए संघर्ष के इतिहास को समझने का अवसर दिया। दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन स्थित यह ऐतिहासिक स्थल आज भी उस दौर के संघर्ष और लोकतांत्रिक परिवर्तन की स्मृतियों को संजोए हुए है।

## बी. डी. कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न, 130 लोग हुए लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंगीभूत संस्थान बी. डी. कॉलेज, पटना में शनिवार को सेहत केंद्र एवं सामाजिक संस्था 'उत्कर्ष एक पहल' के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन, सेहत केंद्र की समन्वयक डॉ. स्वर्णा कुमार (सहायक प्राध्यापक) के संयोजन तथा 'उत्कर्ष एक पहल' के सचिव अमित कुमार के सहयोग से आयोजित हुआ।

शिविर का विधिवत उद्घाटन प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद, संस्था के सचिव अमित कुमार एवं आमंत्रित चिकित्सक दल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है। महाविद्यालय प्रशासन भविष्य में भी ऐसे जन-कल्याणकारी शिविर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य शिविर में शहर के नामचीन अस्पतालों के अनुभवी चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें मुख्य रूप से डॉ. विनोद कुमार वर्मा, मेदांता हॉस्पिटल, पटना, डॉ. शुभम ठाकुर, (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. खुशबू फातिमा, वरिष्ठ क्लिनिकल डाइटिशियन (आहार एवं पोषण विशेषज्ञ) डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव, एएसजी आई हॉस्पिटल, पटना शामिल थे।

## गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में धूमधाम से मनी राधा अष्टमी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में राधा अष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने मां राधा रानी का विधिवत पूजन, अभिषेक एवं आरती संपन्न कर प्रार्थना की कि राधा रानी सभी लोगों पर अपनी कृपा और दया बनाए रखें। सर्वप्रथम प्रो. नंदन ने ठाकुरबाड़ी में मां राधा की प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक अभिषेक किया, उसके बाद फूल-मालाओं से श्रृंगार कर आरती की। पूजन के बाद प्रो. नंदन ने कहा कि राधा अष्टमी मां राधा जी का प्राकट्य दिवस है। आज के दिन मां राधा जी के पूजन एवं आरती से भगवान विष्णु का विशेष अनुग्रह प्राप्त होता है।

## 30 नवंबर तक बदलेंगी बिहार के पंचायतों की तस्वीर, सीएम सम्राट चौधरी ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ किया। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कायाकल्प पोर्टल भी लॉन्च किया। इस पोर्टल के जरिए राज्य में चल रही योजनाओं की निगरानी आसान होगी और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एच आर श्रीनिवास ने प्रस्तुतीकरण के जरिए कायाकल्प पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोर्टल से योजनाओं की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग आसान होगी। इससे यह पता चल सकेगा कि कौन सा काम कितना पूरा हुआ है और कौन से काम अभी बाकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक सुविधाओं और सरकारी परिसंपत्तियों को बेहतर और साफ-सुथरा बनाना है। इसके साथ ही जरूरत के हिसाब से नई सुविधाएं और बुनियादी ढांचा तैयार करना भी अभियान का हिस्सा है। अभियान के दो मुख्य हिस्से हैं। पहले हिस्से में पहले से मौजूद परिसंपत्तियों का सुधार, मरम्मत और मजबूती का काम किया जाएगा। इसे हर हाल में 30 नवंबर तक पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा, 'कोशिश हो कि ये काम दीपावली से पहले ही पूरे कर लिए जाएं।' दूसरे हिस्से में नई सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। इसे 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम किया जाए। छोटी-छोटी जरूरतों पर भी ध्यान दिया जाए और उनका सही तरीके से काम कराया जाए। पंचायत विकास दिवस के कार्यक्रमों में भी इस अभियान के कामों को शामिल कर बेहतर तरीके से पूरा किया जाए।' मुख्यमंत्री ने कहा 'कायाकल्प पोर्टल पर सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान से जुड़े विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध रहेगी।' इसमें ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पंचायती राज, नगर विकास एवं आवास और शिक्षा विभाग शामिल हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इसमें योजनाओं की प्रगति, अब तक हुए काम और पूरी हो चुकी योजनाओं की जानकारी दर्ज होगी।

## श्री राधा कुंज बिहारी मठ द्वारा श्री राधा अष्टमी महोत्सव सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्री राधा कुंज बिहारी मठ द्वारा श्री राधा अष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन वेंकट हॉल, श्री रानी सती दादी मंदिर, पटना में अत्यंत श्रद्धा एवं वैभव के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिव्य महोत्सव में लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्री श्री राधा कुंज बिहारी जी के अभिषेक, आरती, कथा एवं महाप्रसाद का लाभ प्राप्त किया। महोत्सव के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी तथा पीरपैंती के विधायक मुरारी पासवान रहे। दोनों अतिथियों ने श्री श्री राधा कुंज बिहारी जी का वैदिक विधि-विधान से अभिषेक किया। आरती में सहभागिता की तथा परमपूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज जी के श्रीचरणों में प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके श्रीमुख से श्रीमती राधारानी की दिव्य प्राकट्य लीला का श्रवण किया। श्री श्री राधा कुंज बिहारी जी का महाअभिषेक दूध, दही, शुद्ध घी, शहद, गंगाजल तथा अनेक प्रकार के पवित्र फलों के रस से वैदिक मंत्रोच्चार एवं हरिनाम संकीर्तन के मध्य सम्पन्न हुआ।

## हाथों से सीखा विज्ञान, रोबोटों से दिखाई प्रतिभा : इन्नोफेस्ट में बच्चों ने रचा नवाचार का संसार

### स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में दो दिवसीय विज्ञान एवं नवाचार महोत्सव का शानदार समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/दानापुर।** विज्ञान जब किताबों से निकलकर बच्चों के हाथों में आता है तो प्रयोग केवल सीखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि सृजन का एक अनूठा अवसर बन जाता है। दानापुर स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान एवं नवाचार महोत्सव 'इन्नोफेस्ट' के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने अपने बनाए विज्ञान मॉडल, सजीव प्रयोगों और रोबोटिक्स परियोजनाओं के माध्यम से इसी सोच को जीवंत कर दिया। एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने 'लर्निंग बाय डूइंग' (बनाकर सीखने) की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा 'अपने हाथों से बनाई गई कार की रेस का आनंद ही कुछ और होता है। बच्चों को प्रारंभ से ही विज्ञान के साथ तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाना चाहिए।' उन्होंने बताया कि स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं का उपयोग शिक्षण और खेल-सामग्री के रूप में भी किया जाता है जिससे उनमें व्यावहारिक समझ विकसित होती है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने कहा कि इन्नोफेस्ट जैसे आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार और प्रयोगशीलता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर आयोजित होने चाहिए। अपने विचारों को मॉडलों के रूप में अभिव्यक्त करने से बच्चों की वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास, दोनों मजबूत होते हैं। शिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों को केवल तकनीक का उपयोग करना नहीं सिखातीं, बल्कि उन्हें समस्याओं की पहचान करने, समाधान खोजने और असफलता से सीखकर आगे बढ़ने का भी अवसर देती हैं।

## असंगठित कामगारों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई को मजबूत करेगी कांग्रेस : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ उदित राज, पूर्व सांसद ने आज संयुक्त रूप से पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नगर निगम से लेकर विभिन्न विभागों और संस्थानों में काम करने वाले लाखों कर्मचारी आज अनेक समस्याओं और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वेतन, रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियों और श्रम अधिकारों से जुड़े सवाल लगातार हमारे सामने हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। ये कर्मचारी और श्रमिक दिन-रात मेहनत कर शहरों और समाज की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में अपनी भूमिका निभाते हैं।

## मुंबई में चर्चित मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा के हाथों सम्मानित होंगे डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**वैशाली/पटना।** शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. आनंद रंजन झा को मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 27 सितंबर 2026 को मुंबई के कोहिनूर कॉन्टिनेंटल होटल, अंधेरी ईस्ट में आयोजित होगा। कार्यक्रम में चर्चित मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा के हाथों डॉ. आनंद रंजन झा को सम्मान प्रदान किया जाएगा। डॉ. आनंद रंजन झा कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के डायरेक्टर/फाउंडर हैं। वे पिछले करीब 20 वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास तथा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान की घोषणा से कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के सदस्यों, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि डॉ. आनंद रंजन झा को इससे पूर्व भी विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर कई जानी-मानी हस्तियों के हाथों सम्मानित किया जा चुका है। इनमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, स्नेहा उल्लाल, महिमा चौधरी, ईशा देओल, महान गणितज्ञ के.सी. सिन्हा, चर्चित आईपीएस विकास वैभव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हैं। इसके साथ ही डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा भी विभिन्न बड़े मंचों पर छात्र-छात्राओं, व्यवसायियों, शिक्षकों एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता रहा है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'यह सम्मान मेरे लिए गर्व का विषय है। शिक्षा और प्रेरणा जीवन को नई दिशा देने के साथ-साथ बहुत कुछ सिखाती है।

## बिहार की चार हस्तियों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार की चार फिल्मी हस्तियों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बिहार के लिए 72वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह खास होने जा रहा है। बिहार से जुड़ी चार फिल्मी हस्तियों अभिनेता संजय मिश्रा, निर्देशक कमलेश के. मिश्र, निर्माता मिंटी मिश्रा और फिल्म समीक्षक संजीव श्रीवास्तव को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 सितंबर को गुजरात के एकता नगर (केवाड़िया) में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। दरभंगा निवासी अभिनेता संजय मिश्रा को फिल्म 'भक्षक' में बेहतरीन अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का रजत कमल प्रदान किया जाएगा। 'भक्षक' की कहानी चर्चित मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड से प्रेरित है। गोपालगंज निवासी निर्देशक कमलेश के. मिश्र और निर्माता मिंटी मिश्रा को फिल्म 'काकोरी' के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनीपरक/ ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/ संकलन फिल्म का रजत कमल प्रदान किया जाएगा।

देशभक्ति पर आधारित यह फिल्म 1925 के ऐतिहासिक 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के शताब्दी वर्ष पर काकोरी के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित है। फिल्म में काकोरी की ऐतिहासिक घटना और उससे जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य, संकल्प और उनके अमिट योगदान को रेखांकित किया गया है।

# मां जानकी की जन्मभूमि पुनौराधाम का होगा कायाकल्प

### काष्ठ मंडप में विराजी मां जानकी, भव्य मंदिर के पिलर-फाउंडेशन और परकोटा निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** माता जानकी की जन्मभूमि पुनौराधाम में भव्य मंदिर के निर्माण के साथ पूरे धाम के कायाकल्प की कवायद तेजी से मूर्तरूप लेने लगी है। भव्य मंदिर के निर्माण तक श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए परिसर में नवनिर्मित अस्थायी काष्ठ मंडप तैयार कर उसमें भगवान श्रीराम एवं माता सीता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं दूसरी ओर प्रस्तावित भव्य मंदिर और परिसर के विभिन्न हिस्सों में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में विभिन्न भवनों के पिलर निर्माण, मंदिर के परकोटा निर्माण और फाउंडेशन तैयार करने का काम जारी है। निर्माण कार्य की सुविधा के लिए पहुंच पथ के रूप में मिट्टी सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है। भव्य मंदिर को 31 दिसंबर 2028 तक पूरा कर मां जानकी को नवनिर्मित मंदिर में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर के निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और नियमित पूजा-अर्चना में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए अस्थायी काष्ठ मंडप को तैयार किया गया है। अगस्त 2026 में इसी मंडप में भगवान श्रीराम एवं माता सीता की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। अब निर्माण कार्य के समानांतर इस मंडप में धार्मिक गतिविधियां जारी रहेंगी। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन की सुविधा मिलती रहेगी और मंदिर निर्माण का कार्य भी निर्धारित योजना के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकेगा। पुनौराधाम के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी भव्य मंदिर एवं उससे जुड़े भवनों का निर्माण है। मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न प्रस्तावित भवनों के पिलर निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर परिसर के परकोटा यानी चहारदीवारी के निर्माण और फाउंडेशन तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है। निर्माण स्थल तक आवागमन और कार्य में सुविधा के लिए पहुंच पथ के रूप में मिट्टी सड़क भी तैयार की जा रही है। इससे परियोजना के प्रारंभिक निर्माण कार्यों को गति मिलने लगी है। परियोजना को जमीन पर उतारने से पहले आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं को भी पूरा किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार मिट्टी परीक्षण और सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना क्षेत्र से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। परियोजना क्षेत्र में मौजूद कुछ परिसंपत्तियों के ध्वस्तीकरण का कार्य भी पूरा किया जा चुका है जिससे प्रस्तावित निर्माण के लिए स्थल को तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। पुनौराधाम का विकास केवल भव्य मंदिर के निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर को मिला प्रशंसनीय पुरस्कार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** नवी मुंबई में आयोजित छठवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन-2026 के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर को प्रशंसनीय श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह सम्मान सविता गेडाम, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, हाजीपुर ने प्राप्त किया। उनके साथ विशेष रुप से केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर के सदस्य सचिव भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हाजीपुर नगर के सभी केंद्र सरकार के कार्यालय/उपक्रम/बैंक आदि इसके सदस्य कार्यालय हैं जबकि पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक इसके पदेन अध्यक्ष हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राजभाषा के प्रचार-प्रसार को समन्वित रूप से गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण समिति होती है। गौरतलब है कि नवी मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में देश भर में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिवों/वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

CMYK

# विश्वकर्मा पूजा जुलूस में सड़क हादसा, दो की मौत, चार घायल

## ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर के बाद सड़क जाम, परिजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** अमझोर थाना क्षेत्र के रामडिहरा स्टेशन गांव में विश्वकर्मा पूजा के प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान शुक्रवार शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। रामडिहरा रोड पर जुलूस में शामिल ट्रैक्टर-ट्रेलर और एक डंपर/ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में अजीत कुमार (25 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि चार घायल युवकों का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है जिनमें एक की स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है।



घायलों में प्रारंभिक रूप से रौशन कुमार (30 वर्ष), राम जी राम, खुशहाल शर्मा (12 वर्ष) और अरविंद कुमार (28 वर्ष) के नाम सामने आए हैं। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने तथा जाम हटाने का प्रयास शुरू किया। वहीं हादसे में आशीष कुमार (12 वर्ष) के भी मृत होने की सूचना सामने आई है। हालांकि मृतकों की कुल संख्या और सभी घायलों की स्थिति को लेकर पुलिस की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। शव के साथ ग्रामीणों ने सड़क जाम की और आगजनी किया। वहीं मौके पर उपस्थित एसडीएम निलेश कुमार ने 4 लाख की राशि चेक एवं नौकरी के लिए सांत्वना देकर जाम को हटवाया गया। विश्वकर्मा पूजा के उत्सव के बीच हुए इस दर्दनाक हादसे से इलाके में मातम पसरा हुआ है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। वहीं दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## कानपुर से मजदूरों को लेने आए दो लोगों का अपहरण, कैमूर से एक सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नौहट्टा थाना क्षेत्र में मजदूरों को गुजरात ले जाने के लिए कानपुर से आए लेबर सुपरवाइजर और उसके स्थानीय सहयोगी के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लेबर सुपरवाइजर विवेक अवस्थी को कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। मामले के मुख्य आरोपी विजय उरांव को गिरफ्तार किया गया है। साइबर डीएसपी गौरव यादव ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 18 सितंबर की शाम करीब चार बजे सूचना मिली कि गुजरात में लेबर सुपरवाइजर के रूप में काम करने वाले कानपुर निवासी विवेक अवस्थी रोहतास से मजदूरों को गुजरात ले जाने आए थे।

## महिला सिपाही का शव पहुंचते ही इलाका गमगीन

### समस्तीपुर में तैनात थी चेनारी की बेटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के नरौरा गांव निवासी महिला पुलिस की जवान मालती कुमारी उम्र 32 वर्ष का शव जैसे ही शनिवार की सुबह 3 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचा पूरा गांव में कोहराम मच गया। आसपास के लोग भी शव पहुंचते ही पहुंच गए। सभी लोग अपने बेटी के एक झलक पाने के लिए बेताब थे। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव निवासी सीताराम यादव की पुत्री की शादी वर्ष 2014 में नरौरा गांव निवासी ललिता यादव के पुत्र रवि कुमार यादव के साथ हुई थी। 2015 में जांबाज बेटी ने नहर के किनारे दौड़ लगाकर बिहार पुलिस में भर्ती हुई थी जो समस्तीपुर जिले में पुलिस लाइन में तैनात थी। काफी दिनों तक विभिन्न थाने में कंप्यूटर ऑपरेटर और मुंशी का कार्य में सहयोग किया करती थी। अचानक 18 सितंबर की सुबह पेट में तेज दर्द होने के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक महिला सिपाही वहां निजी रूम लेकर अपने दो बेटा आयुष अंकुश और वृद्ध माता के साथ रहती थी। पति दोनों जगह आया जाया करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मृतक महिला सिपाही के दरवाजे पर पहुंचकर सांत्वना दे रहे थे। सुबह में समस्तीपुर पुलिस द्वारा शव गांव में पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह बीएमपी के जवान के साथ पहुंचे जहां तिरंगे में लिपटी महिला सिपाही सलामी दी गई और उसके बाद पैतृक गांव में ही दाह संस्कार की गई।

# योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा का रोहतास में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला (रोहतास)।** योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा शनिवार को रोहतास जिले के दौरे पर पहुंचे। आयर कोठा बाजार, अर्जुन बिगहा मोड़ और दरिहट बाजार बलभद्रपुर में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने राजद द्वारा जदयू को साथ लेकर सरकार बनाने के ऑफर पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ही रहेंगे, इस तरह के ऑफर आते रहते हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दीया जलाने को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा कि ऐसी छोटी-मोटी बातें और विवाद होते



रहते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मंत्री श्री कुशवाहा ने अपने आज के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वे रोहतास भ्रमण के दौरान तिलौथू स्थित प्रसिद्ध आनंद कुटी धाम जाएंगे, इसके बाद अलीनगर में सामाजिक गीतों के लिए चर्चित सलोनी कुमारी के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। इसके अलावा वे जिले के अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। स्वागत समारोह के अवसर पर जिला परिषद सदस्य नथुनी राम, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार उर्फ गुड्डू, सरपंच प्रतिनिधि मिट्ठू सिंह, डॉ. जैन वर्मा, अनीता देवी, मुनमुन पासवान, टिंकू सोनी, उप मुखिया आशु कुमार पासवान, प्रमोद कुमार, राजेश पांडे, चंदन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दीपशिखा एकेडमी में नि:शुल्क शिक्षा की शुरुआत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कटार बालू घाट के पास दीपशिखा एकेडमी में निःशुल्क शिक्षा की शुरुआत राजद नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वो दीपशिखा है जो अंधेरे को मिटाती है। आज भी हमारे समाज में कई ऐसे गरीब परिवार हैं जो पैसे के अभाव में अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पाते। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हमने यह संकल्प लिया है कि इस एकेडमी में हर गरीब, असहाय और जरूरतमंद बच्चे को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। किताब, ज्ञान और संस्कार ये तीनों हम बिना किसी भेदभाव के देंगे। कहा कि शिक्षा से ही हमारा समाज बदलेगा, हमारा रोहतास बदलेगा, हमारा बिहार बदलेगा। बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। आज उसी राह पर हमें चलना है। उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई देते कहा कि इस नेक काम की शुरुआत की है और मैं हर कदम पर आपके साथ हूं। विद्यालय के व्यवस्थापक सेवानिवृत प्रधानाध्यापक शमीम अहमद ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

## महिलाओं के सशक्तिकरण का जरिया बनेगी समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** सूरज महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा शनिवार को बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन में की गई। वार्षिक आम सभा हुई जिसका उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चेनारी प्रियंका कुमारी, समिति की अध्यक्ष एकमी देवी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनुज गुप्ता, प्रशिक्षण पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं प्रबंधक आइबीसीबी उत्पलकांत ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसमें 12 ग्राम पंचायतों के 40 राजस्व गांवों से लगभग 500 महिला सदस्य शामिल हुईं। जीविका समिति की अध्यक्ष ने कहा कि गरीब महिलाओं को एक साथ जोड़कर उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत सूरज महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. चेनारी बन रहा है। समिति ने अपने गठन से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक 10060230 रुपए की कार्यशील पूंजी का विविध मदों में प्राप्ति



भुगतान करते हुए 173 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रखंड के 1930 परिवारों को जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन भी परिलछित करने में सहयोग दिया है। प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनुज गुप्ता ने कहा कि बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के अंतर्गत निबंधित होने के नौ वर्ष के अंदर ही समिति के कार्य क्षेत्र में 4507 परिवार की महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है। प्रबंधक आईबीसीबी उत्पलकांत द्वारा वार्षिक आम सभा के बारे में विस्तार से बताया गया एवं इस समिति में छूटे हुए सदस्यों को अगले वित्तीय वर्ष में जोड़ने का आवाहन किया गया। समिति की सचिव गुजरावती देवी व कोषाध्यक्ष उषा देवी ने पिछले वित्तीय वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन, अंकेक्षण रिपोर्ट, सदस्यों को हिस्सा प्रमाण पत्र अनुमोदन, निदेशक मंडल के निर्वाचन पर विचार व आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना आदि मुख्य एजेंडों के रूप में प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष ने समिति से जुड़े सभी कैडरों जिसमें 22 जीविका मित्र, 03 बुक कीपर, 01 सी एफ, क्लस्टर कॉर्डिनेटर जितेन्द्र पाठक एवं 01 एमबीके शामिल हैं। सभी को अपनी गुणवतापूर्ण सेवाएं प्रदान करते हुए दीदियों को प्रगति पथ पर लगातार अग्रसर रखने में सहयोग की अपेक्षा की।

## भरण-पोषण मामलों की सुनवाई, एसडीएम ने दिया निष्पक्ष निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में भरण-पोषण से संबंधित मामलों की नियमित सुनवाई आयोजित की गई जिसमें संबंधित पक्षकार व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों, दलीलों और अभ्यावेदनों को गंभीरतापूर्वक और ध्यानपूर्वक सुना गया तथा मामलों से जुड़े उपलब्ध अभिलेखों, दस्तावेजों और साक्ष्यों का गहन अवलोकन किया गया जिसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पक्षकारों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि भरण-पोषण से संबंधित सभी मामलों में प्रत्येक पक्ष को अपना पक्ष रखने का पूरा और समुचित अवसर दिया जाएगा और पूरी सुनवाई प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और नियमानुकूल तरीके से संपन्न कराया जाएगा। ताकि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो और पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल सके। साथ ही उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मियों और संबंधित पदाधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिया कि भरण-पोषण से जुड़े सभी लंबित मामलों में आवश्यक अभिलेख, प्रतिवेदन और जांच रिपोर्ट को निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही न बरती जाए जिससे प्रकरणों के त्वरित निष्पादन में बाधा उत्पन्न हो।

### भलुनी धाम के विकास हेतु डीएम-एसडीएम और विधायक का संयुक्त निरीक्षण

# छठ-दुर्गा पूजा पर सुविधाएं बढ़ाने का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध भलुनी धाम में शनिवार को जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार और स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मंदिर परिसर का गहन स्थलीय निरीक्षण किया जिस दौरान जिलाधिकारी के अचानक पहुंचने पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। हालांकि प्रशासन ने इसे औपचारिक यात्रा बताया। निरीक्षण की शुरुआत में जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में मां लक्ष्मी-भवानी का विधिवत दर्शन-



पूजन किया और उसके बाद मंदिर से सटे ऐतिहासिक सरोवर में तैर रही मछलियों का अवलोकन किया तथा परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने धाम के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर अपनी मांगें रखीं जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक रुख दिखाया। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि आगामी दुर्गा पूजा और छठ महापर्व पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में पर्याप्त लाइटिंग, स्वच्छ पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, सुगम आवागमन के लिए रास्तों की मरम्मत और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने सरोवर के सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई की योजना पर विचार करने और संबंधित विभागों को प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार कर प्रशासनिक व तकनीकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। वहीं मंदिर के सामने स्थित वन विभाग की भूमि और वहां रहने वाले बंदरों सहित अन्य वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर भी चर्चा हुई जिस पर लोगों ने वन्य जीवों की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा में संतुलन बनाने की मांग की।

## संत विज्ञान देव जी महाराज का आज कटार आश्रम में होगा आगमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विहंगम योग संत समाज के 103वें वार्षिकोत्सव 'समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव' के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा के तहत संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का रविवार,20 सितंबर को डिहरी आगमन होगा। संत प्रवर का शाम पांच बजे महर्षि सदाफल देव आश्रम, कटार के प्रांगण में पावन पदार्पण होगा। इस दौरान डिहरी अनुमंडल के हजारों भक्त-शिष्य एवं श्रद्धालु उनके दर्शन, दिव्यवाणी एवं सान्निध्य का लाभ लेंगे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर सत्संग एवं साधना का लाभ उठाने की अपील की है।

## हर थाने में सीडब्लूपीओ का नाम व मोबाइल नंबर हो प्रदर्शित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के दस वर्ष पूरे होने पर बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने बिहार के सभी पुलिस थानों में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी का नाम, पदनाम और मोबाइल अथवा आधिकारिक संपर्क नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों को संबंधित अधिकारी तक आसानी से पहुंच उपलब्ध होनी चाहिए। उपाध्याय ने कहा कि बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो, बाल अधिकार और बाल-मित्रवत पुलिसिंग का नियमित प्रशिक्षण दिया जाए।


### शपथ-पत्र

मैं अनिता कुमारी पति राहुल कुमार, ग्राम+पोस्ट-कोइलवां थाना-हसपुरा जिला-औरंगाबाद (बिहार) की निवासी हूं।
शपथ पत्र संख्या-1040 दिनांक-14.9.2026 से घोषणा करती हूं कि अदिति शर्मा मेरी पुत्री है। इसका नामांकन डीएवी पब्लिक स्कूल, दाउदनगर में कक्षा-VIII में हुआ था। विद्यालय के रजिस्टर में मेरी पुत्री की मां का नाम अनिता शर्मा दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिता कुमारी है और आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में अनिता कुमारी दर्ज है। विद्यालय के रिकार्ड में मेरी पुत्री अदिति शर्मा की माता के नाम में परिवर्तन कर अनिता कुमारी करने के लिए यह शपथ पत्र दाखिल कर रही हूं।


# प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन की बैठक, शिक्षा व अग्नि सुरक्षा पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल स्तरीय शनिवार को प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन, बिक्रमगंज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. अय्यूब खान ने की। बैठक में मुख्य रूप से अग्निशमन पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा और बीआरसी के ऑपरेटर चंदन मिश्रा ने भाग लेकर निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। अग्निशमन पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए अग्निशमन उपकरणों की अनिवार्य उपलब्धता, उनके सही संचालन, रखरखाव और आपातकालीन स्थिति में विद्यार्थियों व शिक्षकों के सुरक्षित बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी विद्यालयों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, नियमित जांच और मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिया। वहीं बीआरसी ऑपरेटर चंदन मिश्रा ने शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर डेटा अपडेट करने की प्रक्रिया समझाई और पोर्टल पर आने वाली तकनीकी समस्याओं व डेटा एंट्री की परेशानियों के समाधान के तरीके बताए। बैठक में शिक्षकों का प्रशस्त एप 2.0 पर पंजीकरण, सभी विद्यार्थियों की अपार आइडी बनाने, यू डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों के आधार अपडेट, नशा मुक्त विद्यालय पोर्टल पर पंजीयन और इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सहित कई अहम मुद्दों पर गहन चर्चा हुई जिसमें संचालकों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। अध्यक्ष मो. अय्यूब खान ने कहा कि सभी निजी विद्यालयों को सरकार व शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यार्थियों की शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए और एसोसिएशन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय पर स्थित लगभग सभी निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

## नगर परिषद में विलय नहीं करने को लेकर ग्रामीण मंत्री से मिले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** डिहरी नगर परिषद के प्रस्तावित विस्तार में बेरकप पंचायत को शामिल करने कापंचायत के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। इसको लेकर बेरकप पंचायत के उपमुखिया गुप्तेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पटना में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अपने लेटर पैड पर लिखित आवेदन सौंपा। उपमुखिया ने कहा कि बेरकप पंचायत पूरी तरह से कृषि प्रधान पंचायत है। यहां के 80 से 90 प्रतिशत लोग खेती-किसानी और पशुपालन पर ही आश्रित हैं। पंचायत में आज भी गांव जैसा माहौल है, शहरी सुविधाओं से इसका कोई लेना-देना नहीं है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि यदि पंचायत को जबरन नगर परिषद में जोड़ा गया तो किसानों पर होल्डिंग टैक्स, नक्शा पास कराने जैसी कई तरह की अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ जाएगी, जो उनके हित में नहीं होगा। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रभावित होगा। मामले को गंभीरता से सुनते हुए पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ग्रामीण परिवेश वाली पंचायत को नगर परिषद में नहीं जोड़ा जाएगा।

## हथियार के बल पर नाबालिग से दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के लाला मुहल्ला में सोलह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हथियार के बल पर दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसे लेकर पीड़िता की मां ने बिक्रमगंज थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार यह घटना 16 सितंबर की मध्य रात्रि की है जब वह अपनी बेटी के साथ घर में सोई हुई थी। इसी दौरान चार की संख्या में हथियारबंद बदमाश छत की सीढ़ी के रास्ते घर में घुस गए और घर में घुसते ही तीन बदमाशों ने मां को पिस्टल के बल पर एक कमरे में बंधक बना लिया जबकि एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ पिस्टल दिखाकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।


### खोया-पाया

यह सूचना सार्वजनिक को सूचित करने के लिए है कि दस्तावेज संख्या-14839, दिनांक-08/12/2017 को निबंधन कार्यालय औरंगाबाद (बिहार) में शांति देवी, पति-सुरेन्द्र सिंह द्वारा सत्येन्द्र नारायण सिंह के पक्ष में पंजीकृत हुई थी जिसका कुल रकबा 1.311 डि. संपत्ति के संबंध में बनाया गया था जिसका थाना नं.-420, खाता नं.-92, प्लॉट नं.-561 है जो मौजा-अब्दुलपुर अंचल-रफीगंज (औरंगाबाद) बिहार में स्थित है। यह दस्तावेज केवाला दस्तावेज संख्या 2184 दिनांक-07/02/2023 की श्रृखंला दस्तावेज है।
दूसरा दस्तावेज संख्या-5120, दिनांक - 03/06/1999 को निबंधन कार्यालय औरंगाबाद (बिहार) में मोसमात फुलमती कुंवर द्वारा अजय कुमार गुप्ता एवं अजीत कुमार गुप्ता के पक्ष में पंजीकृत हुई थी जिसका कुल रकबा 3.125 डि. संपत्ति के संबंध में बनाया गया था जिसका थाना नं.-420, खाता नं.-92,98 प्लॉट नं.-561, 562 है जो मौजा-अब्दुलपुर, अंचल- रफीगंज (औरंगाबाद) बिहार में स्थित है। यह दस्तावेज केवाला दस्तावेज संख्या - 10352, दिनांक - 11/08/2005 की श्रृंखला दास्तावेज है। उपरोक्त वर्णित दोनों केवाला की मूलप्रति रफीगंज बजार में फोटोकॉपी कराने हेतु जाने के क्रम में दिनांक- 12/09/2026 को कहीं खो गया है। उपरोक्त वर्णित दोनों केवाला दस्तावेज में वर्णित संपत्ति को मेसर्स चोलामण्डलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेन्स कंपनी लिमिटेड को गिरवी रखने की प्रक्रिया में है।
यदि किसी ने उक्त विलेख पाया है तो कृपया निम्नलिखित संपर्क विवरण पर सूचित करें और साथ ही इस लेन-देन में रुचि रखने वाले सभी पक्षों या जो संपति के खिलाफ दावा करना चाहते हैं, वैसे तमाम लोगों से अनुरोध है कि प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

**सूर्य प्रकाश शर्मा**
**लॉमाइंड एसोसिएट्स**
**फ्लैट नं. - 206, 2nd फ्लोर**
**शोभा अपार्टमेंट, शुर्भजीत पथ,**
**बोरिंग रोड, पटना, पिन-800001,**
**मो. नं.- 7004217170**


# पीएम सूर्य घर योजना को लेकर सोलर सेवा सेतु कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को गति देने और अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में सोलर सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। आम लोगों को योजना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जन-जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में शनिवार को पीएम सूर्य घर सहायता केंद्र और स्टॉल स्थापित किए गए। इन केंद्रों पर इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मोबाइल ऐप और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। कैंप में विद्युत विभाग के नोडल पदाधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, अधिकृत रूफटॉप सोलर विक्रेताओं और अन्य संबंधित प्रतिनिधियों ने उपभोक्ताओं को ऋण सुविधा, अनुदान राशि, अधिकृत विक्रेताओं की सूची, सोलर पैनल स्थापना की प्रक्रिया, अनुमानित लागत और आवेदन की पूरी जानकारी दी तथा हर शंका का समाधान किया। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बड़ी सब्सिडी का लाभ मिल रहा है जिसमें 1 किलोवाट रूफटॉप सोलर पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कुल 40 हजार रुपये तक, 2 किलोवाट पर 80 हजार रुपये तक और 3 किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता पर 98 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा पात्र उपभोक्ताओं को आसान किस्तों पर बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी सोलर सेवा सेतु कैंप में पहुंचकर योजना की पूरी जानकारी प्राप्त करें और रूफटॉप सोलर अपनाने की दिशा में पहल करें क्योंकि इस कैंप के माध्यम से एक ही स्थान पर जानकारी, आवेदन और मार्गदर्शन की सुविधा दी जा रही है। इसलिए जिले के सभी इच्छुक परिवार इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा बिजली बिल में बचत की दिशा में अपना योगदान दें।


### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं.-41 ऑफ 2026-27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीक दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.**-47-डीडीयू-मं.इंजी.-मुख्यालय-26-27 **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में अधिकारी विश्राम गृह, कावेरी, कृष्णा, गोदावरी और सोनभवन आदि का सुधार। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 14648252.70 **3. धरोहर राशि:** रू. 293000.00 **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 09.10.2026 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। **मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/0937/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26-27/32



### पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 15.09.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-174-26-27; कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नैहाटी, कल्याणी एवं कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशनों में बचे हुए उन्नयन कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 4,03,89,661.44; **ईएमडी:** रु. 8,07,800; **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 08.10.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-227/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# आत्महत्या रोकथाम दिवस पर इनर व्हील क्लब नवादा ने निकाली जागरूकता रैली




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर इनर व्हील क्लब नवादा की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को जीवन के महत्व और मानसिक परेशानी से जूझ रहे लोगों के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया गया। क्लब की महिलाओं ने कहा कि आत्महत्या एक गंभीर सामाजिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है और इसकी रोकथाम के लिए परिवार, समाज तथा संस्थाओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

रैली में प्रेसिडेंट रेखा रानी, सेक्रेटरी पुष्पा कुमारी, एडिटर जय लक्ष्मी सिन्हा, सावित्री बरनवाल, रजनी कुमारी, अपराजिता सेन गुप्ता, संजय कुमार, चंचल बाला, लतिका कुमारी, सीमा कुमारी, सबिता कुमारी, कंचन बाला, वीणा रानी और रश्मि प्रियंका सहित क्लब की अन्य सदस्य शामिल हुईं।

क्लब सदस्यों ने कहा कि जिंदगी भगवान की अनमोल देन है, इसे निराशा के क्षणों में खोना नहीं चाहिए। जीवन में कठिन परिस्थितियां और परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति को अकेला छोड़ने के बजाय उसका साथ देना जरूरी है। ऐसे व्यक्ति की बातों को प्यार, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी परेशान व्यक्ति का मजाक उड़ाने, उसकी भावनाओं को नजरअंदाज करने या उसे कमजोर समझने के बजाय उसकी मदद करनी चाहिए।

रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिंदगी जीने और संघर्ष करने के लिए है, हार मानने के लिए नहीं। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना और समय रहते सहायता लेना रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्लब सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों की भावनाओं को समझें, जरूरत के समय उनका साथ दें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहयोग करें।

# स्कूटी से शराब तस्करी करते वैशाली के दो युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने स्कूटी से शराब तस्करी के मामले में वैशाली जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो बैग और स्कूटी के डिक्की में रखे कुल 78 केन बियर को भी बरामद किया है। यह कार्रवाई उत्पाद एसआई नागो लकड़ा के द्वारा की गई है। उत्पाद अधीक्षक नवादा गणेश चंद्रा ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। झारखंड की ओर से आ रही टीवीएस जुपिटर स्कूटी संख्या बीआर31बीएफ9721 पर सवार दो लोगों को जांच चौकी पर जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में स्कूटी के आगे पैर के समीप रखे दो बैग एवं डिक्की से 500 एमएल के गॉडफादर नामक 78 केन बियर बरामद किया गया। बियर के साथ गिरफ्तार तस्करों की पहचान वैशाली जिले के बिदुपुर बाजार थाना क्षेत्र के खिलवत मोहल्ला निवासी स्व. रणवीर सिंह के पुत्र अमर ज्योति कुमार एवं दाउदनगर निवासी अजय सिंह के पुत्र अमरेश कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार



तस्करों ने बताया कि वे बेचने के लिए झारखंड के कोडरमा से बियर खरीदकर वैशाली अपने घर जा रहे थे। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बियर और स्कूटी के अलावे गिरफ्तार दोनों तस्करों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार तस्करों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई मो. साबिर के साथ गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# सिरोडाबर से बलिया गांव तक कीचड़ बना मुसीबत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड के सिरोडाबर पंचायत में विकास के दावे कीचड़ में सने नजर आ रहे हैं। नाली और पक्की सड़क के अभाव में सिरोडाबर गांव से लेकर बलिया गांव स्थित इंटर विद्यालय तक का कच्चा रास्ता पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है। गड्ढों में जलजमाव के कारण लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। यह मुख्य मार्ग है, जिससे बरवा, जोगियामारण सहित सात से अधिक गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। बावजूद इसके वर्षों से इस सड़क की सुध न तो स्थानीय प्रशासन ने ली है और न ही जनप्रतिनिधियों ने। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। इसी समस्या से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने शनिवार को एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से जल्द सड़क व नाली निर्माण की मांग की। विरोध में शामिल ग्रामीण दीपक कुमार, अरुण राम, रवि राजवंशी, हरिनंदन रजवार, अर्जुन चौधरी, लक्ष्मी कुमारी, संगीता देवी, मीना देवी, उषा देवी, संजू देवी, रूपा देवी, राखी देवी एवं कलवा देवी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि बलिया गांव में लगभग 120 घर हैं, लेकिन आज तक यहां पक्की गली और नाली का निर्माण नहीं किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश में ही पूरे रास्ते में घुटने भर कीचड़ जमा हो जाता है। नालियों के अभाव में घरों का पानी सड़क पर ही बहता है, जिससे पूरे साल जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को अंदाजा ही नहीं लगता कि कहां गड्ढा है और कहां समतल रास्ता, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

इस बदहाल रास्ते का सबसे ज्यादा खामियाजा गांव के बुजुर्गों और स्कूली छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। बलिया गांव में स्थित इंटर विद्यालय तक पहुंचने के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। कई बार छात्र स्कूल ड्रेस में कीचड़ में सनकर विद्यालय पहुंचते हैं। बरसात में तो कई छात्र फिसल कर गिर भी जाते हैं। बुजुर्गों के लिए इस रास्ते पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा है।

# जनता दरबार में आए तीन रैयती विवादों का मौके पर निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। रजौली अंचल कार्यालय परिसर में स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को राजस्व कर्मचारी गुलाब चंद दास के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अमीन शालिनी कुमारी एवं उर्दू अनुवादक पिंकी कुमारी भी मौजूद रहीं। राजस्व कर्मचारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में रैयती भूमि विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार को आयोजित जनता दरबार में कुल तीन मामले आए थे, जिनमें धमौल गांव निवासी राम प्रसाद गोप का विवाद शंकर राजवंशी व भरता राजवंशी, दोपटा गांव निवासी शिव शंकर प्रसाद का विवाद रमेश साव व लटन राजवंशी एवं रजौली नीमाटांड़ निवासी मीणा देवी का विवाद राजेंद्र मांझी के साथ था। उक्त तीन मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में अंचल स्तर से विवादों का निपटारा कर दिया गया है। जनता दरबार के बाद अंचलकर्मियों ने लोगों से अपील की कि जमीन को लेकर आपस में तनाव, मारपीट और झगड़ा न करें। अगर कोई विवाद है तो उसे सीधे जनता दरबार में लाएं। यहां पारदर्शी तरीके से और कानून के दायरे में रहकर मामले का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि छोटे-छोटे भूमि विवाद गांव में ही सुलझ जाएं, ताकि आपसी सौहार्द बना रहे।

# सात दिवसीय महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य भंडारे के साथ संपन्न

**नवादा,नारदीगंज**। प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में आयोजित 50वें श्री गणेश पूजनोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय महायज्ञ शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। श्री गणेश युवा सेवा संस्थान सह श्री गणेश कला परिषद, ओड़ो के तत्वावधान में आयोजित इस स्वर्ण जयंती समारोह के अंतिम दिन पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। वाराणसी से पधारे मुख्य यज्ञाचार्य अमृत पांडेय एवं उनके सात सहयोगी आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पूरे विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कराया। महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ दूर-दराज के इलाकों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। "जय गणपति बप्पा मोरया" और "गणेश बाबा की जय" के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। अनुष्ठान में मुख्य यजमान अमरेश कुमार मिश्र (पप्पू), धनंजय कुमार, जैनेन्द्र मिश्र, गिरीन्द्र मिश्रा, राजीव रंजन पांडेय के अलावा अधिवक्ता राघवेन्द्र कुमार मिश्र, संस्थान के अध्यक्ष अम्बुज मिश्र, सचिव जितेन्द्र मिश्र, अमित मिश्रा, विनय कुमार मिश्र और दिनकर मिश्र समेत कई ग्रामीणों ने मुख्य भूमिका निभाई और पूरी श्रद्धा के साथ आहूतियां समर्पित कीं। महायज्ञ के अंतिम दिन की रात्रि सांस्कृतिक व आध्यात्मिक समागम के नाम रही। मध्य प्रदेश से पधारीं प्रख्यात कथावाचिका पूजा गोस्वामी ने संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम सत्र में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और लीलाओं का अत्यंत रसपान कराया।

## एक नजर

### अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर**। राजकृत मध्य विद्यालय नेमदारगंज में अर्धवार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन विद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया गया। इसमें कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय में अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक कक्षा में निरीक्षकों की नियुक्ति की गई थी, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और सुचारु रूप से हो सके। विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा अन्य विषयों की परीक्षाएं दीं। किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री को परीक्षा कक्ष में ले जाने पर रोक थी। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुश कुमार ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। कई विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित था और उन्होंने तैयारी के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रधानाध्यापक कुश कुमार ने यह भी बताया कि प्रथम व द्वितीय के छात्र छात्राओं को शामिल करते हुये परीक्षा का आयोजन किया गया था।

### टिंकू बने बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**पकरीबरावां**। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (गोपगुट) की प्रखण्ड इकाई ने अपनी मांगों के समर्थन में शनिवार को एक बैठक की। बैठक प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अस्पताल रोड के संस्कार ट्यूटोरियल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष टिंकू कुमार ने की। बैठक में संघ का चुनाव कराया गया एवं नई कमेटी का गठन किया गया। टिंकू कुमार को संघ का अध्यक्ष चुना गया। मिलन कुमार को सचिव बनाया गया। मृत्युंजय कुमार एवं सोनू कुमार को उपाध्यक्ष, अनिल मिस्त्री को महासचिव, नवीन कुमार एवं मोख्तार आलम को उप सचिव बनाया गया। संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष एवं संतोष कुमार एवं इंद्रमणि कुमार को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में संघ की ओर से बीपीएससी द्वारा नियुक्तशिक्षक, विशिष्ट शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों एवं विद्यालय अध्यापकों के लिए सातवें वेतनमान और पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने की मांग की गई। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो शिक्षक एकजुट होकर पटना में आमरण अनशन करेंगे। संघ की एक ही मुख्य मांग है कि बिहार के अन्य राज्यकर्मियों की तरह शिक्षकों को भी सातवां केंद्रीय वेतनमान, पुरानी पेंशन और वंचित सुविधाओं का लाभ दिया जाए।

### शिक्षा, रोजगार और जीवन प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**नवादा**। 'चेतना सर्विंग ह्यूमैनिटी' की पहल पर गोणारवा स्थित चेतना सोशल लाइब्रेरी में शनिवार को "एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट एंड लाइफ" विषयक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक चले इस सत्र का उद्देश्य युवाओं को परीक्षा की तैयारी के साथ व्यक्तित्व विकास व सही निर्णय लेने का व्यावहारिक मार्गदर्शन देना था। संस्था की सचिव चेतना त्रिपाठी ने अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया और लाइब्रेरी को युवाओं के सीखने का खुला मंच बताया। प्रथम सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. कुमार राहुल ने कहा कि सफलता के लिए लंबे समय तक पढ़ने के बजाय सही दिशा, बुनियादी समझ, समय प्रबंधन और नियमित पुनरावृत्ति आवश्यक है। दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त आईपीएस राशिद जमा ने प्रशासनिक अनुभवों के आधार पर आत्मविश्वास, संवाद और नेतृत्व क्षमता पर मार्गदर्शन दिया। तीसरे सत्र में पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) मनोज कुमार (आईपीएस) ने डिग्री के साथ कौशल विकास, एआई के जिम्मेदार उपयोग और सामाजिक दबाव से इतर करियर चुनने पर बल दिया। वक्ताओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 'प्लान-बी' रखने, वित्तीय अनुशासन बरतने और शॉर्टकट से दूर रहकर ईमानदारी अपनाने की सलाह दी। अजीत कुमार के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में विकास कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन का समापन लाइब्रेरी के मूल संदेश "लर्न टुडे, लीड टुमॉरो" के साथ हुआ।

## नालंदा

# रियल टाइम एआई असिस्टेंस कार्यशाला में बच्चों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परिचित कराने के उद्देश्य से रियल टाइम एआई असिस्टेंस विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन एलेन बिहार से आए विशेषज्ञ आकाश कुमार और अनमोल कुमार ने किया। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंटरैक्टिव सेशन से हुई, जिसमें 'दैनिक जीवन में एआई' विषय पर विद्यार्थियों से सवाल-जवाब किए गए। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में चयनित विद्यार्थियों ने ऐसा एआई सिस्टम तैयार करने का व्यावहारिक प्रयास किया, जो यूजर से सीधे बातचीत कर सके। विद्यार्थियों ने तकनीक से जुड़े सवालों के उत्साहपूर्वक जवाब दिए। पहले चरण के प्रदर्शन के आधार पर 30 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन अगले विशेष सत्र के लिए किया गया।दूसरे चरण में चयनित विद्यार्थियों के लिए हैंड्स-ऑन सेशन आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। विभिन्न चरणों में हुई गतिविधियों और प्रतियोगिता के बाद विजेता विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों को एआई जैसी आधुनिक तकनीक से जोड़ना जरूरी है। संयोजक रोहित कुमार वर्मा ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### गांजा पीने से मना करने पर दो पक्षों में मारपीट, दर्जनों घायल

**नालंदा**। देर शाम दो पक्षों के बीच गांजा पीने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से रोड़ेबाजी और लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।रविन्द्र साव ने बताया कि उनके घर में श्राद्ध का कार्यक्रम चल रहा था। गुरुवार की देर शाम कुछ लोग घर के पास बैठकर गांजा पी रहे थे। परिजनों ने उन्हें घर से थोड़ा दूर जाकर बैठने का आग्रह किया। इसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई और देखते ही देखते मारपीट होने लगी।थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। दोनों ओर के लोग घायल हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी: डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जवाहर कन्या उच्च विद्यालय, झींगनगर की छात्राओं के साथ संवाद किया। इस दौरान छात्राओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, महिला-बालिका सुरक्षा और सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया गया कि संकट में महिलाओं व बालिकाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सीय, कानूनी, पुलिस सहायता और मनो-सामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था के तहत 491 कैमरों से निगरानी, 15 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम और 10 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स की जानकारी भी दी गई। जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय की कार्यप्रणाली बताते हुए छात्राओं को सरकारी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए परिवाद दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। संवाद के दौरान डीएम ने छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनावश्यक रूप से रील देखने जैसी आदतों से बचकर समय शिक्षा और कौशल विकास में लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल के माध्यम से वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनना बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। डीएम ने साइबर ठगी से सतर्क रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने को कहा। छात्राओं को 181, 112 और 1098 हेल्पलाइन की जानकारी भी

# देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नगरनौसा**। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगरनौसा थाना पुलिस ने अशरफपुर गांव में छापेमारी कर एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने मौके से राहुल कुमार उर्फ ठेका डॉन और बब्लू कुमार उर्फ राजा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन के साथ पकड़े गए राहुल कुमार उर्फ ठेका डॉन से पूछताछ और उसके मोबाइल में मिले वीडियो की जांच के दौरान उसके तथा तीन अन्य सहयोगियों के पास अवैध हथियार होने की जानकारी मिली। राहुल की निशानदेही पर अशरफपुर गांव में मुकेश कुमार उर्फ बौद्धा के घर छापेमारी की गई, जहां से कट्टा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर हथियार के स्रोत और उसके इस्तेमाल की मंशा का पता लगाने में जुटी है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष समेत पुअनि राजेश कुमार यादव, सअनि राजेश कुमार, सिपाही ललिता कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# राशि हड़पने के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। सिलाव बायपास के पास नौ सितंबर की शाम पिस्टल सटाकर धमकी देने के आरोप में राजगीर थाना में दर्ज मुकदमे को लेकर डुमरी गांव निवासी पीडित के पिता सुखदेव यादव ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके बेटे ने दांगी टोला, राजगीर निवासी अपने मित्र सूरज विश्वकर्मा को मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए चार लाख रुपये दिए थे। राशि देने से पहले दोनों पक्षों के बीच एग्रीमेंट हुआ था। रुपये की गारंटी के तौर पर सूरज ने दो चेक दिए थे। आरोप है कि अगले ही दिन दोनों चेक के गुम होने का आवेदन बैंक में दे दिया गया।सुखदेव यादव के अनुसार, तय समय के बाद जब उनका बेटा बैंक से राशि निकालने पहुंचा, तब मामले की जानकारी हुई। इसके बाद ठगी का आभास होने पर राजगीर थाना में आवेदन दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राशि हड़पने के उद्देश्य से उनके बेटे के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है।पीडित पक्ष ने बताया कि घटना के समय उनका बेटा घर में मौजूद था। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सहित अन्य साक्ष्य अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। उनका कहना है कि सिलाव बायपास और मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत की ओर से लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से भी घटना के समय की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। उन्होंने थानेदार से लेकर डीजीपी तक आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और बेटे को न्याय दिलाने की मांग की है।

# टार्गेट के दबाव के विरोध में बैंक मित्रों ने किया कार्य बहिष्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरियक**। खाता खोलने, सोशल सिक्योरिटी योजनाओं और लोन रिकवरी के लक्ष्य को लेकर दबाव बनाए जाने के विरोध में नालंदा-नवादा के सैकड़ों बैंक मित्रों ने शनिवार को कार्य बहिष्कार किया। बैंक मित्रों ने पावापुरी अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान संजीवनी कंपनी के तहत कार्यरत सिलाव निवासी रजनीश वर्मा का मामला भी उठाया गया। बैंक मित्रों ने कहा कि सोशल सिक्योरिटी योजनाओं का लक्ष्य पूरा करने को लेकर उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।बैंक मित्र संघ के अध्यक्ष लव मिश्रा, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार और प्रवक्ता प्रेमानंद कुमार ने आरोप लगाया कि लक्ष्य पूरा नहीं होने पर कोड बंद करने और काम से हटाने की धमकी दी जाती है। उन्होंने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।वहीं, जिला समन्वयक दीपक कुमार ने रजनीश वर्मा से अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने टार्गेट को लेकर दबाव के आरोप से असहमति जताते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाना बैंक मित्रों की जिम्मेदारी है।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, नालंदा के तत्वावधान में एम-2 कोचिंग में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता सह काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 46 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रबंधक अनूप आनंद ने छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इनमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना प्रमुख रही। छात्र-छात्राओं को योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, मिलने वाले लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा।

### अमन कुमार बने श्रीचंद्र उदासीन कॉलेज के अध्यक्ष, आशीष रंजन को मंत्री की जिम्मेदारी

**हिलसा**। श्रीचंद्र उदासीन महाविद्यालय में छात्र हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला संयोजक नीतीश कुमार ने अमन कुमार को कॉलेज अध्यक्ष और आशीष रंजन को मंत्री मनोनीत किए जाने की घोषणा की।जिला संयोजक नीतीश कुमार ने कहा कि कॉलेज इकाई के गठन से विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं को रखने और उनके समाधान के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। नवनियुक्त मंत्री आशीष रंजन ने कहा कि संगठन छात्र हितों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा और उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करेगा।इस मौके पर अमन राज, अजीत कुमार, रोशन कुमार, आयुष राज, अंशु कुमार, ऋतिक वर्मा, अमित कुमार, शिशुपाल कुमार, सौरव कुमार, आशीष भवानी, विश्वजीत कुमार, सौरभ त्रिवेदी, पूजा कुमारी, नीलम कुमारी, सोनम कुमारी, विवेक कुमार, हर्ष राज और ऋतिक प्रिया समेत कई छात्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पैक्स प्रबंधकों के बकाया वेतन की गणना पर 25 तक दें सहमति-असहमति

**बिहारशरीफ**। कैडर प्रबंधक अथवा उनके वैध उत्तराधिकारी, जिनका वेतनादि बकाया लंबित है, उन्हें बकाया राशि के भुगतान की प्रक्रिया में अपनी सहमति अथवा असहमति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। इसके लिए संबंधित कैडर प्रबंधक अपने जिले के जिला केंद्रीय सहकारी बैंक कार्यालय से जिला अंकेक्षण पदाधिकारी द्वारा समर्पित सत्यापित प्रतिवेदन प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वेतनादि बकाया की गणना से संबंधित अपनी सहमति या असहमति निर्धारित प्रपत्र में भरकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक के कार्यालय में 25 सितंबर तक जमा करनी होगी।इस संबंध में नालंदा जिला सहकारिता प्रबंधक सेवा संघ के संयोजक सह पूर्व पैक्स प्रबंधक रघुनंदन साव ने बताया कि पैक्स प्रबंधकों के हितों और उनके लंबित वेतनादि बकाया के लिए संघ लगातार संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के प्रयासों का परिणाम है कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना द्वारा संबंधित प्रबंधकों से आवश्यक आवेदन और सहमति-असहमति की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।उन्होंने सभी संबंधित कैडर प्रबंधकों और उनके वैध उत्तराधिकारियों से अपील की कि वे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक कार्यालय से सत्यापित प्रतिवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में अपनी सहमति अथवा असहमति दर्ज कराएं और 25 सितंबर की समय-सीमा के भीतर प्रबंध निदेशक के कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि लंबित वेतनादि बकाया के निपटारे की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

### सरकारी जमीन पर बना दो मंजिला मकान प्रशासन ने तोड़ा

**राजगीर**। पर्यटन स्थल राजगीर में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए दो मंजिला मकान को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई अतिक्रमण वाद संख्या 02/2026-27 के तहत की गई। मकान राजगीर से सीआरपीएफ कैंप जाने वाली सड़क पर वीरायतन के पीछे बनाया गया था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने बताया कि करीब 400 वर्गफुट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर दो मंजिला मकान का निर्माण कराया गया था। राजस्व अभिलेख में उक्त जमीन की किस्म गैरमजरूआ (सरकारी) ठीकेदार एवं परती कदीम दर्ज है। जमीन मौजा राजगीर, थाना नंबर 485, खाता संख्या 482 और खेसरा संख्या 1603 में स्थित है। प्रशासन ने अतिक्रमण की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मकान को तोड़कर जमीन खाली करा ली। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों की मौजूदगी रही।

# पितृपक्ष महासंगम मेला को लेकर जदयू की बैठक, तीर्थयात्रियों की सेवा का संकल्प




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पितृपक्ष महासंगम मेला-2026 में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने तथा 'अतिथि देवो भवः' की भावना से सेवा करने को लेकर जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय, गया जी में शनिवार को बैठक हुई। जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेला के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जदयू कार्यकर्ता मेला क्षेत्र के साथ शहर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर आम नागरिकों को जागरूक करेंगे। साथ ही पिंडदानियों और तीर्थयात्रियों के प्रति सहयोग एवं सद्भाव का वातावरण बनाने के लिए लोगों से आग्रह किया जाएगा। तीर्थयात्रियों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन से संवाद कर आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया जाएगा। अजय कुशवाहा ने कहा कि गया जी की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप शहरवासियों से पिंडदानियों एवं तीर्थयात्रियों की हरसंभव सहायता करने की अपील की जाएगी। बैठक में कार्यकर्ताओं से मेला के दौरान सहयोग, सेवा और सद्भाव की भावना के साथ सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन राय, जिला महासचिव वृजराज पाण्डेय, सत्येंद्र गौतम मांझी, दिनेश प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा, विनोद यादव, प्रभात राउत, मितम्बरा लोहडे, रामनारायण शर्मा, शंभु सिंह, अरविंद वर्मा, संजय स्वर्णकार, प्रकाश पटवा, राजकुमार शाह, गीता वर्मा, सोनी भदानी, राजू रजक, मो. जफर कादरी, सियाराम मिश्रा और मो. तैयबा खान सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को सहयोग और सम्मान देना गया जी की परंपरा का हिस्सा है। पार्टी कार्यकर्ता इस भावना के साथ सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी करेंगे।

## दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति और सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर दो बार गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता सुमन कुमारी, पिता रमेश गिरी, ग्राम कैथी मठिया, थाना आंती की रहने वाली है। आवेदन के अनुसार उसकी शादी 24 नवंबर 2025 को हसपुरा (औरंगाबाद) के चौराही निवासी गुड्डू कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति गुड्डू कुमार और सास चिंता देवी पैसे और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मारपीट व गाली-गलौज करते थे। मारपीट के कारण दो बार गर्भपात होने का भी आरोप है। पीड़िता ने बताया कि पहली घटना के बाद एसएसपी को आवेदन देने पर समझौता कराकर उसे फिर ससुराल भेजा गया था, लेकिन प्रताड़ना बंद नहीं हुई। 5 मई 2026 को आंती थाने में समझौता हुआ था। आरोप है कि मायके आने पर भी पति ने मारपीट की।

# एसडीएम की समीक्षा बैठक, लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार

## नल-जल व आंगनबाड़ी व्यवस्था में शीघ्र सुधार के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के बिकोपुर पंचायत सरकार भवन के सभागार में शनिवार को शेरघाटी एसडीएम सह आईएएस अधिकारी जतिन कुमार ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं और विभागीय कार्यों में सामने आई कमियों को लेकर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। वहीं विद्यालयों से संबंधित प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समीक्षा बैठक से पहले दिए गए निर्देशों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। वहीं इस बैठक में ग्रामीण विकास, राजस्व, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना, श्रम, विद्युत, पीएचईडी, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा, सहकारिता, थाना स्तर के मामलों सहित अन्य विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। वहीं स्वच्छता, नल-जल योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में आवश्यक सुधार शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी एसडीएम के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। वहीं इमामगंज बाजार में लगातार लगने वाले जाम को लेकर एसडीएम ने संबंधित थानों को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

वाहनों की नियमित जांच और जुर्माने की कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रतिदिन उपलब्ध कराने को कहा गया। वहीं प्रखंड सभागार में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक कर ई-केवाईसी के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में इमामगंज बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि एसडीओ के नेतृत्व में समीक्षा बैठक की गई है। समीक्षा बैठक में एसडीओ ने विभिन्न विभागों को लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का निर्देश दिया गया है। आगामी बैठक में निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले मुखिया और सरपंच ने एसडीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## एक नजर

### महिला से छिनतई की कोशिश, नाबालिग धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकालकर घर जा रही महिला से छिनतई का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एक नाबालिग आरोपी को एसबीआई बैंक के सामने पकड़ लिया जबकि उसका साथी बाइक से भाग निकला। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। दुकानदारों ने नाबालिग को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि नाबालिग को पकड़े जाने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। फरार दूसरे आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मुंडेरा में हाईस्कूल निर्माण पर विवाद गहराया, दो पक्षों ने धरने का किया एलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मुंडेरा में उच्च विद्यालय निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। एनओसी मिलने के बावजूद निर्माण कार्य रोके जाने और 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा के विरोध में दूसरे पक्ष के ग्रामीणों ने भी धरने का निर्णय लिया है। परसावां गांव के ग्रामीणों द्वारा निर्माण रोकने और धरने पर बैठने की घोषणा के विरोध में मुंडेरा, जंगली बिगहा, कनौदी और घोरहा के ग्रामीणों ने डीएम को आवेदन देकर 28 सितंबर 2026 से कोंच प्रखंड मुख्यालय परिसर में शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना की अनुमति मांगी है। आवेदन में कहा गया है कि मुंडेरा में हाईस्कूल निर्माण के लिए विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है फिर भी बाधा डाली जा रही है। निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर धरना दिया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की भी अनुमति मांगी गई है जिसमें विद्याभूषण शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सुबोध शर्मा, बिपिन कुमार एवं कृष्णकांत के हस्ताक्षर हैं।

### बिहार की युवा महिलाओं की बदलती हेयर केयर आकांक्षाओं पर निहार नेचुरल्स का फोकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार में हेयर केयर के बदलते मायने को निहार नेचुरल्स ने अपने नए संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल के जरिए पेश किया है। युवा महिलाएं बालों में पोषण के साथ खूबसूरत लुक की आकांक्षा रखती हैं। निहार नेचुरल्स नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ इन आकांक्षाओं को जोड़ता है। बिहार के लिए जारी फिल्म काला टीका में मां और बेटी के प्रेम व सुरक्षा की भावना को स्थानीय परंपरा के जरिए दिखाया गया है। फिल्म इस परंपरा को खूबसूरत बालों से जोड़ते हुए नया अर्थ देती है। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और उपभोक्ताओं की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आकांक्षाओं को समझना महत्वपूर्ण है।

### गुरुकुल के छात्र ओबैद रजा का दुबई में होने वाले टी-20 टेस्ट के लिए चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** गुरुकुल शेरघाटी के कक्षा आठवीं के प्रतिभावान छात्र ओबैद रजा, पिता मोहम्मद खुशनूद का दुबई में होने वाले टी-20 टेस्ट के लिए चयन हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के निदेशक जितेंद्र सिंह सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ओबैद रजा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ओबैद रजा ने क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें साउथ दिल्ली प्रीमियर लीग (2024-25) में बेस्ट बैट्समैन तथा शेरघाटी प्रीमियर लीग (2025) में बेस्ट परफॉर्मर का सम्मान प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा उन्होंने टी-20 के प्रथम राउंड के चयन में भी सफलता हासिल की है। अब दुबई में होने वाले टी-20 टेस्ट के लिए चयनित होकर उन्होंने अपने खेल कौशल का परिचय दिया है।

### कोंच से लापता तीन किशोरियां बरामद, कोर्ट में दर्ज हुआ बयान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से महीनों पहले लापता हुई तीन किशोरियां शनिवार को बरामद हुईं। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश कर धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि पड़रावां और मंगरौर गांव की तीन लड़कियां कुछ माह पूर्व घर से लापता हो गई थीं। परिजनों की शिकायत पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस के दबाव के बाद तीनों शनिवार को थाना लौट आईं। बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में धुत बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कोंच (गया)। थाना क्षेत्र के खैरा-कोंच मुख्य नहर मार्ग पर अदवई बिगहा-रजौड़ा के बीच शुक्रवार रात नशे में धुत बाइक सवार ने राहगीर को टक्कर मार दी। घायल लक्ष्मण यादव (55), पिता स्व. कैल यादव, ग्राम परसावां टोला रामपुर की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण यादव रजौड़ा से अपने गांव रामपुर लौट रहे थे।

## पोखर में नहाने गए 30 वर्षीय व्यक्ति की डूबकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के बरमा गांव के बरयाटाड़ टोला में शनिवार को पोखर में डूबने से 30 वर्षीय उमेश मांझी की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा है जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने पोखर से उमेश का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार बरमा गांव के बरयाटाड़ टोला निवासी कांग्रेस मांझी का पुत्र उमेश मांझी शनिवार को गुप्ता मांझी के साथ पोखर में नहाने गया था। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। गुप्ता मांझी किसी तरह पानी से बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन उमेश गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थानाध्यक्ष मनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद जिला मुख्यालय को सूचना देकर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने करीब सात घंटे तक लगातार खोजबीन की जिसके बाद उमेश का शव पोखर से बाहर निकाला जा सका। उमेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# प्रोफेसर अंजनी कुमार घोष विश्वविद्यालय के नए 'कुलानुशासक' नियुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में प्रोफेसर अंजनी कुमार घोष को विश्वविद्यालय का नया 'कुलानुशासक' नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संबंधी अधिसूचना मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम द्वारा जारी की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. अंजनी कुमार घोष को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में अनुशासन, शैक्षणिक वातावरण और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में कुलानुशासक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. घोष अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करेंगे। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने भी प्रो. अंजनी कुमार घोष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की अपेक्षा है कि वे विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय के बीच अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। प्रो. अंजनी कुमार घोष ने नई जिम्मेदारी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय की गरिमा, अनुशासन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी प्रो. अंजनी कुमार घोष को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/639, दिनांक 17.09.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टेली/टी/05/26-27/सीएपी (एनआईआर), आरईबी; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह स्टेशन में वीडियो निगरानी प्रणाली के साथ समेकित एआई आधारित फेसियल रिकॉगनिशन सिस्टम (एफआरएस) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 4,55,96,213.99; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 9,11,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 30.09.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 14.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 14.10.2026 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरण:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** फिक्सड/बुलेट/डोम/पीटीजेड टाइप कैमरा के प्रयोग द्वारा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू वाला कोई भी कार्य। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-229/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## कोंच में तीन कांड के छह आरोपित गिरफ्तार, गए जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** पुलिस ने अलग-अलग कांड में फरार चल रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आंती थाना कांड संख्या 13/21 के कमलेश पासवान, दिलीप पासवान, अनिरुद्ध पासवान, तीनों पिता स्व. मुंशी पासवान और दीपू पासवान पिता अनिरुद्ध पासवान, सभी साकिन अचुकी तथा कांड संख्या 24/17 के रघुनंदन पासवान पिता स्व. रामबालक पासवान, ग्राम तिनेरी और कांड संख्या 30/19 की चमेली देवी पति दिलीप पासवान, ग्राम नरसिंहपुर शामिल हैं।

## जमादार से दारोगा में पदोन्नत हुए अरूण कु. सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू थाना में पदस्थापित जमादार अरूण कुमार सिंह का दारोगा में पदोन्नति कर गया शहर के रामपुर थाना में हुई नवपद स्थापना। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में श्री सिंह एक कांस्टेबल के रूप में गुरारू थाना में योगदान दिये थे और कुछ दिनों के बाद ही उन्हें ए एस आई में पदोन्नति मिल गयी वही तीन साल के अन्दर ही उन्हें एस आई में पदोन्नति प्राप्त हो गया और साथ ही साथ एक दारोगा के रूप में उन्हें रामपुर थाना में पदस्थापित कर दिया गया। मृदुभाषी अरूण सिंह एवं उनकी पत्नी ने कहा कि मैं गुरारू थाना क्षेत्र की धरती को कभी भूल नहीं सकता।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-465 के लिए खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक 16.09.2026। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-465। कार्य का नाम:** (i) बाराहाट-मन्दारहिल अनुभाग के बीच पंजवारा रोड हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (ii) हंसडीहा-पीवाईएचटी अनुभाग के बीच गंगवारा हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (iii) हंसडीहा-नोनीहाट अनुभाग के बीच कुरमाहाट हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (iv) भागलपुर-टिकानी अनुभाग के बीच गोनुधाम हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,87,62,408.76; **बयाना राशि:** रु. 5,75,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 24.09.2026 से 08.10.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट :** www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-196/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# परवाना की जमीन पर कब्जे का आरोप, पीड़ितों ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** प्रखंड क्षेत्र की परसवा पंचायत में सरकार द्वारा दिए गए परवाना की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मनोज पासवान और सुरेंद्र पासवान ने मामले की शिकायत अंचल कार्यालय में करते हुए जमीन पर अपना अधिकार दिलाने की मांग की है। पीड़ितों ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वर्ष 1990 में सरकार की ओर से उनके पिता के नाम पर जमीन का परवाना जारी किया गया था। उनका कहना है कि उक्त जमीन की ऑनलाइन और ऑफलाइन रसीद भी वर्ष 2027 तक कट चुकी है। इसके बावजूद पूर्व सीओ बिक्रम सिंह और तत्कालीन कर्मचारी सुरेंद्र सिंह पर आरोप लगाया कि कथित तौर पर अवैध राशि लेकर रामकृष्ण यादव और उनकी पत्नी के नाम से जमीन का खाता खोल दिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद लगातार बढ़ रहा है जब वे अपनी जमीन पर जाते हैं तो दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा उनके साथ मारपीट की जाती है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत बांके बाजार के सीओ सूरज कुमार से कर निष्पक्ष जांच और जमीन पर अपना अधिकार दिलाने की मांग की है। मामले को लेकर सीओ सूरज कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जलालपुर के ओम प्रकाश दिल्ली हाईकोर्ट में बने वरिष्ठ अधिवक्ता, टिकारी में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** नगर परिषद क्षेत्र के जलालपुर निवासी अधिवक्ता ओम प्रकाश को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में मनोनीत किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से चयनित 81 वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सूची में उनका नाम शामिल होना जलालपुर गांव सहित पूरे टिकारी क्षेत्र के लिए गौरव और सम्मान का विषय है।

ओम प्रकाश की इस उपलब्धि को उनकी वर्षों की मेहनत, विधिक दक्षता, निष्ठा और उत्कृष्ट पेशेवर सेवा का परिणाम माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में उनका मनोनयन न्यायिक एवं विधिक क्षेत्र में उनके अनुभव, प्रतिष्ठा और योगदान को रेखांकित करता है। ज्ञात हो कि ओम प्रकाश के पिता स्वर्गीय डॉ. शारदा प्रसाद सिंह थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा टिकारी राज स्कूल में हुई थी। टिकारी की धरती से शिक्षा प्राप्त कर दिल्ली उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता के प्रतिष्ठित पद तक पहुंचना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बना है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि लगन, परिश्रम और समर्पण के बल पर व्यक्ति राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकता है। उनके वरिष्ठ अधिवक्ता मनोनीत होने की खबर से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर वार्ड पार्षद नीतीश कुमार, संदीप सिंह, ग्रामीण संतोष कुमार, अंकित कुमार सहित टिकारी क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ओम प्रकाश को बधाई दी है। लोगों ने इसे जलालपुर गांव और पूरे टिकारी क्षेत्र के लिए सम्मान का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 10/2026-27**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–दिनांक 25.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)

ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 25.09.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 14.10.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.10.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे )

निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाटन | किशुनपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशुनपुर का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-10/ 2026-27/ Gr-01 |
| 2 | छतरपुर | तेलाड़ी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेलाड़ी का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-10/2026-27/ Gr-02 |

**नोट**– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।

2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।

3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।

4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू** (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें** www.palamu.nic.in **एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए** Website- www.jharkhandtenders.gov.in **पर देखा जा सकता है।**

PR.NO.390133 District(26-27):D

ह0/–जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

संपादकीय

# सही और दूरगामी फैसला !

केन्द्र सरकार ने ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन) की वेतन सीमा 15 हजार रू. प्रतिमाह से बढ़ाकर 25 हजार रू. करके बड़ा, दूरगामी और कर्मचारियों के हित में फैसला किया है। इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी। हालांकि वेतन में पीएफ कटौती से होने से लाभार्थी कर्मचारियों की मासिक सेलेरी में हाथ में आने वाली रकम घट सकती है, लेकिन इसके फायदे दूरगामी होंगे। नए आदेश का लाभ करीब 51 लाख कर्मचारियों को होगा। यह सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी सही है। गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफ़ओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह प्रस्ताव केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से दिया गया था। उन्होंने कहा कि अभी ईपीएफ़ओ के तहत मिलने वाले अनिवार्य कवरेज में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ़), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी मुफ्त जीवन बीमा (ईडीएलआई) का लाभ मिलता है। लेकिन ये तीनो लाभ उन्हें ही मिल पाते थे, जिनका मासिक मूल वेतन 15 हजार रू. तक ही था। अब यह लाभ 25 हजार रू. मासिक मूल वेतन पाने वालों को भी मिलने लगेंगे। साथ ही नियोक्ता संस्थान को अब 25 हजार रू. मूल वेतन पाने वालों का भी पीएफ काटना होगा और उसमें अपना अंशदान भी देना होगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 12 साल पहले ही ईपीएफओ वेतन सीमा पूर्व की 6 हजार रू. से बढ़ाकर 2014 में 15 हजार रू. कर दी थी। जिसे अब फिर बढ़ाया गया है। इसे बढ़ाने के पीछे भी कुछ जायज तर्क हैं। सरकार के मुताबिक़, पिछले कुछ सालों में वेतन में लगातार बढ़ोतरी, आय में वृद्धि और औपचारिक रोज़गार के विस्तार को देखते हुए वेतन सीमा फिर बढ़ाई गई है। कई राज्यों और व्यवसायों में न्यूनतम मज़दूरी भी मौजूदा सीमा के क़रीब पहुंच गई है। लेकिन वर्तमान व्यवस्थाक के तहत 15 हजार रुपये प्रति माह से अधिक वेतन पर रोज़गार में शामिल होने वाला नया कर्मचारी अपने आप ईपीएफ़ संरचना के तहत कवर नहीं होता था। उन्हें अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाती थी। मूल वेतन सीमा बढ़ाने से भविष्य निधि बचत, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत पेंशन सुरक्षा और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना (ईडीएलआई) के तहत बीमा सुरक्षा तक कर्मचारियों की पहुंच का विस्तार होगा। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे वैधानिक योगदान और पेंशन-योग्य वेतन के ढांचे को मौजूदा वेतन स्तरों के हिसाब से बेहतर ढंग से ढालने में भी मदद मिलेगी। साथ ही नई सीमा बढ़ते वेतन स्तर के अनुसार ईपीएफओ फ्रेमवर्क को अपडेट करेगी और वर्क फ़ोर्स के व्यापक वर्ग तक औपचारिक सामाजिक सुरक्षा के फ़ायदे पहुंचाएगी। बेशक, नई व्यवस्था लागू होने पर सरकार पर सामाजिक सुरक्षा खर्च का बोझ बढ़ेगा। वर्तमान में अनिवार्य सोशल सिक्योरिटी के लिए मौजूदा प्रावधान लगभग 10 हजार 250 करोड़ रुपये है। नए परिवर्तन के बाद ये बढ़कर लगभग 11 हजार 339 करोड़ रुपये हो जाएगा। सरकार के अनुसार अगले पांच वर्षों में अनुमानित खर्च लगभग 56,696 करोड़ रुपये होगा। खास बात यह है कि ईपीएफ़ओ दुनिया के सबसे बड़े सोशल सिक्योरिटी सिस्टम में से एक चलाता है। इसके तहत एम्प्लॉइज़ प्रोविडेंट फंड (ईपीएफ़), एम्प्लॉइज पेंशन स्कीम (ईपीएस) और एम्प्लॉइज़ डिपॉज़िट लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम (ईडीएलआई) को मैनेज किया जाता है। ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक़ ईपीएफओ में लगभग 7.68 लाख योगदान करने वाले संस्थानों में क़रीब 7.98 करोड़ सदस्य योगदान कर रहे हैं, जबकि ईपीएस लगभग 82 लाख पेंशनभोगियों को पेंशन का लाभ देता है। ईडीएलआई, ईपीएफ़ मेंबरशिप से जुड़ी इंश्योरेंस सुरक्षा देता है। वैसे आज नौकरियों की बढ़ती अनिश्चितता के बीच आर्थिक सामाजिक सुरक्षा बेहद जरूरी है। सरकार का फैसला इसी को पुष्ट करता है।

# खादी और खादीयोलॉजी: कपड़े से आगे एक विचार



अविनाश कुमार झा

भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं से नहीं, बल्कि उसकी हस्तकला, लोकजीवन और स्वदेशी उत्पादन प्रणालियों से भी जुड़ी हुई है। खादी इसी भारतीय परंपरा का ऐसा प्रतीक है, जिसने समय के साथ वस्त्र की सीमाओं को पार कर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का रूप ग्रहण किया। सामान्य अर्थों में खादी को हाथ से काते गए सूत से हाथकरघे पर बुने गए कपड़े के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ इससे कहीं व्यापक है।

खादी के साथ स्वावलंबन, ग्रामोद्योग, श्रम की गरिमा, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चेतना जैसे विचार गहराई से जुड़े हैं। यही कारण है कि खादी को केवल एक कपड़े के रूप में देखना उसके ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को सीमित कर देना होगा। इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में 'खादीयोलॉजी' की अवधारणा महत्वपूर्ण हो जाती है।

### खादीयोलॉजी क्या है?

'खादीयोलॉजी' को खादी के इतिहास, दर्शन, उत्पादन-प्रक्रिया, तकनीक, अर्थव्यवस्था, समाज, संस्कृति, पर्यावरण, डिजाइन और समकालीन उपयोग के समग्र अध्ययन के रूप में समझा जा सकता है। यह केवल यह जानने तक सीमित नहीं है कि खादी कैसे बनाई जाती है, बल्कि यह भी समझने का प्रयास करती है कि खादी भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में किस भूमिका का निर्वहन करती रही है और बदलते समय के साथ उसका स्वरूप किस प्रकार विकसित हो रहा है।

आज खादी का उपयोग फैशन उद्योग में तेजी से दिखाई देने लगा है, लेकिन खादीयोलॉजी की अवधारणा इससे कहीं व्यापक है। इसमें खादी को एक ऐसे ज्ञान-विषय के रूप में देखा जाता है, जिसमें इतिहास से लेकर आधुनिक बाजार और चरखे से लेकर सतत विकास तक अनेक आयाम शामिल हैं।

### गांधी और खादी का संबंध

खादी को वास्तविक राजनीतिक और सामाजिक महत्व महात्मा गांधी के नेतृत्व में मिला। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधीजी ने खादी को केवल वस्त्र नहीं माना, बल्कि उसे स्वदेशी और आर्थिक स्वावलंबन का माध्यम बनाया।

उस दौर में विदेशी मिलों में निर्मित कपड़ों का भारत में व्यापक उपयोग होता था। गांधीजी ने विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और स्वदेशी वस्त्रों के उपयोग का आह्वान किया। चरखा और खादी इस अभियान के प्रमुख प्रतीक बने। चरखे का घूमता पहिया केवल सूत तैयार करने का उपकरण नहीं था, बल्कि वह आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रतिरोध का प्रतीक बन गया।

गांधीजी की सोच थी कि भारत के ग्रामीण लोग यदि स्वयं सूत कातने और वस्त्र निर्माण की प्रक्रिया से जुड़ें, तो इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सकता है और लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस तरह खादी स्वतंत्रता आंदोलन में आर्थिक स्वावलंबन के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और स्वदेशी चेतना का भी प्रतीक बनी।

### खादी और ग्राम अर्थव्यवस्था

खादी का संबंध भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से अत्यंत गहरा रहा है। कताई, बुनाई, रंगाई और वस्त्र निर्माण जैसी गतिविधियों ने लंबे समय तक ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराए हैं। खादी की विशेषता यह भी है कि इसका संबंध केवल कपास से नहीं है। रेशम और ऊन से निर्मित खादी भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित रही है।

इस विविधता के कारण खादी को भारत की भौगोलिक और जलवायु संबंधी विविधताओं से भी जोड़कर देखा जा सकता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में उपलब्ध प्राकृतिक रेशों, स्थानीय कौशल और पारंपरिक बुनाई तकनीकों ने खादी को एक व्यापक भारतीय स्वरूप प्रदान किया है।

### खादीयोलॉजी के छह प्रमुख आयाम

यदि खादीयोलॉजी को एक उभरते हुए अंतर्विषयी अध्ययन के रूप में देखा जाए, तो इसके कई महत्वपूर्ण आयाम सामने आते हैं।

**पहला**—ऐतिहासिक आयाम। इसमें खादी के विकास, भारतीय वस्त्र परंपरा, स्वदेशी आंदोलन और स्वतंत्रता आंदोलन में खादी की भूमिका का अध्ययन किया जाता है।

**दूसरा**—सामाजिक आयाम। इसमें खादी से जुड़े कतिनों, बुनकरों, कारीगरों और ग्रामीण समुदायों के जीवन का अध्ययन शामिल है। खादी उत्पादन में महिलाओं की भागीदारी और उससे जुड़े सामाजिक परिवर्तन भी इस अध्ययन का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं।

**तीसरा**—आर्थिक आयाम। इसमें उत्पादन व्यवस्था, रोजगार, बाजार, लागत, मूल्य निर्धारण, कारीगरों की आय तथा ग्रामीण विकास में खादी के योगदान का विश्लेषण किया जाता है।

**चौथा**—तकनीकी आयाम। चरखा, कताई, करघा, रंगाई और बुनाई की पारंपरिक तकनीकों के साथ आधुनिक तकनीक के प्रयोग से खादी में आ रहे बदलावों को समझना भी आवश्यक है।

**पांचवां**—सांस्कृतिक आयाम। खादी भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, हस्तकला और स्वदेशी चेतना से किस प्रकार जुड़ी है, इसका अध्ययन इस क्षेत्र को व्यापक सांस्कृतिक संदर्भ प्रदान करता है।

**छठा**—पर्यावरणीय आयाम। प्राकृतिक रेशों, हस्त-आधारित उत्पादन और टिकाऊ उपभोग की दृष्टि से खादी की भूमिका आज विशेष रूप से प्रासंगिक हो गई है। हालांकि किसी भी वस्त्र की पर्यावरणीय प्रभावशीलता का आकलन उसके पूरे उत्पादन और आपूर्ति-चक्र को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

इन सभी आयामों को एक साथ देखने पर खादीयोलॉजी एक समग्र अध्ययन के रूप में सामने आती है।

## फैशन की दुनिया में खादी

बदलते समय के साथ खादी ने फैशन और आधुनिक डिजाइन की दुनिया में भी अपनी जगह बनाई है। डिजाइनरों ने खादी को पारंपरिक कुर्ते और साड़ी से आगे ले जाकर जैकेट, शर्ट, समकालीन परिधान और घरेलू सजावटी उत्पादों तक विस्तारित किया है।

आज 'सस्टेनेबल फैशन' और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली पर चर्चा बढ़ रही है। उपभोक्ता अब किसी वस्त्र की सुंदरता और कीमत के साथ उसके उत्पादन की सामाजिक और पर्यावरणीय लागत को लेकर भी सवाल कर रहे हैं। ऐसे समय में खादी की पारंपरिक उत्पादन प्रणाली और स्थानीय कारीगरों से उसका संबंध उसे नए विमर्श का हिस्सा बनाता है।

लेकिन यहां यह भी जरूरी है कि खादी को केवल फैशन ट्रेंड के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। यदि खादी की पहचान उसके कारीगर, श्रम, स्थानीय कौशल और उत्पादन परंपरा से कट जाती है, तो उसके मूल सामाजिक दर्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कमजोर पड़ सकता है।

## खादी के सामने चुनौतियां

खादी की संभावनाओं के साथ कई चुनौतियां भी मौजूद हैं। मशीन निर्मित और बड़े पैमाने पर उत्पादित सस्ते कपड़ों से प्रतिस्पर्धा, उत्पादन और विपणन की समस्याएं, कारीगरों और कतिनों की आय, पारंपरिक व्यवसायों से नई पीढ़ी की दूरी तथा गुणवत्ता और मानकीकरण जैसे प्रश्न महत्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा आधुनिक उपभोक्ता की बदलती पसंद के अनुरूप नए उत्पाद विकसित करना भी आवश्यक है। केवल परंपरा के नाम पर पुराने उत्पादों को बाजार में बनाए रखना पर्याप्त नहीं होगा। डिजाइन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स जैसे आधुनिक माध्यमों का प्रभावी इस्तेमाल भी जरूरी है।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि खादी के आधुनिकीकरण का लाभ उसके उत्पादन से जुड़े कारीगरों तक कितना पहुंचता है। खादी की वास्तविक मजबूती तभी सुनिश्चित होगी, जब आधुनिक बाजार का विस्तार ग्रामीण कतिनों, बुनकरों और कारीगरों की आजीविका को भी मजबूत करे।

## परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु

खादी की शक्ति उसके अतीत में ही नहीं, बल्कि बदलते समय के साथ खुद को नए रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता में भी है। आधुनिक तकनीक और डिजाइन का उपयोग यदि खादी की मूल आत्मा को सुरक्षित रखते हुए किया जाए, तो यह परंपरा और आधुनिकता के बीच एक प्रभावी सेतु बन सकती है।

यहीं 'खादीयोलॉजी' की अवधारणा विशेष महत्व ग्रहण करती है। यह खादी को केवल बाजार में बिकने वाले उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि इतिहास, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, तकनीक और पर्यावरण से जुड़े एक समग्र विषय के रूप में देखने का अवसर देती है।

खादी को समझना वास्तव में भारत के उस ग्रामीण संसार को समझना भी है, जहां चरखे की आवाज, करघे की लय, कारीगर का श्रम और स्थानीय कौशल मिलकर एक वस्त्र को जन्म देते हैं। इस अर्थ में खादी केवल धागों से नहीं बनती; उसके भीतर श्रम, परंपरा और समाज की अनेक परतें बुनी होती हैं।

### निष्कर्ष

खादी महज कपड़े का एक टुकड़ा नहीं है। यह भारतीय स्वदेशी चेतना, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण रोजगार, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी एक व्यापक अवधारणा है। वहीं खादीयोलॉजी खादी के इन सभी पहलुओं को एक साथ समझने और उनका व्यवस्थित अध्ययन करने की दिशा प्रदान करती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि खादी की पारंपरिक आत्मा को सुरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक तकनीक, डिजाइन, बाजार और सतत विकास की अवधारणाओं से जोड़ा जाए। यदि ऐसा संतुलन कायम किया जा सके, तो खादी अतीत की स्मृति भर नहीं रहेगी, बल्कि बदलते भारत की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय यात्रा में भी अपनी सार्थक भूमिका निभा सकती है।

और शायद यही खादीयोलॉजी का मूल उद्देश्य भी है—खादी को केवल पहनने की वस्तु नहीं, बल्कि समझने, संरक्षित करने और विकसित करने योग्य भारतीय ज्ञान-परंपरा के रूप में देखना।

अध्यात्म

## हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ नहीं बदलती



एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। कभी-कभी दोनों को दो अलग-अलग शिकार भी मिल जाते थे।

बहुत दिन से उनका यही क्रम चल रहा था। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक साँप मिला और दूसरे को एक चूहा।

अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे और एक-दूसरे की शिकार कथा सुनने के लिए एक डाल पर पास-पास बैठ गए। दोनों ने अभी तुरंत ही झपट्टा मार कर अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। पेड़ पर बैठकर बाजों ने जब उनकी पकड़ ढीली की तो सांप ने चूहे की ओर देखा और चूहे ने सांप को।

सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। यह दृश्य देखकर एक बाज गंभीर हो गया और विचारमग्न सा दिखने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए?

पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है।

वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ ही बदलती हैं।

# हनुमान अंश - फिल्म समीक्षा



रवि तिवारी

कल रात फिल्म देखने गए, जोरा मॉल के क्क्ष्क्र स्क्रीन नंबर 1 में गिनती के लोग थे जिन्हें हाथों की उंगलियों में गिना जा सकता था। पूरी फिल्म देखने के बाद जो मेरे मुख से पहली प्रतिक्रिया निकली वह थी ,÷ यह नीम करौली बाबा का चमत्कार ही है जो फिल्म पूरे भारत में रिकॉर्ड कलेक्शन के साथ चल गई÷।

भारतीय सिनेमा में संतों और आध्यात्मिक व्यक्तित्वों,देवी देवताओं पर फिल्म बनाना आसान काम नहीं है। आज से कई साल पहले ÷संतोषी मां÷ पर फिल्म बनी थी उसने भी उस समय रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी, लोगो में आस्था इतनी थी कि लोग सिनेमा हाल में श्रद्धा पूर्वक पैसे फेंका करते थे। ऐसा इसीलिए होता है कि इन चरित्रों के साथ करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी होती है और दर्शक उन्हें केवल एक फिल्मी पात्र के रूप में नहीं देखते बल्कि अपनी आस्था श्रद्धा के अनुकूल देखते है तथा उसमें भक्ति स्वरूप डूब जाते है। ऐसे में किसी संत के जीवन को पर्दे पर उतारना उनकी श्रद्धा, संवेदनशीलता और सिनेमाई दृष्टिकोण से बहुत कठिन और महत्वपूर्ण चुनौती स्वरूप हो जाता है।

'हनुमान अंश' इसी चुनौती को स्वीकार करती फिल्म है। निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने इस फिल्म के माध्यम से प्रसिद्ध संत नीम करौली बाबा के जीवन और उनकी आध्यात्मिक यात्रा को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। फिल्म में शोबिनव सत्य ने नीम करौली बाबा की केंद्रीय भूमिका निभाई है। उनके साथ विहान शेडगे, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी,अनिल रस्तोगी और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म के भजन प्रभावशाली अर्थपूर्ण है।

'हनुमान अंश' का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि फिल्म नीम करौली बाबा को केवल चमत्कारों के माध्यम से प्रस्तुत करने की कोशिश नहीं करती, बल्कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा और मानवीय पक्ष को भी सामने लाती है।कहानी का केंद्र एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा है, जिसके जीवन में सांसारिक मोह, पारिवारिक संबंध, पीड़ा, तलाश और अंततः अध्यात्म का प्रवेश होता है। यही यात्रा आगे चलकर उन्हें उस मुकाम तक ले जाती है, जहां वे अपने अनुयायियों के लिए 'महाराज जी' बन जाते हैं।फिल्म यह प्रश्न भी उठाती है कि आखिर कोई साधारण मनुष्य असाधारण आध्यात्मिक व्यक्तित्व कैसे बनता है? क्या संतत्व केवल चमत्कारों से प्राप्त होता है या उसके पीछे त्याग, साधना, करुणा और मानव सेवा की लंबी प्रक्रिया होती है?यहीं फिल्म अपने विषय को केवल धार्मिक कथा न रखकर मानवीय कथा में बदल देती है। फिल्म में नीम करौली बाबा की हनुमान भक्ति को कथा के केंद्र में रखा गया है। फिल्म का संदेश केवल यह नहीं है कि चमत्कार होते हैं। इसके पीछे प्रेम, सेवा, करुणा और दूसरे के दुख को समझने की भावना को महत्वपूर्ण बनाया गया है।फिल्म यह भी बताती है कि भक्ति का वास्तविक अर्थ केवल पूजा नहीं बल्कि मानवता की सेवा भी है।

नीम करौली बाबा के बारे में पहले से जानकारी रखने वाले दर्शक उनकी जीवन-यात्रा को एक मानवीय कहानी के रूप में देख सकते है। उनके भक्त केवल देश में ही नहीं पूरे विश्व में फैले हुए है उनमे कई प्रसिद्ध एवं बड़े लोगों के नाम शामिल है। जो लोग नीम करौली बाबा को नहीं जानते वे भी इस फिल्म को देखने के बाद इतिहास के पन्नो में उन्हें ढूंढेंगे जरूर।

फिल्म के सभी कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभाने की पुरजोर कोशिश की है, फिल्म के केंद्र बिंदु नीम करौली बाबा की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्य के बारे में दर्शकों के अलग अलग विचार हो सकते है,विहान शेड्गे बाल्यकाल के महाराज जी की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पूर्णिमा तिवारी की भूमिका छोटी जरूर थी लेकिन प्रभावशाली ढंग से कामयाबी के साथ प्रस्तुत हुई। फिल्म के निर्देशक विशाल चतुर्वेदी के लिए यह विषय निश्चित रूप से आसान नहीं रहा होगा। किसी जीवित आस्था और श्रद्धा से जुड़े संत की कथा को सिनेमाई रूप देना जोखिम भरा काम है जिसे उन्होंने बखूबी निभाया हैं। हालांकि,कुछ स्थानों पर फिल्म की गति धीमी पड़ती महसूस होती है और वह दर्शकों के मध्य आलोचनाओं का शिकार भी बनती है। 'हनुमान अंश' के भी कुछ दृश्य भी आलोचनाओं का शिकार बने है।दर्शकों ने यह भी महसूस किया है कि फिल्म में चमत्कारों पर अधिक जोर दिया गया है,जबकि कहानी के मानवीय और आध्यात्मिक पक्ष को पीछे कर दिया है।वह इसलिए कि नीम करोली बाबा चमत्कारी नहीं बल्कि आध्यात्मिक संत थे। यही फिल्म का सबसे दिलचस्प और बहस योग्य पहलू है।फिल्म के आध्यात्मिक वातावरण को बनाने में संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका है। भक्ति और लोकधुनों का इस्तेमाल कथा के भाव को मजबूत करता है। फिल्म से जुड़े गीतों में 'पार्वती' विशेष रूप से चर्चा में रहा है। सुनील लोधी अपने भजन के माध्यम से पूरे देश में चर्चित हो गए है।

फिल्म थोड़ी कमजोर पड़ती नजर आई है,कुछ स्थानों पर कथा की गति धीमी महसूस होती है। कई दृश्यों को अधिक कसावट के साथ प्रस्तुत किया जा सकता था। यही कारण है कि फिल्म को देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाएं एक जैसी नहीं हैं। कुछ समीक्षकों ने इसकी सादगी और श्रद्धापूर्ण प्रस्तुति को सराहा है, जबकि कुछ दर्शकों ने विशेष रूप से इसके दूसरे हिस्से में चमत्कारों की अधिकता पर आपत्ति जताई है।

%हनुमान अंश' एक ऐसी फिल्म है जिसे केवल धार्मिक फिल्म कहकर छोड़ देना उचित नहीं होगा। यह एक संत की जीवन-यात्रा, आस्था और मानवता को पर्दे पर समझने का प्रयास है।फिल्म हर दर्शक को एक जैसा अनुभव देगी, यह जरूरी नहीं। आस्था रखने वाले दर्शक इसके चमत्कारों और आध्यात्मिक प्रसंगों से अधिक जुड़ सकते हैं, जबकि दूसरे दर्शक इसकी मानवीय कथा और सेवा के संदेश को अधिक महत्व दे सकते हैं। अंत में केवल इतना ही कहना चाहूंगा कि इस फिल्म को एक बार देखना जरूर चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की सफलता..

भारत की अध्यक्षता में 18वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में ''सफलतापूर्वक'' सम्पन्न हुआ। वर्तमान ब्रिक्स में 11 सदस्य देश हैं और 10 साझेदार देश हैं। विश्व की लगभग आधी आबादी और क्रय-शक्ति समानता के आधार पर करीब 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी का प्रतिनिधित्व करने वाला यह समूह आज विश्व राजनीति में एक महत्वपूर्ण शक्ति बन चुका है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गंभीर तनाव रहा है। चीन और भारत के अपने सीमा एवं रणनीतिक गहरे मतभेद हैं। पिछले कुछ समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये, ''बडबोलापन'' भारत-अमेरिका संबंधों में आए तनाव और पाकिस्तान को लेकर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक समीकरणों में आए बदलावों ने भारत के सामने कई चुनौतियाँ खड़ी की हैं। इस सम्मेलन की असली सफलता केवल इतने बड़े संगठन की मेजबानी में नहीं है। बल्कि उक्त परिस्थितियों में असली परीक्षा थी, ''परस्पर विपरीत हितों और गंभीर मतभेदों वाले देशों को एक मंच पर लाकर सर्वसम्मति बनाना''।

ब्रिक्स की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता ही है। चीन और भारत के बीच सीमा विवाद है। ईरान और खाड़ी के कुछ देशों के बीच हाल के संघर्ष ने परिस्थितियों को और जटिल बनाया है। एक ओर रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि है, दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष। शस्त्रु देश पाकिस्तान पर चीन का वरद-हस्त। इन सबके बावजूद इन देशों के शीर्ष नेतृत्व का दिल्ली आना और भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संयुक्त घोषणा-पत्र का जारी होना निश्चित रूप से भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि है। यही वह बिंदु है जहाँ भारत की कूटनीति की परीक्षा थी, ''अलग-अलग सुरों'' को एक ''साझा राग'' में बदलना। विशेष रूप से ईरान और यूएई के बीच जिस मुद्दे पर पहले ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति नहीं बन पाई थी.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खर्चों में संतुलन और बातचीत में धीरज बनाए रखें। पैसों की स्थिति सुधारने के लिए पुराने खर्चों का हिसाब देखना सही रहेगा।

**वृषभ**
आज बचत का ध्यान और काम में मजबूती आएगी। निवेश, कर्ज या परिवार के पैसों से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। किसी के कहने पर तुरंत कोई फैसला न लें।

**मिथुन**
आज जल्दबाजी से बचाव और काम की प्राथमिकता समझें। भविष्य में पैसे सुरक्षित रखने की विचार मन में आएंगे। बचत बढ़ाने और फालतू खर्च रोकने के मौके मिलेंगे।

**कर्क**
आज लंबे समय की सोच और दफ्तर में सम्मान मिलेगा। पैसों के मामले में सुरक्षित सोच देंगे। बचत की पुरानी योजनाओं को बेहतर बनाने और घर के खर्चों का सही नियम तय करने से आने वाले समय में आर्थिक मजबूती बनी रहेगी।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और दिशा की समझ आ जाएगी। पैसों को लेकर नियम बनाने की जरूरत है। धीरे-धीरे बढ़े हुए छोटे खर्चों पर नजर रखें।

**कन्या**
आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। पैसों का हिसाब मजबूत रहेगा। आप फालतू खर्चों को तुरंत पकड़ लेंगे। कागजी काम या लेन-देन से जुड़े मामलों में पूरा समय लेकर ही फैसला लें।

**तुला**
आज लेन-देन में संतुलन और मीठी बोली का फायदा मिलेगा। अपनी पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन हो सकता है। खुद की खुशी के लिए खर्च करना ठीक है।

**वृश्चिक**
आज छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत रंग लाएगी। पैसों की सुरक्षा को लेकर सोच बनी रह सकती है। बचत और आने वाले खर्चों को लेकर साफ रहें।

**धनु**
आज साथियों से लाभ और सही योजना बनाना होगा। पैसों के बड़े फैसलों में सावधानी रखें। बड़े खर्चों के चक्कर में छोटे-छोटे भुगतानों और बजट की अनदेखी न करें।

**मकर**
आज नियम से बचत और जिम्मेदारी का काम मिलेगा। पैसों की स्थिति सुधारने में मदद करेगा। फालतू खर्च कम करके बचत की सही योजना बनाई जा सकती है। केवल ऊपर से अच्छे दिखने वाले मौके में पैसा लगाने का जोखिम न लें।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर कदम और नई योजना बनाना होगा। पैसों की व्यवस्था को थोड़ा नियम में लाने की जरूरत होगी। कमाई के नए रास्तों या दफ्तर के फायदों पर विचार हो सकता है।

**मीन**
आज जिम्मेदारी का एहसास और रुका काम पूरा होगा। अपनी जरूरतों और भविष्य के खर्चों के बीच संतुलन बनाने की सोच रहेगी। वक्री शनिदेव जल्दबाजी से बचने की सलाह दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सामान्य से आठ गुना बड़ा प्रोस्टेट का पारस हेल्थ में होलेप लेजर से सफल ऑपरेशन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामान्य से करीब आठ गुना बड़े प्रोस्टेट के कारण पेशाब की गंभीर समस्या से जूझ रहे 70 वर्षीय मरीज का पारस हेल्थ, पटना में अत्याधुनिक होलेप लेजर तकनीक से सफल इलाज किया गया। लंबे समय से पेशाब में रुकावट के कारण मरीज की यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमित कुमार ने होलेप लेजर तकनीक से सर्जरी कर बढ़े हुए प्रोस्टेट को पूरी तरह निकाल दिया।



डॉ. अमित कुमार ने बताया कि इतने बड़े प्रोस्टेट की होलेप तकनीक से सर्जरी बिहार में अभी कम ही की जाती है। पारंपरिक ओपन सर्जरी या टीयूआरपी में बड़े प्रोस्टेट के इलाज के दौरान रक्तस्राव का जोखिम अधिक हो सकता है। वहीं होलेप लेजर तकनीक में प्रोस्टेट के बढ़े हुए हिस्से को पूरी तरह हटाया जा सकता है और रक्तस्राव का जोखिम भी अपेक्षाकृत कम रहता है। पारस हेल्थ पटना के जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से जटिल यूरोलॉजिकल सर्जरी अब बिहार में ही संभव हो रही है।

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह और मरांची थाना पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मोकामा बायपास पर खड़े ट्रक से एसी चोरी के मामले में हाथीदह डीह निवासी अरुण पासवान के पुत्र रौशन कुमार (20) को देर रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया।वहीं, हत्या के प्रयास के मामले में दर्ज कांड संख्या 94/25 में फरार चल रहे वार्ड संख्या-13 निवासी अजय पासवान के पुत्र गोलू कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इधर, मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस ने देर रात छापेमारी कर कुख्यात शराब तस्कर बेगूसराय के सितारामपुर निवासी मेघन यादव के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ महाकाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले से ई-रिक्शा चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रामनगर निवासी सोनू कुमार (22) पिता विनोद गुप्ता ने मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि उसने सतीश पासवान पिता बाबूचंद्र पासवान ग्राम बदरोई से ई-रिक्शा खरीदी थी। सतीश पासवान ने यह ई-रिक्शा गुड़िया कुमारी पति मंगल कुमार ग्राम निशियावां से खरीदी थी।सोनू कुमार प्रतिदिन ई-रिक्शा चलाने के बाद उसे अपने घर के बाहर लगाकर सोने चले जाते थे। सुबह करीब 6 बजे जब वे जागकर बाहर निकले तो देखा कि उनके मेन गेट की कुंडी बाहर से लगी हुई है। उन्होंने घर से आवाज लगाई तो पड़ोस के लोगों ने आकर कुंडी खोली।बाहर आने पर देखा कि उनकी ई-रिक्शा गायब है। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी जब ई-रिक्शा का पता नहीं चला तो उन्हें यकीन हो गया कि अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। मसौढ़ी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., की आम सभा संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., ललित भवन बेली रोड, पटना के आम-सभा की बैठक बिहार विधान परिषद के उप सभागार में आहूत की गई। आम-सभा में मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता प्रो.(डॉ.) रामवचन राय, उप सभापति, बिहार विधान परिषद, पटना, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, स.वि.प., महेश्वर सिंह, स.वि.प., अनिल कुमार, स.वि.प.



एवं ममता सिंह, अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक लि., बुद्ध मार्ग, पटना एवं डॉ. अजय कुमार, अध्यक्ष,अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहकारी निगम, पटना ने भाग लिया। विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष के द्वारा आम सभा में आये सभी निदेशकगण एवं प्रतिनिधिगण का अभिनन्दन किया गया।आम सभा में दिनेश सिंह, राम विष्णु सिंह, सुदर्शन मिश्र, विकास कुमार, रंजीत झा, शम्भु सिंह एवं अन्य शामिल हुए।फेडरेशन की आम सभा में बिहार एवं झारखण्ड राज्य के फेडरेशन से सम्बद्ध सहकारी संस्था के 107 प्रतिनिधियों एवं निदेशकगण ने भाग लिया।अंत में बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., पटना के प्रबंध निदेशक ई. पी. मिश्रा के द्वारा सभी निदेशकगण, प्रतिनिधिगण एवं सभा में आये सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

### बाइक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित मोर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को सड़क पार करने के दौरान अज्ञात बाइक की चपेट में आने से 8 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुल्तानपुर दियारा निवासी चानमोहन कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि सुल्तानपुर दियारा में बाढ़ का पानी फैलने के बाद बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में मोर पेट्रोल पंप के आसपास शरण लिए हुए हैं। इसी दौरान बच्चा चानमोहन कुमार सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बाइक सवार की पहचान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 27 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अपराध नियंत्रण, अवैध हथियार, मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिपरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी कर लगभग 27 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, तीन मोबाइल फोन और 3500 रुपये नकद के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज कुमार (20 वर्ष) पिता विनोद सिंह, राजकुमार (30 वर्ष) पिता ओमनाथ सिंह, दोनों साकिन हीराचक थाना नौबतपुर और पिंटू कुमार (35 वर्ष) पिता विजय सिंह साकिन जट डुमरी थाना पुनपुन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर 18 सितंबर को पिपरा थानांतर्गत कल्याणचक गांव में कार्रवाई की गई। मौके से स्मैक के साथ तस्करी में प्रयुक्त तराजू और नकद राशि बरामद की गई। इस संबंध में पिपरा थाना कांड संख्या 128/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है।थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और इनके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### मसौढ़ी में राधाष्टमी पर भक्ति की बही धारा, 'राधे-राधे, श्याम मिला दे' से गूंजा परिसर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राधाष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को राधामाधव सेवा संस्थान द्वारा कृष्णा गुरुकुल स्कूल प्रांगण में भक्ति-भजन एवं नृत्य-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान "राधे-राधे, श्याम मिला दे" के जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण नर्सिंग होम के निदेशक व कृष्ण भक्त डॉ. रामजयपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कृष्णा गुरुकुल के छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण पर आधारित मनमोहक भजन और नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भजन गायिका विंध्याचली देवी समेत बच्चों ने भक्ति गीतों से राधा-माधव को रिझाया और भक्ति-प्रेम की याचना की।

## मसौढ़ी में जाम से जूझ रही जनता को लेकर प्रशासन गंभीर

# एसडीएम ने मैराथन बैठक कर वेंडिंग जोन किया चिह्नित, हटाया गया अतिक्रमण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर में लगातार लग रहे जाम से आम लोगों को हो रही परेशानी को लेकर अब प्रशासन गंभीर हो गया है। जाम की समस्या के समाधान के लिए शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम की अध्यक्षता में अधिकारियों की मैराथन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम धनराज कुमार ने की। इसमें एसडीपीओ राघव दयाल, थानाध्यक्ष विवेक भारती, बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, अनुमंडल कार्यपालक पदाधिकारी धर्मवीर कुमार और पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मौजूद रहे।





बैठक के बाद एसडीएम ने पदाधिकारियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे वाले खाली पड़े जगह को जायजा लिए, जहां वेंडिंग जोन बनाए जाने पर चर्चा की गई है, इसके अलावा पुराने बायपास रोड में रिक्शा, टेंपो लगाए जाने की बात कही गई, इसके अलावा कपूर्री चौक सहित शहर के प्रमुख जाम प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर में बेतरतीब ढंग से लगने वाले ई-रिक्शा, ऑटो और ठेला के लिए अलग जगह चिन्हित की जाएगी, ताकि मुख्य सड़क पर यातायात बाधित न हो। एसडीएम ने बताया कि जाम से निजात के लिए समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाएगा और नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार कर जल्द अमल में लाई जाए। इसी क्रम में विजय मार्केट के पास, बर्तन गली एवं कई जगहों पर सड़कों पर बेहतरीब ढंग से लगे हुए रिक्शा ठेला सडकों पर से अतिक्रमण हटाया गया।

# पटना सिटी में भव्य रूप से संपन्न हुई विश्वकर्मा शोभा यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल

**पटना सिटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा शोभा यात्रा भव्य रूप से संपन्न हुई। यह यात्रा गुरु के बाग यमुना पैलेस से प्रारंभ होकर गुड़ की मंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर तक निकाली गई। यात्रा का उद्घाटन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने किया। पारंपरिक झांकी, बैंड-बाजे और शिल्प उपकरणों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि आज की शोभा यात्रा ऐतिहासिक रही। विश्वकर्मा समाज ने एकता और अनुशासन का अद्भुत परिचय दिया है। यह सिर्फ जुलूस नहीं, हमारे शिल्प और कर्म के गौरव का उत्सव था। जब तक समाज में एकता की चेतना नहीं जागेगी, तब तक हम अपने अधिकार और सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकते। वहीं सुजाता शर्मा ने कहा कि जिस संख्या में माताएं-बहनें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं, वह देखने लायक था। राष्ट्रीय प्रवक्ता



दिवाकर शर्मा ने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि विश्वकर्मा समाज संगठित है और अपने हक के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने को तैयार है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुखदेव विश्वकर्मा ने कहा कि हमारा आयोजन पूरी तरह सफल रहा। गुरु के बाग से गुड़ की मंडी तक पूरे मार्ग में लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। यह अपार जनसमर्थन समाज की एकजुटता को दशार्ता है। यात्रा का समापन विश्वकर्मा मंदिर में आरती और भंडारे के साथ हुआ। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता अनिता शर्मा, वार्ड पार्षद बिनोद शर्मा, महासंघ के महासचिव आशीष आनंद, भिखारी शर्मा, विद्या भूषण शर्मा, राकेश शर्मा, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, गौरी शर्मा, राखी विश्वकर्मा, नीलू देवी, कौशल विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला से मारपीट, खाना-खर्च बंद करने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना मुसहरी गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट और भरण-पोषण बंद करने का मामला सामने आया है। पीड़िता मुंगिया देवी पति स्व. सुंदर पासवान ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार उनके तीन पुत्र हैं और पहले ही बंटवारा हो चुका है। बंटवारे के समय तय हुआ था कि सभी पुत्र मिलकर मां के भरण-पोषण के लिए खर्च देंगे। आरोप है कि छोटा बेटा बबलू पासवान ही किसी तरह उनका भरण-पोषण कर रहा है। अपने हक के पैसे की मांग करने पर बड़ा बेटा पैसा देने से इनकार कर देता है। इसी को लेकर 19.09.26 को घर में चर्चा हो रही थी, तभी पुतोहू निर्मली देवी, अंजू कुमारी और कोमल कुमारी, तीनों पिता महेश्वर पासवान, साकिन मुसहरी तरेगना ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की और धमकी दी कि एक रुपया नहीं मिलेगा, ज्यादा बोलेगी तो जान से मार देंगे पीड़िता ने बताया कि उनके नाम पर पुश्तैनी घर और मंझनपुरा थाना धनरूआ में खरीदी गई करीब दो बीघा जमीन है, महिला का कहना है कि उनके जीते जी जमीन का बंटवारा नहीं होना चाहिए।

# सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 'युवा संवाद कार्यक्रम' आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, शाखा-पटना एवं ए.एन. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 'युवा संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद का संदेश आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता माननीया निवेदिता रघुनाथ भिड़े (पद्मश्री), अखिल भारतीय अध्यक्ष, विवेकानन्द केन्द्र ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-संघर्ष, 11 सितंबर 1893 को शिकागो धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक व्याख्यान तथा अभावों के बीच रहकर भी विश्व को प्रभावित करने की उनकी क्षमता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में विषम परिस्थितियों के बावजूद भारतीय संस्कृति और विचार परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।मंच पर नगर संरक्षक डॉ. निर्मल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने युवा संवाद को अत्यंत लाभप्रद एवं प्रेरणादायी बताया।



# मसौढ़ी में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम, कुपोषण मुक्त समाज का संकल्प

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड में चल रहे पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं, गर्भवती और धात्री माताओं व बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। नगर परिषद क्षेत्र में सेविका बिंदु कुमारी के आंगनबाड़ी केंद्र पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेविकाओं और सहायिकाओं द्वारा बच्चों को पूरक आहार खिलाने का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित माताओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज, दाल, हरी सब्जी और फल से पौष्टिक भोजन तैयार करने की विधि बताई गई। केंद्रों पर पोषण से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें विभिन्न खाद्य सामग्रियों को आकर्षक ढंग से सजाकर संतुलित आहार का महत्व समझाया गया। साथ ही जागरूकता रैली भी निकाली गई। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में पोषण के पांच सूत्र - स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुगंधा कुमारी सहित सेविकाएं सुनीता कुमारी, अर्चना कुमारी, दीपा कुमारी, सुजाता कुमारी, फातिमा प्रवीण, राधा कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



## दो गुटों में हिंसक झड़प, चाकू से हमला, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के नदौल ओपी क्षेत्र के पकरी गांव में जमीन नापी के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसमें एक पक्ष ने महिला पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया, जबकि दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रथम पक्ष के अमीरक कुमार पिता पुकार बिंद ने नदौल ओपी में आवेदन देकर बताया कि सरकारी अमीन द्वारा जमीन की नापी की जा रही थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में एक महिला राजमंती देवी.पति राजकुमार बिंद गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जिसका इलाज मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है।इस मामले में ननकी देवी उर्फ उषा देवी पति रामइश्वर बिंद, अभिषेक कुमार और अजीत कुमार उर्फ अमरजीत उर्फ अजय कुमार सभी पिता रामेश्वर बिंद को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# कैंसर से डरें नहीं, मिलकर लड़ें-बिहार में शुरू होगा बीसीसीओ हेल्पलाइन सेंटर

**23 सितंबर को होगा शुभ उद्घाटन, जरूरतमंद मरीजों को इलाज की सलाह के साथ आर्थिक सहायता भी**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार कैंसर केयर ऑर्गेनाइजेशन हेल्पलाइन सेंटर का शुभ उद्घाटन 23 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच पिलर नंबर 91 के पश्चिम, शेखपुरा वेडिंग हॉल, बेली रोड, पटना में किया जाएगा। सेंटर का उद्घाटन बीसीसीओ के फाउंडर नवीन झा के हाथों होगा। इस महत्वपूर्ण पहल की जानकारी वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं कंसल्टेंट ऑन्कोलॉजिस्ट, पारस ल्टफ्क्र पटना, डॉ. हरिहरनाथ तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि बीसीसीओ का मुख्य उद्देश्य बिहार के कैंसर मरीजों एवं उनके परिवारों में जागरूकता फैलाना है, ताकि लोग कैंसर से डरें नहीं, बल्कि सही जानकारी, समय पर जांच और उचित इलाज के साथ इस बीमारी का मिलकर मुकाबला करें। डॉ. तिवारी ने बताया कि संस्था मरीजों को उचित इलाज की सलाह देने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद कैंसर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह संस्था बिहार की एकमात्र हेल्पलाइन सेंटर के रूप में काम करेगी और कैंसर मरीजों व उनके परिजनों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। आने वाले समय में इउउड की ओर से डोर-टू-डोर कैंपेन भी चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य अर्ली डायग्नोसिस एवं अर्ली ट्रीटमेंट को बढ़ावा देना होगा, ताकि कैंसर की पहचान शुरूआती अवस्था में हो और समय पर उपचार शुरू हो सके। डॉ. हरिहरनाथ तिवारी ने समस्त बिहारवासियों को बीसीसीओ के शुभ उद्घाटन के अवसर पर सादर आमंत्रित करते हुए अपील की कि कैंसर जागरूकता और जनसेवा के इस पावन अभियान में अपना मूल्यवान समय निकालकर जरूर पधारें और इस जनहितकारी पहल का उत्साहवर्धन करें।



# पितृपक्ष विशेष: क्यों कहा जाता है पुनपुन को आदि गंगा, जानिए पिंडदान की पौराणिक कथा

शशि तुलस्यान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष आते ही पुनपुन घाट पर पिंडदानियों का सैलाब उमड़ पड़ता है। गया से पहले पुनपुन में पिंडदान करने की परंपरा है, तभी तो इसे पिंडदान का प्रथम द्वार और आदि गंगा कहा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पुनपुन को आदि गंगा क्यों कहते हैं और यहां पिंडदान की शुरूआत कब से हुई? इसको लेकर पौराणिक कथा बेहद रोचक है। कहा जाता है कि धरती के स्वरूप और विकास को लेकर सप्त ऋषि एक घने जंगल में तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मदेव प्रकट हुए। तब सभी ऋषि उनके चरण धोने के लिए जल खोजने लगे। जल नहीं मिलने पर सभी ऋषियों ने अपने-अपने पसीने को एकत्रित कर कमंडल में रखा और ब्रह्मदेव के चरण धोने की कोशिश की, लेकिन बार-बार वह जल गिर जा रहा था। इसी दौरान ब्रह्मदेव के मुख से अनायास 'पुनः-पुनः' शब्द निकला और शब्द निकलते ही आकाश से जल का एक स्त्रोत फूटकर धरती पर आ गिरा। वही स्त्रोत आगे चलकर पुनपुन नदी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह मां गंगा का चौथा स्वरूप माना जाता है, इसलिए इसे आदि गंगा कहा जाता है। तब ब्रह्मदेव ने सप्त ऋषियों से कहा कि आपकी तपस्या पूर्ण हुई। आज के बाद जो भी मनुष्य इस नदी तट पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करेगा, उसके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होगी। गरुड़ पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। इसके अलावा एक कथा और भी यह भी है कि जब सृष्टि की रचना हुई तब महर्षि चैवण्य ने भगवान ब्रह्मदेव को कहा कि प्रभु पृथ्वी के प्राणी को मोक्ष कैसे मिलेगा तब उन्होंने महर्षि चैवण्य को तपस्या करने की राह दिखाई और वह घने जंगल में तपस्या करने चले गए जहां पर उनकी कमंडल में जल नहीं था जल नहीं मिलने के कारण वह अपने पसीने कोई इकट्ठा कर जल को कमंडल में डाल रहे थे लेकिन वह बार-बार गिर जा रहा था ऐसे में अनायास मुख से पुनः पुनः शब्द निकला वहीं से पुनपुन नदी की धारा निकली,बहरहाल मान्यता यह भी है कि भगवान श्रीराम ने भी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए सबसे पहले पिंड का तर्पण इसी पुनपुन नदी घाट पर किया था, उसके बाद गया के फल्गु तट पर जाकर विधि-विधान पूरा किया था।



## दुकानदार की पिटाई, तीन पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना के ठीक सामने सड़क पर टेंपू लगाने को लेकर हुए विवाद में एक दुकानदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित सती स्थान शिवाजी नगर मसौढी का निवासी है और मसौढ़ी मेन रोड, थाना के सामने ड्राई फ्रूट्स की दुकान चलाता है। आरोप है कि उसकी दुकान के सामने अक्सर अवैध रूप से टेंपू लगाकर रास्ता जाम कर दिया जाता है। मना करने पर टेंपू चालक अकड़ दिखाते हुए कहता है कि रोड तुम्हारे बाप का है।

# वीर पहाड़िया ने समाजसेवी हुसैन मंसूरी के साथ बिहार के बाढ़ प्रभावित इलाकों में वितरित की राहत सामग्री

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभिनेता वीर पहाड़िया ने मुंबई के समाजसेवी और परोपकारी हुसैन मंसूरी के साथ पटना में न सिर्फ बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए चलाए जा रहे राहत अभियान में हिस्सा लिया, बल्कि इस पहल में आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ उन्होंने खुद प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर जरूरी सामान भी वितरित किया। राहत अभियान के दौरान वीर ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को करीब से समझने की कोशिश की। उन्होंने लोगों को भोजन, रोजमर्रा की जरूरत का सामान, बच्चों के लिए पढ़ाई का सामान और परिवारों के लिए बेड सहित कई जरूरी चीजें बांटीं। गौरतलब है कि हुसैन मंसूरी लंबे समय से जरूरतमंद लोगों और प्रभावित समुदायों की मदद के लिए जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। इससे पहले वह असम में भी बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों में शामिल हुए थे। बिहार में चलाए गए इस अभियान में वीर पहाड़िया भी उनके साथ जुड़े और प्रभावित इलाकों में जाकर लोगों की मदद की। अभियान से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में वीर को बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों से बातचीत करते और उनके बीच राहत सामग्री बांटते हुए देखा जा सकता है।

# रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में एफ. डी . पी. सेल के द्वारा आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में 'सीखने और ध्यान के माध्यम से आईकेएस अनुकूलन' विषय पर आयोजित एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शिक्षण-पद्धतियों के साथ समन्वित करना तथा शिक्षकों में सजगता, चिंतनशीलता, नैतिक विवेक एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण की भावना को विकसित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) एन.के. अग्रवाल, निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार, अतिथि सम्मानित प्रो. अतुल आदित्य पांडेय, निदेशक, यू जी सी- एम एम टी टी सी , पटना विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद, प्राचार्य, बी.डी. कॉलेज, पटना, मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार सिंह, नोडल ऑफिसर, एफ डी पी सेल, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट वक्ता डॉ. शशि भूषण, सहायक प्राध्यापक एवं सहायक एफ डी पी नोडल ऑफिसर, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) एन.के. अग्रवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का अर्थ केवल प्राचीन ग्रंथों को पढ़ना नहीं है। भारत सरकार का आई के एस डिविजन भी इसे एक जीवंत परंपरा के रूप में देखता है। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने कहा कि शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा के समन्वय को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। प्रो.(डॉ) शैलजा सिन्हा, समन्वयक,एफ.डी.पी. सेल, ने कार्यशाला की विशेष प्रवेश के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा में उक्त श्रवण, मनन, निदिध्यासन को आत्मसात कर शिक्षण में उसकी महत्ता को प्रतिपादित किया। सम्मानित अतिथि प्रो. अतुल आदित्य पांडे जी ने एफ. डी. पी. कार्यक्रम की रूपरेखा बताई एवं विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।




CMYK

# सुरक्षित शनिवार के दौरान विद्यार्थियों को कराया गया भूकंप से बचाव का मॉकड्रिल

## प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षक के नेतृत्व में चला जागरूकता कार्यक्रम, भूकंप के दौरान सुरक्षित रहने के बताए गए उपाय

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 'सुरक्षित शनिवार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विद्यार्थियों को आपदा से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में भूकंप से होने वाले संभावित खतरे, राहत एवं बचाव के उपायों की जानकारी देने के साथ मॉकड्रिल कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, नोडल शिक्षक छविनाथ मांझी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं दिग विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार



सिंह, छविनाथ मांझी, सनोज कुमार राम, सोनाली नंदा, कुमारी अर्किता कुशवाहा, राज मोहम्मद अंसारी आदि ने छात्र-छात्राओं को भूकंप के दौरान घबराने के बजाय सावधानी बरतने और सुरक्षित तरीके अपनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि भूकंप के दौरान भवनों, दीवारों, खिड़कियों और भारी सामान से दूर रहना चाहिए। कक्षा के अंदर रहने की स्थिति में झुकें, ढकें और पकड़े रहें की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। मजबूत मेज या टेबल के नीचे जाकर सिर एवं गर्दन को सुरक्षित रखने तथा कंपन समाप्त होने तक सुरक्षित स्थान पर बने रहने का अभ्यास कराया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से बच्चों को यह भी बताया गया कि भूकंप के समय लिफ्ट का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा भगदड़ मचाने के बजाय शांत रहकर सुरक्षित तरीके से बाहर निकलना चाहिए। यदि विद्यालय भवन से बाहर निकलना आवश्यक हो तो खुले स्थान की ओर जाना चाहिए और बिजली के तार, पेड़, खंभे तथा कमजोर भवनों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

### आपात स्थिति में संयम और सतर्कता जरूरीः

सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी नोडल शिक्षक छविनाथ मांझी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को भूकंप के बाद की सावधानियों की भी जानकारी दी। बताया गया कि कंपन रुकने के बाद भी क्षतिग्रस्त भवन में तुरंत प्रवेश नहीं करना चाहिए। बिजली, गैस एवं अन्य संभावित खतरों से सावधान रहना चाहिए तथा किसी भी आपात स्थिति में विद्यालय के शिक्षकों एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों को आपदा से पहले की तैयारी के महत्व के बारे में भी बताया गया। आपातकालीन स्थिति के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, सुरक्षित स्थान की पहचान और परिवार के सदस्यों के साथ आपदा के समय अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी रखने पर जोर दिया गया। प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि आपदा की स्थिति में सही समय पर सही प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना है। नियमित रूप से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम और अभ्यास होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा में भी सहयोग कर सकते हैं। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भूकंप के दौरान अपनाए जाने वाले 'झुकें, ढकें और पकड़े रहें' जैसे सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक अभ्यास किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिला अग्निशमन पदाधिकारी, के कुशल नेतृत्व में राधाकृष्ण भवन, मोतिहारी में जिले के विभिन्न अस्पतालों के निदेशक/प्रबंधन के साथ अग्नि सुरक्षा एवं फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, आपातकालीन स्थिति में



सुरक्षित निकासी, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव तथा अस्पताल कर्मियों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा जनहित एवं मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देना निश्चित रूप से एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय पहल है। अस्पतालों जैसे संवेदनशील स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर विभाग और अस्पताल प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय किसी भी आपात स्थिति में अमूल्य मानव जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### तारेगना स्टेशन पर मिला युवक का शव

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन के डाउन लाइन प्लेटफॉर्म के उत्तरी छोर पर शुक्रवार की रात जीआरपी ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान शनिवार सुबह मोहम्मद हाशिम के पुत्र इकबाल (20) के रूप में हुई, जो मसौढ़ी के मालिकाना मोहल्ले का निवासी था।सुबह मृतक के परिजनों को सूचना मिली तो घरवाले और मोहल्ले के लोग तारेगना जीआरपी थाना पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।बताया जाता है कि मृतक इकबाल की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह अक्सर घर से निकल जाया करता था।जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

### अंतिम संस्कार में आए युवक की गंगा में डूबने की आशंका

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के सिमरिया घाट पर शनिवार शाम करीब 5:30 बजे अंतिम संस्कार में आए एक युवक के गंगा नदी में डूबने की सूचना से हड़कंप मच गया। युवक की पहचान बेगूसराय जिले के चकिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लवकी बिंद टोली निवासी इन्द्रदेव निषाद के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार दीपक कुमार अपनी दादी कारी देवी, पति कामों निषाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने सिमरिया घाट आया था। इसी दौरान वह गंगा नदी के पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मरांची थाना पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार सूचना के बाद सिमरिया घाट पहुंची एसडीआरएफ टीम ने नदी में युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार रात तलाशी अभियान रोक दिया।एसडीआरएफ टीम ने रविवार सुबह दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू करने की बात कही है। युवक के डूबने की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मां के साथ मारपीट, आरोपित युवक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव में मां के साथ मारपीट और घर में तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बरहपुर निवासी बिपिन कुमार के रूप में हुई है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, युवक की मां ने थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि बिपिन कुमार आए दिन नशे की हालत में अपनी मां के साथ मारपीट करता था और घर में तोड़फोड़ करता था।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना नदवां रेलवे स्टेशन से आगे मोरहर पुल के पास पोल संख्या 20/33 के समीप हुई। मृतक की पहचान धनरुआ थाना क्षेत्र के केवड़ा गांव निवासी त्रिभुवन कुमार पिता राजकुमार पासवान के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और धनरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। धनरुआ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। थानाध्यक्ष की माने तो पटरी पार करने को दौरान यह घटना घटी होगी फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

### जातिसूचक गाली मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के रैनियां गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर पीड़ित रामजीवन पासवान ग्राम रैनियां ने थाने में आवेदन दिया था। आरोप है कि दिनांक 02.03.26 को करीब 3 बजे उनके पड़ोसियों ने जमीन विवाद को लेकर घर पर आकर जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा और लोहे के रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार सिरदेव बिंद, सीता बिंद, मंगर बिंद, बसंत बिंद, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, चंदन कुमार सहित महिलाओं ने मिलकर उन्हें और उनके पुत्र रवि कुमार को



मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में सिर फटने से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़े। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी पत्नी और बहू के कान की बाली भी छीन ली और केस करने पर जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में भगवानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मंगर बिंद पिता स्व. बद्री बिंद, चंदन बिंद पिता बसंत बिंद, विकास कुमार पिता मंगर बिंद और बसंत बिंद पिता स्व. बद्री बिंद शामिल हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मामले में एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### दो महीने से प्रभार में चल रहा मसौढ़ी डीसीएलआर कोर्ट

दाखिल खारिज अपील वाद 2989 और भूमि विवाद निराकरण के 130 मामले पेंडिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय स्थित भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय पिछले करीब दो महीने से प्रभार में चल रहा है। स्थायी पदाधिकारी की पोस्टिंग नहीं होने से डीसीएलआर कोर्ट का कामकाज पूरी तरह बाधित है, जिससे जमीन विवाद से जुड़े सैकड़ों मामले पेंडिंग पड़े हैं और फरियादियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिसमें दाखिल खारिज अपील बाद में 2989 मामले पेंडिंग है, जबकि भूमि विवाद निराकरण के 130 मामले पेंडिंग चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में यह कार्यालय 17 जुलाई से लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली के प्रभार में चल रहा है। जिसके कारण डीसीएलआर कोर्ट नहीं चल पा रहा है। कोर्ट नहीं लगने से



दाखिल-खारिज, बंटवारा, जमाबंदी सुधार और जमीन विवाद से जुड़ी सुनवाई अटकी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मसौढ़ी अनुमंडल के तहत बड़ी संख्या में जमीन से जुड़े मामले आते हैं। कोर्ट बंद रहने से रोज अनुमंडल कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई मामलों में तारीख पर तारीख मिल रही है, लेकिन सुनवाई नहीं हो पा रही है।फरियादियों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द मसौढ़ी में स्थायी डीसीएलआर की पोस्टिंग करने की मांग की है ताकि लंबित मामलों का निष्पादन हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# एमजीसीयू में पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 'सेवा पखवाड़ा' 2 अक्टूबर तक किया जायेगा संचालित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया गया। 'सेवा पखवाड़ा' 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा, जिसमें पृथ्वी को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण और जन जागरूकता जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।



माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा प्रकल्पित 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव जी का उत्साह पूर्ण सहयोग प्रेरणा एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की संकल्पना की प्रशंसा करते हुए यह संदेश प्रेषित किया कि पृथ्वी भी माँ के समान ही समादृत है इसलिए पृथ्वी को मां के समान सम्मान देते हुए उसे हरा भरा रखना हम सबका कर्तव्य है। इस कर्तव्य बोध को प्रकाशित करने के लिए ही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 5 जून 2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। पृथ्वी हमें माँ की तरह ही पोषित करती है इसलिए पृथ्वी के प्रति भी मां का भाव रखना हम सब मनुष्यों का परम कर्तव्य है और इसी में समस्त मानव का कल्याण भी निहित है। इसलिए इतनी सुंदर और कल्याणकारी प्रकल्पना के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना करता हूँ। इस अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो प्रसून दत्त सिंह ने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकल्पित 'एक पेड़ मां के नाम' की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने इस संकल्पना के स्वरूप उद्देश्य एवं परिणाम की सूक्ष्म विवेचन करते हुए समस्त प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसरपर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. बबलू पाल तथा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के शिक्षकगण गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो सुनील महावर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के सह आचार्य डॉ जुगल किशोर दाधीच, समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ मृत्युंजय सिंह, समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ अनुपम कुमार वर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, संस्कृत विभाग के आचार्य प्रो श्याम कुमार झा, संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मणि शंकर द्विवेदी, डॉ. विश्वजीत बर्मन, हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर रामलाल बगाड़िया, तथा गांधी और शांति अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ अंबिकेश त्रिपाठी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। पौधरोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

# छापेमारी कर 40.500 लीटर विदेशी शराब जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश के आलोक में जिले में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी रूप से लागू करने तथा अवैध शराब के कारोबार एवं सेवन के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, हाजीपुर (वैशाली) तथा मद्य निषेध मुख्यालय की टीम द्वारा संयुक्त रूप से हरिजन कॉलोनी, थाना रोड, हाजीपुर स्थित एक आवासीय मकान में छापेमारी की गई। संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी के दौरान उक्त आवासीय मकान से करीब 40.500 लीटर विदेशी शराब बरामद कर जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। डीएम ने कहा कि बिहार में लागू मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं सेवन पर प्रतिबंध है। जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि शराब के अवैध निर्माण, बिक्री, भंडारण अथवा परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर इसकी जानकारी संबंधित प्रशासनिक अथवा मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारियों को दें, ताकि समय पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# उत्तम सिंह बने शाहजहांपुर थानाध्यक्ष, बमबम कुमार का पुनपुन में हुआ तबादला

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोक्षदायनी गंगा यमुना सरस्वती की पावन धरती प्रयागराज से आये दनियावां प्रखंड के शाहजहांपुर थाने में नए थानाध्यक्ष उत्तम सिंह ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। वही प्रयागराज पुराना नाम इलाहाबाद जहां की हिंदी की विश्वविख्यात महान छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा आयीं थीं। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने उस समय महादेवी वर्मा को प्रयागराज की सरस्वती की उपमा से नवाजा था। इसके पहले उत्तम सिंह पटना के आईजी कार्यालय में उच्च पुलिस पदाधिकारी पद पर रह चुके हैं।वहीं बमबम कुमार करीब दो महीने में ही अपनी छाप छोड़ कर पुनपुन थाना(पटना) में योगदान देकर सिर्फ यादें छोड़ गए।उनकी स्मृतियां ऐसी हैं-'न जी भर के देखा न कुछ बात की,बड़ी आरजू थी मुलाकात की!' हालांकि दोनों थानाध्यक्ष ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं,ये जॉब में ट्रांसफर,आना जाना का सिलसिला लगा ही रहता है। नए थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने हरे भरे परिवेश में रचे बसे शाहजहांपुर थाने में वेहतर कानून व्यबस्था, गरीब-गुरबों की मदद, पुलिस-पब्लिक में संवाद,वेहतर समन्वय और वारंटियों पर कारवाई की बात कही। बिहार सरकार की जारी वाइन, देशी शराब में महुआ है अंगूरी वाली, यूरिया देशी भट्ठियों को तत्काल



नष्ट करने का आदेश पारित कर दिया है।कई सुदूरवर्ती धरधा नदी वेस्ट इलाकों में चेकिंग पॉइंट्स बनाने का भी पुलिस मुख्यालय से आये दिशा निर्देश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी जुनियर्स पुलिस को मीटिंग्स भी ली।नवयुवक नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष श्री अनिल फौजी प्रेमी,सचिव मुन्ना कुमार (खरभैया पैक्स अध्यक्ष), मिडिया प्रभारी डॉ. राजीव नयन सिंह, रामनिरंजन प्रसाद,मंटू कुमार (अध्यापक), पप्पू कुमार रंगकर्मी,श्री अखिलेश स, अम्बर पटेल,मुकेश कुमार,रितेश,ऋषि,बमशंकर व अन्य ने स्वागत, अभिनंदन और हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। वहीं,स्व. लाला सिंह स्मृति मंच,मसाढ़ी के अध्यक्ष अरविंद सिंह,बीरबहादुर सिंह,इंद्रजीत कुमार घोष व अन्य ने भी अभिनंदन किया है।

# डीएलएसए सचिव ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, के सचिव नितिन त्रिपाठी ने अपराह्न पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता का जायजा लिया तथा भोजन की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। सचिव ने पर्यवेक्षण गृह परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, शौचालयों का समुचित रख-रखाव एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा दीवारों की आवश्यक मरम्मत एवं पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। जहां-जहां दीवारों में सीलन (डैम्प) है, वहां उसके स्थायी समाधान एवं आवश्यक मरम्मत कराने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एवं सुरक्षा-व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। त्रिपाठी ने नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था की जांच एवं सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया, ताकि पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर विधिक सहायता डेस्क का भी निरीक्षण किया गया तथा विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

# बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार, प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं आवश्यक सेवाएं जारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ का पानी लगातार घट रहा है तथा बाढ़ की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की लगातार समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है। जलस्तर में कमी के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में जिले के 32 पंचायत, 02 नगर निकाय, 93 गांव एवं 12 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में कुल प्रभावित आबादी 2,98,800 है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए वर्तमान में कुल 46 नावों का परिचालन किया जा रहा है। जलस्तर कम होने के बावजूद जहां भी आवागमन की आवश्यकता है, वहाँ नावों के माध्यम से लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।बाढ़ के दौरान प्रभावित परिवारों को वर्षा एवं जलभराव से बचाव के लिए अब तक कुल 48,255 पॉलिथीन शीट वितरित की जा चुकी हैं। राहत व्यवस्था के अंतर्गत अब तक कुल 11,53,289 भोजन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों के बीच अब तक 19,180 ड्राई राशन पैकेट का वितरण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ 2026 से प्रभावित वैसे नागरिक, जिनका नाम अभी तक जीआर वितरण सूची में शामिल नहीं हो पाया है, उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपना नाम जीआर वितरण सूची में शामिल कराने हेतु अपने संबंधित अंचलाधिकारी से संपर्क करें तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन/दावा प्रस्तुत करें।

### जीआर वितरण सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा

आवेदक के स्व-प्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति। पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति। सभी बच्चों के आधार कार्ड की छायाप्रति। बैंक खाता विवरण/बैंक पासबुक की छायाप्रति। आधार से लिंक बैंक खाते का प्रमाण/विवरण।

### आधार सहमति पत्र।

प्रभावित नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त सभी दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन स्वयं अथवा अपने परिवार के अधिकृत सदस्य के माध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि पात्रता के अनुसार उनके नाम को ऋफ वितरण सूची में शामिल करने की आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को बिचौलियों/दलालों से सावधान रहने की अपील की गई है। जीआर वितरण सूची में नाम जोड़ने अथवा राहत राशि दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को कोई पैसा, कमीशन या अन्य राशि नहीं दें। जीआर सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में केवल संबंधित अंचल कार्यालय/अधिकृत पदाधिकारियों से संपर्क करें। यदि कोई व्यक्ति जीआर राहत के नाम पर राशि की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित पदाधिकारी को दें, ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# बाढ़ में मुखिया ने सार्वजनिक प्रदर्शन के साथ हथियार पूजन महोत्सव आयोजित किया

## पुलिस ने की छापेमारी, आठ में निकले चार हथियार अवैध, दो भाई गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बेढ़ना पूर्वी मुखिया राजकुमार गोप ने प्रदर्शन के साथ सार्वजनिक रूप में घर के सामने हथियारों का पूजन महोत्सव आयोजित किया। इसी दौरान पुलिस को भनक लग गई। पुलिस ने छापेमारी कर आठ हथियार बरामद किये जिसमें चार हथियार गैर कानूनी मिले। मौके पर दो आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसमें एक मुखिया का भाई रणवीर कुमार तथा दूसरा उसका चचेरा भाई राहुल कुमार है। दबंग मुखिया राजकुमार गोप ने गुरुवार को बासोबागी गांव स्थित अपने घर के परिसर में हथियारों की खुलेआम नुमाइश करते हुए धार्मिक तरीके से पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें मुखिया के काफी समर्थक मौजूद थे। इस दौरान पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार कर सजाये गये हथियारों में अक्षत चंदन लगाया जा रहा था। इसके कारण गांव में दहशत कायम हो गया। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। बाढ़ पुलिस टीम ने अचानक मुखिया के घर की घेराबन्दी कर छापेमारी की। इस दौरान



मौके पर आठ आग्नेयास्त्र बरामद किए गए जिसमें तीन राइफल, एक डीबीएल गन, एक पिस्टल, मैगजीन सहित बरामद किया गया। मौके पर रणवीर कुमार पिता राम प्रवेश गोप और राहुल कुमार पिता विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अन्य लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

### चार आग्नेयास्त्र को पुलिस ने किया मुक्त

पुलिस ने बताया कि बरामद आग्नेयास्त्र में से चार का लाइसेंस दिखाया गया जिसे सत्यापन के पश्चात मुक्त कर दिया गया। दो पिस्टल ,एक राइफल और एक गन को पुलिस ने अवैध करार देते हुए जब्त कर लिया। राइफल और गन विनोद कुमार के नाम से जारी किया गया था। विनोद कुमार की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व हो चुका था। लेकिन उनके हथियार को सरेंडर करने के बजाय उसे छुपा कर लाइसेंसी हथियार के रूप में प्रदर्शन किया जा रहा था। मौके पर पुलिस ने इटली का बना हुआ पिस्टल बरामद किया हुआ है। इस मामले को लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। इसमें रामप्रवेश गोप, उसके पुत्र मुखिया राजकुमार गोप, भतीजा राहुल कुमार और पुत्र रनवीर कुमार को नामजद किया गया है।

### सेवानिवृत रेल कर्मचारी है मुखिया का पिता

इस मुकदमे में नामजद किए गए राम प्रवेश गोप रेलवे विभाग का सेवानिवृत कर्मचारी है। वही उसका भाई स्वर्गीय विनोद कुमार भी सरकारी कर्मचारी था। उनके नाम से ही दो हथियार बरामद हुए हैं जिन्हें न तो सरेंडर किया गया और नहीं उनके लाइसेंस का नामांतरण हुआ। इनका इस्तेमाल मुखिया के द्वारा किया जा रहा था। इनकी दशकों से अदावत पंचायत के ही पूर्व मुखिया और पडोसी निकटतम रिश्तेदार से चल रही है ।दोनों एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं जिसके कारण पूरा पंचायत अशांत है।

### बरामद हथियार

तीन राइफल ,एक डीबीबीएल गन, एक सिक्सर, एक पिस्टल.32 बोर ,दो पिस्टल एक इटली का और एक लोकल, मैगजीन

### हथियार लेकर पंचायत करना रोज की आदत

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी मुखिया पर पूर्व से कई केस दर्ज हैं जिसमें रंगदारी, मारपीट और कब्जा करने का आरोप है। ग्रामीणों ने बताया कि हथियार लेकर ग्रामीण विवादों की पंचायत करना मुखिया की रोजमर्रा की रूटीन थी। हाल ही में मुखिया और उसके समर्थकों द्वारा मारपीट की गई थी ।इसमें दोनों तरफ से हमले किए गए । जिसमें दो लोगों को गोली लगी थी ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग' एवंजिला बाल संरक्षण समिति की समीक्षा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित एनआईसी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव व्यापार निवारण) एवं 'जिला बाल संरक्षण समिति' की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में मानव तस्करी, बाल श्रम पर रोक लगाने तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा व उनके पुनर्वास को लेकर कड़े दिशा-निर्देश दिए गए।

### बैठक के मुख्य बिंदु एवं निर्देशः

भारत-नेपाल सीमा से सटे होने के कारण जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए रक्सौल बॉर्डर, रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए। इसके लिए एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सशस्त्र सीमा बल, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और स्थानीय पुलिस को आपस में बेहतर समन्वय बनाकर 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया।

### बाल श्रम एवं तस्करी पर नकेलः

होटल, ढाबों, ईंट-भट्ठों, छोटी फैक्ट्रियों व अन्य व्यावसायिक स्थलों पर बाल श्रम कराने वालों के विरुद्ध नियमित छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। तस्करी या बाल श्रम में संलिप्त लोगों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुनर्वास व चाइल्ड हेल्प डेस्कः

रेस्क्यू किए गए बच्चों को त्वरित चिकित्सकीय सुविधा, काउंसलिंग और सुरक्षित पुनर्वास उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। चाइल्ड हेल्प डेस्क और हेल्प लाइन को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

# लोक कलाकारों से निबंधन का मंत्री ने किया आग्रह

**लोक कलाकारों के हित को ले मंत्री को सौंपा ज्ञापन**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर जिउतिया लोकोत्सव को लेकर कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा तीन लाख रुपये की राशि आवंटित करने के बाद शहर में संशय है, असंतोष है, विरोध का भाव है। ऐसी स्थिति में जिउतिया संस्कृति पर शोध पर कार्य करने वाले उपेंद्र कश्यप ने एक ज्ञापन खान व भूतत्व सह कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को दिया। श्री चंद्रवंशी शुक्रवार को अपने निर्धारित यात्रा के क्रम में भखरुआं स्थित अरविंद हॉस्पिटल में रुके, जहां डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता अजय कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, शिक्षक उदय सिंह एवं अन्य ने उन्हें सम्मानित किया। बाद में मुख्य पार्षद अंजली कुमारी, वार्ड पार्षद दिनेश कुमार, प्रतिनिधि गणेश राम, अमित कुमार व प्रशांत कुमार एवं अन्य ने मंत्री से मुलाकात कर अपनी बातों को रखा। ज्ञापन में मांग या सुझाव दिया गया है कि यह राशि लोकोत्सव के आयोजन पर 100 प्रतिशत खर्च होना सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय लोक कलाकारों को ही मंच पर प्रस्तुति का अवसर दिया जाए। भले ही वे संबंधित विभाग से निबंधित या पंजीकृत न हों। किसी तकनीकी वजह से मंच पर प्रस्तुति से वंचित न हों, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकार को सरकार द्वारा आवंटित राशि से नगदी (चेक, या डिजिटली ट्रांसफर) पुरष्कार दिया जाए। अगर नगदी पुरस्कार देने में निबंधन/पंजीकरण की तकनीकी समस्या हो तो यह खर्च नगर परिषद द्वारा कराए जाने की व्यवस्था की जाए। इस पर मंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि निबंधित कलाकारों को ही सरकार के मंच पर अवसर मिलता है। उन्होंने आग्रह किया कि दाउदनगर जिउतिया लोकोत्सव को सांस्कृतिक कैलेंडर में स्थान दिया गया। राशि आवंटित की गई है। अब कलाकार सरकार के पोर्टल पर जाकर अपना निबंधन कराएं। इधर कलाकारों का कहना है कि निबंधन में कई प्रकार की समस्या आ रही है, इस कारण निबंधन नहीं हो पा रहा है।

## मौर्य प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक सह शिक्षा मंच नवादा के तत्वावधान में आयोजित मौर्य प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मंच के राष्ट्रीय संयोजक व औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक मंच के मिर्जापुर स्थित जिला कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मंच के संरक्षक रामकिशुन महतो व संचालन जिलाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सम्मान प्राप्त करने हेतु आने वाले प्रतिभावान बच्चों व उनके साथ आने वाले अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए विशेष तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में विनोद कुमार, विजय कुमार, अरुण कुमार मौर्या, दीपक कुमार, डा विनीता प्रिया, अविनाश कुमार निराला, राजेश कुमार,एमके सिन्हा, रविकांत कुमार, अरविंद कुमार, महेश्वरी प्रसाद, राजकुमार प्रसाद कुशवाहा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# आज की पीढ़ी अधिकारों के प्रति सजग और परिवर्तनकामी : एमएलए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। विवेकानंद मिशन स्कूल में शनिवार को यूथ फ़ॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रशासक सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स ने क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को सम्मानित किया। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। विधायक के साथ चिंटू मिश्रा और प्रशांत इंद्र गुरु सम्मानित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विप्लवी ने किया। विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने कहा कि नई पीढ़ी अपने अधिकारों को लेकर सजग है। वह परिवर्तन चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान जेन जी से संवाद करना चाहते हैं। उनकी आकांक्षा उनकी महत्वाकांक्षाओं को जानने की कोशिश की जा रही है। सरकार यह जानना चाहती है कि आज की पीढ़ी शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में क्या सुधार चाहती है। 24 सितंबर को पटना में-यूथ बोले तो- कार्यक्रम का आयोजन है। जिसमें चिराग पासवान युवा पीढ़ी से सीधे संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विधायक ने छात्र-छात्राओं को आमंत्रित भी किया।



# नप करेगी अपने स्तर से जिउतिया लोकोत्सव

**प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर बन सकती है रणनीति कई मुद्दों पर नगर परिषद की बैठक में हुई चर्चा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। नगर परिषद के मासिक बैठक में जिउतिया लोकोत्सव के आयोजन समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद अंजली कुमारी ने की। संचालन वार्ड पार्षद सोनी देवी ने की। कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी ने बैठक के बारे में मीडिया को बताया कि कला संस्कृति विभाग द्वारा तीन लाख रुपये की राशि जिउतिया के लिए आवंटित हुई है। इसके बाद बदली हुई परिस्थिति में जिला और अनुमंडल प्रशासन के साथ बैठक होगी। समन्वय बनाकर तय होगा कि किनकी क्या भूमिका रहेगी। रणनीति में क्या बदलाव लाया जा सकता है, यह सब विचार विमर्श के बाद तय होगा। महत्वपूर्ण है कि वार्ड पार्षदों ने लगभग एक स्वर से कहा कि सरकार द्वारा आवंटित राशि का इस्तेमाल ना हो। नगर परिषद जैसा आयोजन करते रहा है, वैसा अपने स्तर से करे। भूतनाथ स्थित पार्क के शीघ्र उद्घाटन करने, सभी वार्डों में 50- 50 लाख रुपये की योजना का टेंडर करने, और 15-15 लाख रुपए का विभागीय कार्य कराने पर चर्चा हुई। नगर परिषद द्वारा पुस्तकालय खोलकर उसे संचालित करने के मुद्दे पर कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी ने बताया कि टेंडर हो गया है। शीघ्र ही नया पुस्तकालय शहर को उपलब्ध हो सकता है। मुख्यपार्षद अंजली कुमारी ने संबंधित कर्मियों को तिरंगा लाइट जिउतिया से पहले जलाने का आदेश दिया। कहा कि ऐसा नहीं करने पर सेवा से हटा दिया जा सकता है। स्वच्छता साथी का भुगतान आंतरिक स्त्रोत बनाम सरकार के आवंटन प्राप्त होने पर भी चर्चा हुई।



## विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान पाने वाले ऋषिकेश सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद**। जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर उच्च माध्यमिक विद्यालय अहियापुर और हसपुरा प्रखंड का नाम रोशन करने वाले नवम कक्षा के छात्र ऋषिकेश कुमार तथा उनके मेंटर शिक्षक महताब आलम को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने ऋषिकेश कुमार और मेंटर शिक्षक महताब आलम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

# रफीगंज में हावड़ा-मुंबई मेल व पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और ट्रेनों के ठहराव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां ने पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के महाप्रबंधक को मांग पत्र भेजा है। इसमें रफीगंज स्टेशन पर हावड़ा-मुंबई मेल और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ठहराव समेत कई मांगें रखी गई हैं। मांग पत्र में 12321/12322 हावड़ा-मुंबई मेल तथा 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का रफीगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की गई है। इसके अलावा सासाराम से गया के बीच एक नई ईएमयू पैसेंजर ट्रेन चलाने का आग्रह किया गया है, जिसका रफीगंज स्टेशन पर दोपहर 1 से 2 बजे के बीच ठहराव हो। अहमद रजा खां ने रेलवे परिसर की जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण कराने तथा रफीगंज रेलवे परिसर में पे एंड यूज सुलभ शौचालय का जल्द निर्माण कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के अभाव में यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग पत्र में रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन स्लोपिंग फुट ओवरब्रिज को भी जल्द चालू कराने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने रेल प्रशासन से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द कार्रवाई करने की अपील की है। मांग पत्र की प्रतिलिपि रफीगंज स्टेशन प्रबंधक को भी दी गई है।



## एक नजर

### सात दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव


**मदनपुर**। मदनपुर दूर्गा चौक पर स्थित मां दूर्गा मंदिर परिसर में सात दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन महाकाल मंडली द्वारा किया गया। श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव श्रद्धा भक्ति और भाव से मनाया गया जिससे पुरे क्षेत्र में श्रद्धा भक्तिमय माहौल है। भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। धार्मिक अध्यात्मिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना और सुबह शाम सामूहिक महाआरती किया जाता है। महा भडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महामंडली कमेटी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा भक्ति और सेवा भाव से लोगों की सेवा प्रदान किए। भगवान गणेश की विधि विधान पूर्वक विद्वान पूजारियों के मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना से धार्मिक अध्यात्मिक का वातावरण बना रहा। श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर रविवार की संध्या में जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महा मंडली कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानदत्त पाण्डेय ने बताया कि श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव पिछले कई वर्षो से आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस आयोजन में कमेटी के सदस्यों के साथ ही ग्राम वासियों की सराहनीय भूमिका रहता है। मदनपुर बाज़ार और रोड का सजावट किया गया है। तोरणद्वार बनाएं गए हैं। मां दुर्गा मंदिर और हनुमान मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और लाईटों से सजावट किए जाने से आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।

### सोलर अपनाएं, बिजली बिल में पाएं राहत, विभाग ने लगाया जागरूकता कैंप



**हसपुरा (औरंगाबाद)**। बिजली की बचत और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना को लेकर बिजली विभाग की ओर से शनिवार को हसपुरा प्रखंड मुख्यालय परिसर में जागरूकता कैंप लगाया गया। कैंप में आम लोगों को योजना के लाभ, सब्सिडी और सोलर प्लांट लगाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कनीय विद्युत अभियंता प्रकाश चंद्र कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को योजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घर की छत पर सोलर प्लांट लगाकर बिजली की खपत और बिल में कमी लाई जा सकती है। विभाग के अनुसार एक किलोवाट के सोलर प्लांट की लागत 70 हजार रुपये है, जिस पर 40 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं दो किलोवाट के प्लांट की लागत 1.40 लाख रुपये पर 80 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट के प्लांट की लागत 2.10 लाख रुपये पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी की जानकारी दी गई। आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ईएमआई के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था भी बताई गई। जेई ने लोगों से योजना की पूरी जानकारी लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की। कैंप में राजेश मिश्रा, मनोज कुमार, सिकंदर अहमद सहित अन्य विद्युतकर्मी मौजूद थे।

### डॉ. सुमन कुशवाहा बने राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**गोह/हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) ने गोह विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता व दंत चिकित्सक डॉ. सुमन कुशवाहा (कुशवाहा मार्केट, डेंटल पार्क, गोह) को पार्टी के चिकित्सक प्रकोष्ठ का औरंगाबाद जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा और हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने कहा कि डॉ. कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और जमीनी स्तर पर प्रकोष्ठ का तेजी से विस्तार होगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन कुशवाहा ने मनोनयन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह तथा चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार के प्रति आभार जताया। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। पार्टी की नीतियों और विचारों को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सकों व कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़कर प्रकोष्ठ का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता होगी। मनोनयन पर प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, विनोद कुमार सिन्हा, रामबली सिंह, पार्टी नेता राकेश रौशन, पूर्व अतिपिछड़ा जिलाध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी, सुनील ठाकुर, कृष्ण मेहता, चितरंजन कुमार वर्मा, राकेश कुशवाहा, अशोक सिंह, चितरंजन ठाकुर, बिजेंद्र सिंह, नंदकिशोर मेहता, राजेश कुमार विचारक, राजेश कुमार और सचिन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# ब्लैक स्पॉट की हुई सफाई, ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

**स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कचरा हटाकर ग्रामीणों को किया जागरूक**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के केराप पंचायत स्थित कर्मा मसूद भुईयां टोला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लंबे समय से कचरा जमा होने वाले चिन्हित ब्लैक स्पॉट की विशेष साफ-सफाई कराई गई। पंचायत के स्वच्छता कर्मियों ने स्थल पर जमा कचरे को हटाकर आसपास के क्षेत्र की भी सफाई की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। टीम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कचरा फेंके जाने से कई स्थानों पर कचरे का अंबार लग जाता है। ऐसे चिन्हित स्थलों की नियमित्र सफाई कर उन्हें दोबारा कचरा मुक्त रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड स्वच्छता टीम की धन्वन्ति कुमारी, रविंद्र शर्मा, नीरज पाठक, रविंद्र कुमार, चंदन कुमार, दीपक कुमार, मृत्युंजय कुमार, पंकज चौधरी, मोहम्मद नौसाद, कपिलदेव राम, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार एवं अजय कुमार सहित पंचायत के स्वच्छता कर्मी, डब्लयूपीयू कर्मी और ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे।



# हसपुरा के आठ एएसआई बने एसआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद**। दाउदनगर एसडीओ कार्यालय परिसर में शनिवार को पुलिस पदाधिकारियों के प्रमोशन को लेकर पीपिंग समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रभूषण ने एएसआई से एसआई पद पर प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों को नई वर्दी पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। हसपुरा थाना के बी. खलीफा, देवेंद्र भगत, दयानंद कुमार मंडल, नेहाल अहमद, गमनेश मांझी, राजेश कुमार, अमरेश कुमार और औरंगजेब आलम समेत कुल आठ पुलिस पदाधिकारी एएसआई से एसआई बने। अनुमंडल क्षेत्र में कुल 58 पुलिस पदाधिकारियों को पदोन्नति मिलने की जानकारी दी गई। एसडीपीओ चंद्रभूषण ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि नई वर्दी के साथ नई जिम्मेदारी भी जुड़ती है। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों से कानून-व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपील की। समारोह में पुलिस पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल रहा। मौके पर दाउदनगंर पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार, हसपुरा पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार, रफीगंज पुलिस निरीक्षक विनय कृष्ण प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# बिना चालान 37.8 हजार किलो गिट्टी ले जा रहा ट्रक जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। जिले में अवैध खनिज परिवहन पर लगाम लगाने के लिए जिला खनन कार्यालय ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन टीम और रजौली पुलिस के संयुक्त छापे में बिना वैध चालान के गिट्टी लदा 12 चक्का ट्रक पकड़ा गया। वाहन को जांच चौकी पर पुलिस बलों की सुरक्षा में रखा गया है। जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के निर्देश पर खनिज विकास पदाधिकारी अंकित कुमार के नेतृत्व में खनन निरीक्षक अंजनी कुमार और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के सहयोग से एनएच-20 पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन संख्या जेएच02बीपी6563 को रोका गया। जांच में ट्रक से गिट्टी का कोई चालान और परिवहन से जुड़ा दस्तावेज नहीं मिला। धर्मकांटा पर तौल करने पर वाहन में लदे लघु खनिज पत्थर सहित कुल वजन 37800 किलो पाया गया। खनन निरीक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि ट्रक मालिक भी खनन राजस्व जमा करने का प्रमाण नहीं दे सका। बिना चालान और बिना राजस्व जमा किए खनिज का परिवहन "बिहार खनिज (समनुदान, अवैध खनन, भंडारण, परिवहन एवं निवारण) नियमावली-2019 यथासंशोधित 2026" का स्पष्ट उल्लंघन है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन स्वामी को 30 दिनों के अंदर ओ-जीआरएएस पोर्टल के माध्यम से लगभग 10 लाख रुपए की जुर्माना राशि जमा करनी होगी। तय समय में राशि जमा नहीं करने पर वाहन के अधिहरण यानी राजसात की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। खनन विभाग की इस सख्त कार्रवाई के बाद जिले में अवैध खनिज उठाव और परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ आगे भी लगातार छापेमारी की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



## सेवा ही संकल्प अभियान के तहत भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। राजकीय मध्य विद्यालय नरची देव में प्रधानाध्यापक महेश पासवान के निर्देशन में 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत विद्यालय स्तरीय भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय प्रधानमंत्री के सेवा कार्य एवं विकसित भारत की संकल्पना रखा गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचारों और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में रेणु कुमारी ने प्रथम, कोकिला कुमारी ने द्वितीय तथा किरण कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में अमित कुमार प्रथम, अस्मिता कुमारी द्वितीय एवं शारदा कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सोनल सिंह, दिलेन्द्र राम, कमलेश राम, नीरज सिंह, धीरज कुमार, करधनी बैठा एवं कौशल किशोर सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## इस्कॉन औरंगाबाद में मनाया गया श्री राधाष्टमी महामहोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। इस्कोन औरंगाबाद में राधारानी के पावन प्राकट्य दिवस के अवसर पर श्री राधाष्टमी महामहोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर लगभग 200 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके साथ ही भगवान का दर्शन एवं निशुल्क प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में श्रीमती राधारानी के गुणगान में अत्यंत सुंदर एवं दिव्य भजनों का आयोजन किया गया। भक्तों ने भावपूर्ण तरीके से श्री राधा-कृपा-कटाक्ष-स्तोत्र का पाठ किया और राधारानी की कृपा एवं आशीर्वाद की प्रार्थना की। इस मौके पर राधारानी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। राधाष्टमी के अवसर पर भगवान के विग्रहों का अत्यंत सुंदर एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर का वातावरण और भी मनोहारी एवं भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दिव्य दर्शन किए और भक्ति भाव में लीन होकर संकीर्तन एवं नृत्य में सहभागिता की। भक्तों ने अत्यंत मधुर एवं दिव्य भाव से नृत्य करते हुए राधारानी के प्रति अपनी भक्ति एवं प्रेम प्रकट किया। पूरे मंदिर परिसर में भजन, कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इस्कोन औरंगाबाद बिहार के अध्यक्ष अभय अच्युत दास ने इस अवसर पर कहा कि इस्कोन में भक्तों एवं श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने मत्स्य अवतार के संदर्भ में भक्तों की बढ़ती संख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार विस्तार की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार अब औरंगाबाद में एक नए एवं बड़े इस्कोन मंदिर के निर्माण की आवश्यकता अनुभव हो रही है। कहा कि प्रस्तावित मंदिर केवल भगवान के दर्शन का केंद्र नहीं होगा, बल्कि आध्यात्मिक शिक्षा, भक्ति साधना, संस्कार निर्माण एवं समाज में कृष्णभावनामृत के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। बता दें कि इस्कोन द्वारा नियमित रूप से आध्यात्मिक कार्यक्रम, हरिनाम संकीर्तन, भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवत की कक्षाएं तथा भक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। राधाष्टमी जैसे पर्व श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीमती राधारानी की भक्ति में आगे बढ़ने और अपने आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। महोत्सव के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने राधारानी की कृपा एवं आशीर्वाद की प्रार्थना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस्कोन की ओर से सभी भक्तों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह पावन महोत्सव भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल इन दिनों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस जलप्रपात का मनोरम दृश्य लोगों को काफी पसंद आ रहा है। बारिश के मौसम में पहाड़ी क्षेत्र से पानी का बहाव बढ़ने के कारण यहां का नजारा और भी खूबसूरत हो जाता है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से भी लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र में स्थित है। बारिश के दिनों में पहाड़ी ढलानों से पानी नीचे की ओर गिरता है, जिससे झरने का दृश्य मनमोहक हो जाता है। पानी के बहाव की आवाज और चारों ओर फैली हरियाली लोगों को अपनी ओर खींचती है। सुबह से लेकर शाम तक यहां प्रकृति का आनंद लेने वाले लोगों की आवाजाही बनी रहती है।



झरने के आसपास का वातावरण शांत और मनोरम है। शहर की भागदौड़ से दूर कुछ समय प्राकृतिक वातावरण में बिताने के लिए लोग यहां पहुंचते हैं। युवाओं, परिवारों और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान आकर्षण का केंद्र बन रहा है। लोग झरने के समीप पहुंचकर प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेते हैं और तस्वीरें भी खींचते हैं। दक्षिणी उमगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ गोलू यादव का वाटर फॉल प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि इस क्षेत्र का समुचित विकास किया जाए तो यह मदनपुर प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। उमगा पहाड़ और आसपास के अन्य प्राकृतिक स्थलों के साथ इसे जोड़कर पर्यटन का विस्तार किया जा सकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में प्राकृतिक सुंदरता की कमी नहीं है। जरूरत है तो केवल बुनियादी सुविधाओं और उचित प्रचार-प्रसार की। वाटर फॉल तक पहुंचने वाले रास्तों का विकास, साफ-सफाई, सुरक्षा और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है। प्राकृतिक स्थल होने के बावजूद वाटर फॉल क्षेत्र में पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुविधाओं की जरूरत महसूस की जा रही है। लोगों के बैठने, पेयजल, शौचालय और सुरक्षित आवागमन जैसी व्यवस्थाओं का विकास पर्यटन को बढ़ावा दे सकता है। बरसात के दौरान पानी का बहाव बढ़ने पर सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि प्रशासन और पर्यटन विभाग इस क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में पहल करें तो ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्थानीय स्तर पर दुकानें, खानपान की व्यवस्था और अन्य छोटे व्यवसायों के माध्यम से लोगों की आमदनी बढ़ सकती है।

**प्रशासनिक पहल से बदलेगी तस्वीर**

मदनपुर प्रखंड का दक्षिणी उमगा पंचायत प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। वाटर फॉल की खूबसूरती लोगों को आकर्षित कर रही है, लेकिन इसे व्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है। क्षेत्र का सर्वेक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की योजना तैयार की जाए तो यहां पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

## पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष रामविलास साव का निधन

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष रामविलास साव का शनिवार अहले सुबह लगभग तीन बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया।

**Name Change**

Mukesh Kumar s/o Arjun Prasad vill- Shrirampur, Post-

Distt.- Nawada, Bihar PIN- 805103 have

Prasad. Affidavit no. 133 date 17.09.2026

# पूर्व रेलवे ने स्वच्छता ही सेवा के तहत चारों रेल मंडलों में चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे ने आज स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत अपने चारों रेल मंडलों हावड़ा, सियालदह, आसनसोल एवं मालदा सहित कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर स्थित तीन प्रमुख कारखानों में स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय के नेतृत्व में स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा जमा होने वाले संवेदनशील स्थानों के रूपांतरण के लिए केंद्रित एवं समयबद्ध स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिसके बाबत ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां निरंतर स्वच्छता हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इनमें स्टेशन पहुंच मार्ग, रेलवे यार्ड, रेलवे कॉलोनियों की सीमाएं, ट्रैक के किनारे के क्षेत्र तथा अन्य रेलवे परिसर शामिल हैं। उन संस्थानों एवं स्थलों से जमा हुए कचरे को हटाया गया, संवेदनशील स्थलों की सफाई एवं सुधार किया गया तथा कचरे की दोबारा डंपिंग को रोकने और निरंतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय किए गए। वहीं स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम के तहत आयोजित यह अभियान गहन स्वच्छता गतिविधियों के साथ-साथ सामूहिक भागीदारी एवं व्यवहार में बदलाव पर भी जोर देता है। सियालदह मंडल में रेलवे क्षेत्राधिकार के अंतर्गत स्टेशन पहुंच मार्गों, रेलवे यार्डों, रेलवे कॉलोनी की सीमाओं तथा ट्रैक के किनारे के क्षेत्रों में चिन्हित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा जमा होने वाले संवेदनशील स्थानों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्थानीय समुदायों एवं गैर-सरकारी संगठनों ने भी इन गतिविधियों में भाग लिया, जिससे आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने में साझा जिम्मेदारी के महत्व को बल मिला। हावड़ा मंडल में रेलवे परिसरों में चिन्हित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा जमा होने वाले संवेदनशील स्थानों की सफाई एवं रूपांतरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्टेशन के पहुंच क्षेत्रों, रेलवे यार्डों, कॉलोनी की सीमाओं तथा ट्रैक के किनारे स्थित स्थानों की व्यवस्थित रूप से सफाई की गई। इस दौरान जमा कचरे को हटाने तथा आसपास के वातावरण में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। मालदा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में करीब एक हजार स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों पर गहन स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं। स्टेशन पहुंच मार्गों, ट्रैक के किनारे के क्षेत्रों तथा अन्य चिन्हित स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज तथा केंद्रीय विद्यालय, मालदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के पृथक्करण तथा जिम्मेदारीपूर्वक कचरा निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। आसनसोल मंडल के दुर्गापुर रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी के अलावा चिन्हित कचरा-संवेदनशील स्थलों तथा स्टेशन पहुंच क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी प्रकार बराकर, अंडाल, मधुपुर एवं सीतारामपुर में भी स्टेशन परिसरों, रेलवे कॉलोनियों एवं पहुंच मार्गों को कवर करते हुए स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। पूर्व रेलवे की कांचरापाड़ा, लिलुआ एवं जमालपुर स्थित तीनों कारखानों में भी अपने-अपने परिसरों में चिन्हित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों और कचरा जमा होने वाले संवेदनशील स्थानों पर विशेष स्वच्छता एवं रूपांतरण गतिविधियां संचालित की गईं। इन गतिविधियों में व्यवस्थित रूप से कचरा हटाने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा निरंतर रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शिबराम माझि ने कहा-ल्हमारा उद्देश्य केवल संवेदनशील स्थानों की सफाई करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वे दोबारा कचरा स्थल न बनें। निरंतर रखरखाव तथा रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से पूर्व रेलवे स्वच्छ, स्वस्थ और यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक रेलवे परिसरों की दिशा में कार्य कर रहा है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी का आरा में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के पहली बार आरा आगमन पर मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत उन्होंने विभिन्न सेवा कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने स्वयं अभियान में भाग लेकर स्वच्छता और जनसेवा का संदेश दिया। इसके बाद भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। समाज और शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित कर उनके कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद आरा परिसदन में भोजपुर जिले के ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इसमें संगठन के कार्यक्रमों, पार्टी की गतिविधियों तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पार्टी के कार्यक्रमों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरेराम चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर जिला मंत्री विनीत राज कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष संजीत धानुक, राम नारायण सिंह चंद्रवंशी, धीरज चंद्रवंशी, पूर्व जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष यमुना प्रसाद प्रजापति, स्वच्छता अभियान जिला संयोजक मनीष रौशन, कार्यालय मंत्री सुनील श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रतीक चंद्रवंशी, आईटी सेल जिला संयोजक बिजेन्द्र कुमार, सिकरहटा मंडल अध्यक्ष अंकित चंद्रवंशी और गजराजगंज मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। मनौनर आलम, पींटू चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आरा आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# एनटीपीसी कहलगांव में सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विधुत परियोजना में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरुकता दिवस के अवसर पर संविदा कर्मियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कहलगांव परियोजना के स्टेज - दो में स्थित सर्विस बिल्डिंग में शनिवार को जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा आयोजित सर्पदंश जागरुकता कार्यक्रम में लगभग 250 संविदा कर्मियों और परियोजना के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर महाप्रबंधक (ऑपरेशन) मनोरंजन परिदा ने अपने संबोधन में सर्पदंश के मामलों में समय पर उपचार के महत्व पर पर बल दिया ताकि समय पर पीड़ित मरीजों की इलाज होने से उसकी जान बच सके। जीवन ज्योति अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत चौधरी ने सर्पदंश की घटनाओं, विषैले साँपों और उनके विष की विशेषताओं, प्राथमिक उपचार, प्रचलित भ्रांतियों, क्या करें या क्या न करें और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सर्पदंश एक आपात स्थिति है, इसलिए झाड़-फूंक में समय गंवाये बिना पीड़ित को तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में परियोजना के कर्मचारियों, संविदा कर्मियों के अलावा कई अधिकारी भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम संवादात्मक रहा और सभी ने अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए।

# नई आशा द्वारा आयोजित माता सबरी खेल महोत्सव को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** माता शबरी खेल महोत्सव सीजन-5 के आयोजन की तैयारी को लेकर 'नई आशा' द्वारा राम शबरी सेंटर चैराई में एक बैठक हुई, जिसमें करीब 20 टीमों के कप्तान एवं युवा साथी शामिल हुए। बैठक में खेल के साथ जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विद्यालयों में नामांकन एवं नामांकित बच्चों के बीच स्कूली ड्रेस वितरण करने पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता धरमु राम एवं संचालन भरत कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए नई आशा के संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि इस बार माता शबरी खेल महोत्सव सीजन-5 को केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए इसे खेल से बदलाव तक का सफर की थीम के साथ एक व्यापक अभियान के तहत चलाया जाएगा। यह महोत्सव टोला विकास, शिक्षा, दस्तावेजीकरण और युवा नेतृत्व अभियान के रूप में मील का पत्थर साबित होगा। हर टीम केवल मैदान पर खेलने वाली टीम नहीं होगी, बल्कि अपने टोले के विकास की जिम्मेदारी लेने वाली युवा टीम भी होगी। मनीष वत्स ने कहा कि प्रत्येक पंजीकृत टीम से एक कप्तान और दो युवा स्वयंसेवकों को नई आशा के साथ जोड़ा जाएगा। ये युवा अपने-अपने टोले में स्कूल से बाहर (ड्रॉपआउट) बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करेंगे। उनका जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, टोला के मजदूरों का श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि जरूरी दस्तावेजों के लिए अभियान चलाएंगे। टोले की प्रमुख समस्याओं की पहचान करेंगे। युवाओं एवं लड़कियों को खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ेंगे। अपने टोले में किए गए कार्यों की जानकारी एवं दस्तावेजीकरण नई आशा को उपलब्ध कराएंगे। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि महोत्सव के दौरान अपने टोलों के विकास, दस्तावेजीकरण एवं शिक्षा के प्रति बेहतर जागरूकता वाले स्वयं सेवकों को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल महोत्सव में मुख्य रूप से बॉयज क्रिकेट, बॉयज/गर्ल्स, कबड्डी, गर्ल्स टग ऑफ वॉर के माध्यम से युवा एवं युवतियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर होगा। बैठक को कुंदन सिंह, रौशन सिंह, बीटू सिंह, अमन बिहारी, धरमू जी, जय प्रकाश दास, अमरजीत, रंजीत, विकास, अनंत, ब्रजनंदन राम, विनोद कुमार, विकास कुमार, गोलु कुमार, भानु कुमार, जयकिशन राम, छोटक राम, अनंत कुमार, कलक्टर राम, अरविंद कुमार, पटना....... आदि ने भी संबोधित किया।

## राजेश मुर्मू के निधन पर मिस्सा पूजा का आयोजन

**सोनो/जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के अंगना पत्थर प्रेमबथान के निवासी व समाजसेवी राजेश मुर्मू की आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर परिजन के द्वारा मिस्सा पूजा सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भागलपुर के धर्म प्रांत के विकास जोनल भी जी फादर अन्द्रेमास मरांडी, संत जोसेफ स्कूल झाझा के फादर जेरी बरलोजा, फादर मार्टिन मुर्मू पारिश पुष्ट सोखो, फादर ज्वाकीम जेकल समेत कई अन्य अतिथियों ने शामिल होकर स्व. राजेश मुर्मू को श्रद्धांजलि दी। मौके पर पादरीयों ने कहा कि प्रभु यीशु हर किसी को सम्मान देते थे हर किसी के साथ प्रेम और आपसी भाईचारा के साथ रहने हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहने आदि का संदेश उन्होंने दिया। बही मौके पर की अन्य अतिथियों ने स्व. राजेश मुर्मू को नम आंखों से से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रेमबथान ने एक अच्छा बेटा खो दिया। मौके पर शिक्षिका सह पत्नी मारीया गोरेही मरांडी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बाढ़ पीड़ितों की सहायता के चिराग पासवान के निर्णय का लोजपा नेताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा बिहार में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों एवं विधान पार्षदों का एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया गया है। इस मानवीय पहल का भोजपुर जिला लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि बिहार इस समय बाढ़ की गंभीर आपदा से गुजर रहा है। ऐसे कठिन समय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने जनप्रतिनिधियों को बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया है। पार्टी के सांसदों, विधायकों एवं विधान पार्षदों द्वारा एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भोजपुर लोजपा रामविलास के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और जरूरतमंद लोगों तक राहत एवं सहायता पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर भोजपुर लोजपा (रामविलास) के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने भी चिराग पासवान के निर्णय का स्वागत किया है।

## डीडीसी ने की तालाब की जांच

**चंद्रमंडीह/ चकाई ग्रामीण/जमुई।** शनिवार को चकाई प्रखंड के सदर पंचायत चकाई अंतर्गत हरिअंधी गांव में विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत चल रहे सिंह तालाब का जीर्णोद्धार कार्य का औचक निरीक्षण जमुई के नवपदस्थापित डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने की। निरीक्षण के दौरान डीडीसी श्रीमती चौधरी ने कही की सिंह तालाब में कमर भर पानी रहने के बाबजूद काम चालू रहने की खबर एक दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई थी जिसे संज्ञान में लेकर शनिवार को इसकी जांच पड़ताल की गई। जांचोपरांत सिंह तालाब में कमर भर पानी की बात तो दूर एक बूंद पानी भी नजर नहीं आयी ।उन्होंने निरीक्षण ने बाद योजना से संबंधित फाइलों की भौतिक सत्यापन की।

# डीसीएलआर व बीडीओ ने अस्पताल और स्कूलों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई/चकाई।** प्रखंड में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासनिक टीम ने शुक्रवार को विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। डीसीएलआर-सह-प्रखंड मेंटॉर सुजीत कुमार, बीडीओ मनीष आनंद और सीओ राजकिशोर साह ने संयुक्त रूप से रेफरल अस्पताल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और मॉडल प्लस टू उच्च विद्यालय का जायजा लिया। रेफरल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ओपीडी, दवा वितरण काउंटर और वार्डों की साफ-सफाई का गहन मुआयना किया। स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से अस्पताल परिसर में एक शिकायत पेटी लगाई गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी कोई भी समस्या या सुझाव बेझिझक इस पेटी में डालें, जिस पर सीधे प्रशासनिक स्तर से त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद टीम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंची, जहां छात्रावास, रसोईघर और शौचालयों की स्थिति देखी गई। डीसीएलआर ने वार्डन को मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा छात्राओं को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए नियमित मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं प्रशासनिक स्तर पर गोद लिए गए मॉडल प्लस टू उच्च विद्यालय में पठन-पाठन और छात्र उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। डीसीएलआर ने स्पष्ट किया कि सीमित संसाधनों के बीच बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इन संस्थानों की नियमित निगरानी जारी रहेगी।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर प्रशासन की बैठक

## कई बिन्दुओं पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोइलवर (भोजपुर)।** कोईलवर थाना परिसर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर एक सभी अधिकारियों सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह थाना प्रभारी सुशांत कुमार मंडल समेत कोईलवर नगर पंचायत के पूर्व चैयरमेन यादवेन्द्र कुमार उर्फ वीरमन्यू यादव, मिथलेश राय सहित अन्य लोग के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोईलवर बाजार में लगातार लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें चिन्हित स्थलों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, वाहनों की गति सीमा को नियंत्रित करना, सब्जी और मछली बाजार को अन्यत्र शिफ्ट करना तथा चिन्हित स्थलों पर ट्रॉली बैरियर के साथ पुलिस बल की तैनाती करने का निर्णय लिया गया। बताया जा रहा है कि इस नगर पंचायत में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर दुकान-बाजार के विपरीत दिशा में और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना कर बालू लदे भारी वाहनों का परिचालन होता है, जिससे बीते दिनों ही सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। इस बैठक में अंचलाधिकारी वीर बहादुर पाठक कोईलवर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोईलवर, थानाध्यक्ष कोईलवर के साथ-साथ स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

बड़हरा में बाढ़ राहत कार्य पर उठे सवाल, मुखिया संघ क्व्र से मिला, अंचल अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप।


## मुखिया संघ ने बाढ़ राहत वितरण पर लगाया गड़बड़ी का आरोप

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा प्रखंड में बाढ़ राहत वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए शनिवार को मुखिया संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग की। मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड की करीब दस पंचायतों में अब तक कई बाढ़ पीड़ित परिवारों को जीआर राशि, पॉलीथिन शीट और अन्य राहत सामग्री नहीं मिल सकी है। जीआर सूची में कई पात्र परिवारों का नाम अब तक नहीं जोड़ा गया है, जबकि अपात्र लोगों को लाभ देने की शिकायत मिल रही है।

संघ का कहना है कि सूची में नाम जोड़ने के नाम पर पीड़ितों से बार-बार कागजात और हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं। संघ ने इसके लिए अंचल में अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती कर जल्द सत्यापन पूरा कराने की मांग की है। मुखिया संघ ने अंचलाधिकारी अंशु प्रसून पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। संघ का आरोप है कि अंचल कार्यालय में बिना बिचौलियों के कोई काम नहीं होता और कुछ मामलों में काम के बदले पैसे की मांग की जाती है। संघ ने डीएम से इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इधर इस संबंध में अंचलाधिकारी अंशु प्रसून से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि वे बैठक में व्यस्त हैं, इसलिए अभी विस्तृत पक्ष नहीं दे सकते।

# दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल इन दिनों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस जलप्रपात का मनोरम दृश्य लोगों को काफी पसंद आ रहा है। बारिश के मौसम में पहाड़ी क्षेत्र से पानी का बहाव बढ़ने के कारण यहां का नजारा और भी खूबसूरत हो जाता है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से भी लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि दक्षिणी उमगा पंचायत का वाटर फॉल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र में स्थित है। बारिश के दिनों में पहाड़ी ढलानों से पानी नीचे की ओर गिरता है, जिससे झरने का दृश्य मनमोहक हो जाता है। पानी के बहाव की आवाज और चारों ओर फैली हरियाली लोगों को अपनी ओर खींचती है। सुबह से लेकर शाम तक यहां प्रकृति का आनंद लेने वाले लोगों की आवाजाही बनी रहती है। झरने के आसपास का वातावरण शांत और मनोरम है। शहर की भागदौड़ से दूर कुछ समय प्राकृतिक वातावरण में बिताने के लिए लोग यहां पहुंचते हैं। युवाओं, परिवारों और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान आकर्षण का केंद्र बन रहा है। लोग झरने के समीप पहुंचकर प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेते हैं और तस्वीरें भी खींचते हैं।

दक्षिणी उमगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ गोलू यादव का वाटर फॉल प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि इस क्षेत्र का समुचित विकास किया जाए तो यह मदनपुर प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। उमगा पहाड़ और आसपास के अन्य प्राकृतिक स्थलों के साथ इसे जोड़कर पर्यटन का विस्तार किया जा सकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में प्राकृतिक सुंदरता की कमी नहीं है। जरूरत है तो केवल बुनियादी सुविधाओं और उचित प्रचार-प्रसार की। वाटर फॉल तक पहुंचने वाले रास्तों का विकास, साफ-सफाई, सुरक्षा और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

### सुविधाओं के अभाव में परेशानी

प्राकृतिक स्थल होने के बावजूद वाटर फॉल क्षेत्र में पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुविधाओं की जरूरत महसूस की जा रही है। लोगों के बैठने, पेयजल, शौचालय और सुरक्षित आवागमन जैसी व्यवस्थाओं का विकास पर्यटन को बढ़ावा दे सकता है। बरसात के दौरान पानी का बहाव बढ़ने पर सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि प्रशासन और पर्यटन विभाग इस क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में पहल करें तो ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्थानीय स्तर पर दुकानें, खानपान की व्यवस्था और अन्य छोटे व्यवसायों के माध्यम से लोगों की आमदनी बढ़ सकती है।

### प्रशासनिक पहल से बदलेगी तस्वीर

मदनपुर प्रखंड का दक्षिणी उमगा पंचायत प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। वाटर फॉल की खूबसूरती लोगों को आकर्षित कर रही है, लेकिन इसे व्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है। क्षेत्र का सर्वेक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की योजना तैयार की जाए तो यहां पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा मिल सकता है। ग्रामीणों और प्रकृति प्रेमियों को उम्मीद है कि प्रशासन इस प्राकृतिक स्थल पर ध्यान देगा। पर्यटन स्थल के रूप में विकास होने से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

# उभरे गड्ढों से हो रही है परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा से बराही जाने वाली सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यह स्थिति ओबरा प्रखंड के चपरी देवी के पास की है। जहां पर घरों की पानी जमा होने से गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के दिनों में तो युक्त जगहों पर मौत का कुआं बन जाता है। युक्त जगह गड्ढों में पानी जमा रहने से आम लोगों की परेशानियां हो रही है। स्कूली बच्चों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से ज्ञान गंगा लक्ष्मी पब्लिक स्कूल पड़ता है। इसी मार्ग से विद्यालय के बच्चे बस पर जाते है। सैंकड़ों वाहनो का आवागमन है। वैसी स्थिति में जलजमाव का खतरा बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई घरों का पानी नाली का निर्माण नहीं होने से सड़को पर जमा हो जाता है और बरसात के दिन मे मौत का कुंआ बन जाता है। जिससे राहगीरों को वाहन तो दूर पैदल जाने पर भी काफी परेशानियां हो रही हैं। बरसात के दिनों में स्थिति इतने गंभीर हो जाती है कि सड़कों पर गड्ढें दिखाई है। वाहन चालक फिसलकर गिर जाते है। आसपास के ग्रामीण अंकज सैनी, अनिल यादव समेत ग्रामीणों ने बताया कि उभरे गड्ढों से लोग चोटिल हो रहे है।

# निरीक्षी न्यायाधीश ने निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र का किया उद्घाटन

## निरीक्षी न्यायाधीश ने तीन अनुमंडलीय न्यायालयों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह निरीक्षी न्यायमूर्ति जिला न्यायमंडल अजित कुमार अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को दिनभर विभिन्न न्यायिक और विधिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहे। इस दौरान उन्होंने जिनेदपुर पंचायत भवन में स्थापित निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लिनिक) का उद्घाटन किया, मंझौल, बखरी एवं बलिया अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालयों का गहन निरीक्षण किया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दिव्यांगजनों के बीच बैट्रीचलित ट्राईसाइकिल का वितरण किया। दौरे की शुरुआत जिनेदपुर पंचायत भवन से हुई। यहां उनके कर-कमलों द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कहा कि इस क्लिनिक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गांव और आसपास के जरूरतमंद लोगों को उनके विधिक अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए सहज-सुलभ सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ क्लिनिक में दर्ज कराएं। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत, जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक मनीष, विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करूणानिधि प्रसाद आर्य, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविता कुमारी, जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच एवं न्याय मित्र उपस्थित थे।इसके बाद न्यायमूर्ति मंझौल अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने न्यायालय परिसर में नवनिर्मित अधिवक्ता हॉल एवं पार्क का उद्घाटन किया। न्यायालय का निरीक्षण कर मंझौल अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं विद्वान अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। मंझौल के बाद बखरी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पहुंचे। बखरी कोर्ट का निरीक्षण किया, अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं और बखरी न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण भी किया। वापसी के क्रम में बलिया अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां बलिया प्रशासन और पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बलिया कोर्ट का निरीक्षण कर बार संघ के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं से उनकी समस्याएं और सुझाव लिए।जिला मुख्यालय लौटने पर न्यायमूर्ति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार का भ्रमण किया और दिव्यांगजनों के बीच बैट्रीचलित ट्राईसाइकिल का वितरण किया। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत एवं सचिव करूणानिधि प्रसाद आर्य ने उनका स्वागत किया।

## डीएम ने की उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में शुक्रवार को डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में डीएम ने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता और संरक्षण नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कई निर्देश दिए। उन्होंने आपूर्ति पदाधिकारी को टोल फ्री नंबर 1905, का प्रचार करने, माप-तौल विभाग को 272 प्रतिष्ठानों की जांच के बाद और सघन जांच करने, उपभोक्ता आयोग में बिजली, बीमा और चिकित्सा लापरवाही के अधिक मामलों पर विषयवार रिपोर्ट देने, 556 निजी स्कूलों में फीस वृद्धि और भूमि संपरिवर्तन की जांच डीईओ को करने, 39 आयुष्मान अस्पतालों में लैब टेस्ट की सुविधा अस्पताल में ही देने, फूड इंस्पेक्टर को सप्ताह में दो दिन बेगूसराय में रहकर छापेमारी करने कम तौल और खराब अनाज की शिकायत पर हर सप्ताह 5 दुकानों की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# भूकंप से बचाव को लेकर स्कूलों में कराया गया मॉकड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान बचाव एवं सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई तथा मॉकड्रिल के माध्यम से उसका अभ्यास कराया गया। अपग्रेडेड मिडिल स्कूल सैदपुर विष्णुपुर में फोकल शिक्षक हरिहर सहनी, चकमुजफ्फर में आनंद माधव, चक्का में शुभम कुमार, सियालपाक समसा में हरेराम रजक तथा नीरपुर में देवेंद्र पासवान ने बच्चों को बताया कि बिहार भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। राज्य के कई जिले भूकंप के उच्च जोखिम वाले जोन में आते हैं। बच्चों को वर्ष 1934 में मुंगेर में आए विनाशकारी भूकंप की घटना का उदाहरण देते हुए आपदा के समय सतर्कता बरतने की जानकारी दी गई। बच्चों को भूकंप के दौरान 'झुको, ढको और पकड़ो' के सिद्धांत का अभ्यास कराया गया। बताया गया कि भूकंप के समय घबराकर या भगदड़ मचाकर बाहर निकलने के बजाय संयम से काम लेना चाहिए। सीढ़ी और लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं करने, पुल पार नहीं करने तथा सुरक्षित खुले मैदान की ओर जाने की सलाह दी गई। साथ ही जर्जर मकानों, बिजली एवं टेलीफोन के खंभों, पेड़ों तथा ऊंची इमारतों से दूर रहने के बारे में भी जानकारी दी गई। मॉकड्रिल के दौरान घायलों की सहायता करने, उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल अस्पताल भेजने की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया। मध्य विद्यालय समसा, रजाकपुर, अपग्रेडेड मिडिल स्कूल रजाकपुर, अकहा ररिऔना, समसा सहित प्राथमिक विद्यालय विष्णुपुर, डुमरिया, इनैया, बेगमपुर, टेकनपुरा आदि विद्यालयों में भी भूकंप से बचाव को लेकर मॉकड्रिल कराया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो, रणधीर कुमार, मंटुन महतो, प्रमोद कुमार, प्रियरंजन कुमार, शंभू महतो, अशोक कुमार शर्मा, योगेंद्र चौधरी, अमित कुमार, बबिता कुमारी, पंकज कुमार, रूबी कुमारी सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# मीशो कंपनी के टीम लीडर का आवास से अपहरण, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर।** अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ स्थित निजी आवास से मीशो कंपनी के 22 वर्षीय टीम लीडर मो. नाजिश के संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण का मामला सामने आया है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित मूल रूप से भागलपुर जिले के कजरैली थाना अंतर्गत शाहपुर तमौनी निवासी मो. नसीरुद्दीन के पुत्र हैं। डिलीवरी बॉय शिवम सिंह के अनुसार, मो. नाजिश रोज की तरह काम खत्म कर फतेहपुर मोड़ स्थित अपने आवास पर थे। देर रात उनके घर के आसपास कुछ अज्ञात संदिग्ध देखे गए थे। सुबह जब नाजिश का मोबाइल फोन लगातार बंद मिला और उनका कोई सुराग नहीं लगा, तब शिवम ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला अपहरण का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आवास और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही मोबाइल की अंतिम लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर संदिग्धों की पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद पीड़ित के परिजनों, विशेषकर मुस्कान परवीन, में चिंता का माहौल है। परिजनों ने जल्द और सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस की विशेष टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार, अपहरण के कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

# वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

## दर्जनों राउंड फायरिंग में दो घायल, 15 लाख की सुपारी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के लखमिनिया गांव में शुक्रवार देर रात वार्ड पार्षद पति पर अपराधियों ने अवैध हथियारों से दर्जनों राउंड फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो. इरशादुज्जुला और उनके साथी मो. साकिर घायल हो गए। इरशादुज्जुला को कंधे और बाएं हाथ में दो गोली लगी है, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे साकिर के बाएं हाथ में गोली लगी है। दोनों का जिले के निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। घायल इरशादुज्जुला ने पुलिस को दिए फर्द बयान में बताया कि वह साथी साकिर के साथ बाइक से घर लौट रहे थे, तभी लखमिनिया में मो. अरफराज के घर के पास तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। लोगों को आते देख अपराधी फरार हो गए। बयान में उन्होंने जमीन विवाद को लेकर साजिश का आरोप लगाया है। कहा कि गांव के मो. शहरोज उर्फ जंगली, मो. शाहनवाज, मो. अब्दुल और मुन्ना सिंह ने डंडारी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी दिलीप यादव और कंकौल निवासी मुकेश यादव को 15 लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। उसी के गुर्गों ने हत्या की नीयत से फायरिंग की है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। कांड संख्या 489/26 दर्ज कर आरोपी मुन्ना सिंह पिता स्व. राधाकृष्ण सिंह, साकिन लखमिनिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है, अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।बताया जाता है कि घायल वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पर भी पहले से हत्या सहित कई मामले दर्ज हैं और वह कई बार जेल जा चुका है। घटना के बाद पूरे लखमिनिया गांव में दहशत का माहौल है।

# डीएम-एसपी ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय और एसपी मनीष ने शुक्रवार को ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व सुरक्षा बलों ने डीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अधिकारियों ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, संरचनात्मक स्थिति और ईवीएम मशीनों के रख-रखाव का गहन अवलोकन किया। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा बलों की तैनाती, प्रवेश-निकास व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों और अभिलेख संधारण की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि ईवीएम वेयरहाउस निर्वाचन की पारदर्शिता और विश्वसनीयता से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है, इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने लॉग बुक और अभिलेखों के नियमित अद्यतन, साफ-सफाई और रख-रखाव का भी निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की पी0जी0 एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास के वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो एच.के. सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान तथा विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने शिरकत की। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पी0जी0 एथलेटिक्स की अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय द्वारा मंचासीन अतिथियों को पाग, चादर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित करने से हुआ। इसके पश्चात डॉ राय ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए मंचासीन सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतियोगिता हेतु आए हुए प्रबंधकों एवं प्रशिक्षकों का भी विशेष स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम की शुरुआत ही आत्मीय एवं उत्साहवर्धक रही। आयोजन सचिव डॉ प्रियंका राय ने इस अवसर पर जानकारी दी कि इस वर्ष की प्रतियोगिता में कुल सत्रह महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें एम.आर.जे.डी. कॉलेज, बेगूसराय (गत वर्ष का विजेता), एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय, के.एस. कॉलेज, दरभंगा, बी.आर.बी. कॉलेज, समस्तीपुर, महिला कॉलेज, समस्तीपुर, एम.आर.एम. कॉलेज, दरभंगा, जे.एम.डी.पी.एल. कॉलेज, मधुबनी, डी.बी. कॉलेज, जयनगर, आर.बी.एस. कॉलेज, अंदौर, जी.डी. कॉलेज, बेगूसराय, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा, एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा, आर.बी. कॉलेज, दलसिंहसराय, सी.एम. कॉलेज, दरभंगा,आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने अपने संबोधन में कबड्डी खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन खेल एवं संस्कृति विभाग के मनीष राज द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए प्रबंधकों, प्रशिक्षकों, मंचासीन अतिथिगण, चयन कर्ताओं तथा उपस्थित मीडिया बंधुओं- सभी के प्रति खेल परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के भर्डिहा गांव के 18 वर्षीय युवक साजन कुमार की शुक्रवार देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव बघेला चौर में जगदीशपुर जाने वाली सड़क किनारे झाड़ी से बरामद किया गया। मृतक के कान और सिर में गोली मारी गई थी। मृतक की पहचान वार्ड-4 निवासी अरविंद पासवान के पुत्र साजन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेजा। स्वजनों के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 6 बजे 6 परिचित युवक शिवम, राजा, बिट्टू, विकास, गौरव उर्फ गोरखा और अनिल बाइक से उसके घर आए और घूमने के बहाने साथ ले गए। देर शाम तक नहीं लौटने पर खोजबीन के दौरान बघेला चौर में जगह-जगह खून के निशान और झाड़ी में शव मिला। मृतक की मां सविता देवी के बयान पर भगवानपुर थाना में कांड संख्या 226/26 दर्ज किया गया है। इसमें सज्जन सहनी, रामराजी सहनी और छटाकी सहनी पर साजिश रचकर हत्या कराने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बगरस गांव निवासी बिट्टू कुमार, विकास कुमार, राजा कुमार और अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल मृतक के घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर आक्रोशित परिजनों ने भर्डिहा के पास समसा-पीपरा पथ जाम कर दिया और आरोपियों को फांसी की मांग की। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। मृतक का एक आरोपी की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण हत्या की गई। मृतक का आपराधिक इतिहास भी रहा है, उस पर लूट, पॉक्सो और मारपीट के मामले दर्ज हैं। करीब एक माह पूर्व ही वह जेल से बाहर आया था।

# स्वच्छता शपथ, रंगोली और नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ग्राम पंचायत राज नावकोठी के अयोध्या प्रसाद सिंह मध्य विद्यालय नावकोठी में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत शनिवार को विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर नावकोठी के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर स्वच्छता और स्वच्छ जीवनशैली का संदेश दिया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साफ-सफाई के महत्व, कचरे के उचित निस्तारण तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश व्यवहार में उतारने का प्रयास किया गया। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ एवं सुंदर नावकोठी का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, सहायक शिक्षक पवन कुमार, आलोक कुमार, उपमुखिया विजय सहनी, पंचायत सेवक चंदन कुमार, वार्ड सदस्य सुधीर रजक, सलमान खान, शत्रुघ्न कुमार, सुधीर कुमार, राजा कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त लिपिक का निधन

**बलिया (नबिटा संवाददाता)।** राजकीयकृत एस ए एस उच्च विद्यालय बलिया के सेवानिवृत्त लिपिक सह अनुमंडल माध्यमिक शिक्षक संघ बलिया के पूर्व अनुमंडल सचिव अरविंद कुमार झा का आकस्मिक निधन हो गया।उनके निजी आवास पर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के मूल्यांकन परिषद अध्यक्ष मो. सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, बलिया अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर, प्रखंड सचिव अविनाश शांतनु, संयुक्त सचिव मो. सईम उद्दीन, पूर्व प्रखंड सचिव मो. मंजूर रब और शिक्षक दिलीप कुमार आदि ने संघ का झंडा, चंदन, पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं.–40 ऑफ 2026–27/खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू ।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीक दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है:– **निविदा सं.–20–डीडीयू–व.म.इंजी.–I–26–27** **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के अधीन जी.सी–1 में मार्गवर्ती स्टेशनों पर टपकती छत की मरम्मत, नाली, सेप्टिक टैंक आदि द्वारा रेल आवासों की विशेष मरम्मत कार्य। कार्य का अनुमानित लागत: रू.13587855.85 **धरोहर राशि:** रू. 271800.00

**निविदा सं.–21–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–26–27** **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P-Way)/चंदौली, भभुआ और बिक्रमगंज के लिए वेल्डिंग पोर्शन और अन्य उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित लागत: रू. 6805416.24 **धरोहर राशि:** रू.136100.00

**ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 08.10.2026 को 12:00 बजे तक। वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: **www.ireps.gov.in** नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक/पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0938/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/40


# यूजीसी-नेट में सफल ऋद्धि कुमारी के लिए सम्मान-सह-मार्गदर्शन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में जून 2026 की नेट परीक्षा में सफल होने पर छात्रा ऋद्धि कुमारी के सम्मान-सह-मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे विभाग में उत्साह का माहौल रहा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ऋद्धि को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रो अनीस अहमद ने कहा कि ऋद्धि की सफलता विभाग के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि लगन, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से हर लक्ष्य पाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, शोध के प्रति जिज्ञासा और अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विभागीय प्राध्यापक अमृत कुमार झा ने ऋद्धि को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सफलता के साथ विनम्रता और सीखते रहने की प्रवृत्ति बनी रहनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के क्षेत्र की पहचान कर, उसमें दक्षता हासिल करने और नेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू से रणनीतिक ढंग से करने की सलाह दी। डॉ दिवेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को समय-प्रबंधन, आत्मविश्वास और तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में मानसिक संतुलन बनाए रखना सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर रिद्धि कुमारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विभाग में अध्ययन के दौरान शिक्षकों से मिले निरंतर मार्गदर्शन, विषय संबंधी शंकाओं के समाधान, परीक्षा की तैयारी के लिए उचित दिशा-निर्देशन तथा प्रोत्साहन से उन्हें काफी लाभ मिला। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिए गए सुझावों ने उन्हें अपनी तैयारी को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने और यूजीसी-नेट की तैयारी में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में सहायता की।

# लंबित कांडों के निपटारे और वारंट-कुर्की का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** ग्रामीण एसपी साक्षी ने शनिवार को विश्वविद्यालय थाना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना में संधारित विभिन्न पंजी और अभिलेखों की जांच की तथा उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्रामीण एसपी ने थानाध्यक्ष और सभी अनुसंधानकर्ताओं के साथ थाना के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ग्रामीण एसपी ने लंबित कांडों के जल्द निष्पादन पर विशेष जोर दिया. उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने और कांड दैनिकी को नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया। जिन मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी लंबित है, उनमें न्यायालय से वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई प्राप्त कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्रामीण एसपी ने माह के दौरान निष्पादित किये जाने वाले कांडों को चिह्नित कर निर्धारित समय में कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया. साथ ही थाना के सभी पंजी को अद्यतन रखने और लंबित मामलों की लगातार समीक्षा करने को कहा। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कांडों के अनुसंधान में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाये और लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाये।

**गश्ती और हाजत की सुरक्षा पर भी जोर**

निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में सघन गश्ती व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया. ग्रामीण एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने और हाजत की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.

# देव, बारुन व ओबरा सीएचसी का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में चयन

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और अस्पताल प्रबंधन की गुणवत्ता के क्षेत्र में औरंगाबाद ने राज्य भर में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जारी ताजा राज्य स्तरीय मूल्यांकन रिपोर्ट में औरंगाबाद जिले के तीन स्वास्थ्य संस्थानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण, ओबरा और देव का चयन हुआ है। इन तीनों स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन की अगली प्रक्रिया के लिए चयनित कर लिया गया है। इस उपलब्धि में विशेष बात यह रही कि बारुण सीएचसी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मूल्यांकन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। साथ ही सीएचसी ओबरा ने 80 प्रतिशत और ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी स्थित सीएचसी देव ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन सभी केंद्रों का सघन निरीक्षण राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के तहत तय की गई सख्त चेकलिस्ट के आधार पर किया गया था। कड़े मानकों पर परखी गई सुविधाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत अस्पतालों का मूल्यांकन बहुआयामी बिंदुओं पर होता है। इसके तहत मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सकीय देखभाल, परिसर की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, निशुल्क जरूरी दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी जांच, मरीज सुरक्षा, संसाधन प्रबंधन और रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रखरखाव की बारीकी से जांच की जाती है। इन सभी पैमानों पर जिले के तीनों केंद्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राज्य स्वास्थ्य समिति ने चयनित तीनों संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर के अंतिम मूल्यांकन के लिए आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन करने के निर्देश दिए हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

(पं० दी०द०उपा० मंडल)

**ई–निविदा सूचना**

**सं०– एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–16–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ वाई–डाईरेक्शनल लाईन ईन डायवर्सन लाईन/ डीडीयू बाई प्लेसिंग ए एक्स–ओभर एट ईओसी/ डीडीयू ।, **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू० 8,69,47,313.44/– (आठ करोड़ उनहत्तर लाख सैंतालीस हजार तीन सौ तेरह रूपये एवं चौवालीस पैसे मात्र), **3. धरोहर राशि:** रू० 17,39,000/– (सत्रह लाख उनतालीस हजार रूपये मात्र), **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 12/10/2026 को 12:30 तक, **5. बेब साईट का पता जहॉ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

मं० सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी०द०उपा०

पीआर/0941/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26–27/28

# औरंगाबाद पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

## 18 अधिकारियों का तबादला, 11 थानाध्यक्ष भी बदले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में पुलिस पदाधिकारियों के पदस्थापन में बड़ा फ़ेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने 18 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नए स्थान पर पदस्थापित किया है। इस फ़ेरबदल के तहत जिले के 11 महत्वपूर्ण थानों में नए थानाध्यक्षों की तैनाती की गई है जिससे प्रशासनिक गलियारे में हलचल तेज हो गई है। सभी पदाधिकारियों को नए पदस्थापन स्थल पर 24 घंटे के अंदर योगदान करने का आदेश दिया गया है। तबादले की इस नई सूची के अनुसार पुलिस कार्यालय औरंगाबाद के प्रभारी पुलिस निरीक्षक नरोत्तम को ओबरा का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कासमा थानाध्यक्ष अक्षय कुमार सिंह को पौथू थाने की कमान सौंपी गई है। इसी प्रकार कुटुंबा थाना की अनुसंधान इकाई में पदस्थापित उमेश कुमार को सिमरा थानाध्यक्ष बनाया गया है। जिला आसूचना इकाई के प्रभारी चंद्रहास सिंह को कुटुंबा थानाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी दी गई है। नगर थाना के सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार को जिला आसूचना इकाई का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को रिसियप, माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय को जम्होर, बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार को फ़ेसर, फ़ेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी को बड़ेम तथा रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम को माली थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जिला आसूचना इकाई में पदस्थापित पवन कुमार को अंबा, ओबरा थाना अनुसंधान इकाई में पदस्थापित कुणाल कुमार को पौथू तथा टंडवा थाना अनुसंधान इकाई में पदस्थापित रूपेश कुमार को कासमा थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान अली का तबादला करते हुए उन्हें ओबरा थाना की अनुसंधान इकाई में भेजा गया है। सिमरा थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को टंडवा, अंबा थानाध्यक्ष राहुल कुमार को नगर थाना तथा जम्होर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता को कुटुंबा थाने में पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार को नगर थाना की अनुसंधान इकाई में भेजा गया है। नए थानाध्यक्षों के सामने अपराध नियंत्रण के साथ फरियादियों की सुनवाई, लंबित मामलों का निष्पादन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होगी।

## पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 55 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत एक तथा अन्य मामलों में 51 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 10 लीटर देसी शराब, एक बाइक, एक ट्रक, 20 टन कोयला एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1174 वाहनों से 76000 रुपये की वसूली की गई है।

# बारून का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे राज्य में अव्वल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुविधा एवं स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं के मानकों में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में निरंतर सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी राज्य स्तरीय मूल्यांकन रिपोर्ट में औरंगाबाद जिले के तीन स्वास्थ्य संस्थानों यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बारून, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन के लिए चयनित किया गया है। राज्य स्तरीय मूल्यांकन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बारून ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा को 80 प्रतिशत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देव को 75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। संबंधित संस्थानों का मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुरूप किया गया। इस संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि जिले के तीन स्वास्थ्य संस्थानों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन में निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरना जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी गई है। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता सुधार की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखते हुए आगामी राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में भी बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

# ट्रक के धक्के से साइकिल सवार शिक्षक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के भवानीपुर मोड़ के पास आज सुबह एक ट्रक के धक्के से साइकिल सवार शिक्षक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ढिबरा थाना क्षेत्र के ढिबरा गांव निवासी प्रमोद सिंह के पुत्र अशोक सिंह आज सुबह साइकिल से स्कूल जा रहे थे कि रास्ते में भवानीपुर मोड़ के पास एक ट्रक के धक्के से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही क्षण में घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। फिलहाल अशोक सिंह देव के प्रखंड कार्यालय के पास मकान बना कर अपने परिवार के साथ रहते थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों, स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने देव-देव मोड़ सड़क को जाम कर दिया जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। बाद में देव थाना की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है जबकि चालक भागने में सफल रहा। इस संबंध में देव थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

# औरंगाबाद में लाइफ लाइन होम्योपैथिक क्लिनिक की शाखा खुली, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और पहल करते हुए लाइफ लाइन सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होम्योपैथिक रिसर्च क्लिनिक का शुभारंभ शनिवार को किया गया। क्लिनिक का उद्घाटन ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह, नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, शिक्षा पुरुष सुरेश गुप्ता, क्लिनिक के संचालक डॉ. मनोज कुमार तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स औरंगाबाद के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। औरंगाबाद जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत लगातार बढ़ रही है। दाउदनगर के बाद औरंगाबाद में लाइफ लाइन की दूसरी शाखा की शुरुआत इसी दिशा में एक सराहनीय कदम है। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल शरण सिंह ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना समाज के लिए उपयोगी है। नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा की भावना के साथ किया गया कोई भी प्रयास समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है। औरंगाबाद में लाइफ लाइन की दूसरी शाखा शुरू होने से शहरवासियों को चिकित्सा संबंधी सुविधाओं का एक और विकल्प उपलब्ध होगा। नगर परिषद, औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि शहर के विस्तार के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत भी बढ़ रही है। नई चिकित्सा संस्थाओं और क्लिनिकों की शुरुआत से लोगों को अपने शहर में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। गौरतलब है कि दाउदनगर के मेन रोड, मौलाबाग के बाद क्लिनिक की नई शाखा औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित वन विभाग के समीप शुरू की गई है। उद्घाटन के अवसर पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें चार सौ से अधिक मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आनंद प्रकाश एवं कलाकार आफताब राणा ने किया। मौके पर नगर पार्षद मंजरी सिंह, भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव, लायन अजय वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वेतनमान की घोषणा से वित्तरहित कर्मियों में खुशी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार द्वारा वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के कर्मियों के लिए वेतनमान की घोषणा किए जाने के बाद औरंगाबाद जिले के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में भारी हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर शनिवार को अंबा के महिला कॉलेज मुड़िला-अंबा, जनता इंटर कॉलेज लभरी परसावां तथा सूर्य नारायण भगवान भास्कर कॉलेज देव में महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में मुख्य रूप से आगामी 20 सितंबर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सामूहिक रूप से सम्मानित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# 25 मूक-बधिर बालिकाओं को मिला हियरिंग एड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दिव्यांग बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुटुम्बा में आवासित मूक-बधिर एवं जरूरतमंद बालिकाओं को बिहार शिक्षा परियोजना के सौजन्य से निःशुल्क हियरिंग एड (श्रवण यंत्र) उपलब्ध कराया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुटुम्बा में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कुल 25 मूक-बधिर एवं जरूरतमंद बालिकाएं अध्ययनरत हैं। श्रवण एवं वाक संबंधी कठिनाई के कारण इन बालिकाओं को कक्षा में पठन-पाठन, शिक्षक एवं सहपाठियों की बातों को समझने तथा आपसी संवाद में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बालिकाओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से समझने, लिखने एवं सीखने में सहयोग प्रदान किया जाता है। बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा इन बालिकाओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं श्रवण संबंधी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सभी 25 बालिकाओं को निःशुल्क हियरिंग एड उपलब्ध कराया गया है। औरंगाबाद जिले के समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार द्वारा बालिकाओं को हियरिंग एड प्रदान किया गया। हियरिंग एड उपलब्ध होने के बाद बालिकाओं के श्रवण अनुभव में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कई बालिकाएं कक्षा में शिक्षकों एवं सहपाठियों की बातों को पहले की अपेक्षा बेहतर ढंग से सुन एवं समझ पा रही हैं। इससे शिक्षकों के निर्देशों का पालन करने, सहपाठियों एवं शिक्षकों के साथ संवाद करने तथा कक्षा की गतिविधियों में भागीदारी में सहजता आई है।

# बिजली करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरी गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से 18 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान फ़ेसर थाना क्षेत्र के मंझार गांव निवासी मो. खैरूद्दीन के पुत्र नौशार आलम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नौशार शनिवार को ग्राइंडर मशीन चलाते समय बिजली करंट की चपेट में आ गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के मामा अल्ताफ हुसैन ने बताया कि नौशार बचपन से ही अपने ननिहाल औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर 22 स्थित नावाडीह मोहल्ले में रहता था। नौशार मजदूरी करने के लिए खैरी गांव गया हुआ था जहां एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। घटना के वक्त वह बाथरूम के पास खड़े होकर ग्राइंडर मशीन से काम कर रहा था जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, उसके आसपास कुछ पानी का जमाव भी था। इसी दौरान अचानक ग्राइंडर मशीन में जोरदार करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध कोयला एवं गिट्टी लदा तीन हाइवा जब्त

## 16 लाख जुर्माना, दो लाइनर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई खान एवं भूतत्व विभाग के सहायक निदेशक विकास कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक मो. इकबाल हुसैन द्वारा की गई। कार्रवाई के फलस्वरूप दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन हाइवा को जब्त करने के साथ दो लाइनर को गिरफ्तार किया गया है। जब्त वाहनों पर 16 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। बारून थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लदा एक हाइवा और एक नेक्सन कार जब्त किया किया गया है। साथ ही दो लाइनर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लाइनर की पहचान झारखंड राज्य के चतरा जिला अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र के निसरौल गांव निवासी अमित कुमार गुप्ता एवं पलामू जिले के लेसलीगंज थाना अंतर्गत कराई पटरा गांव निवासी मंदीप सिंह के रूप में की गई है। इसके अलावा रिसियप थाना क्षेत्र में कार्रवाई के फलस्वरूप अवैध गिट्टी लदे दो हाइवा को जब्त किया गया है। इस पर 16 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस कार्रवाई से अवैध कोयल एवं गिट्टी कारोबार से जुड़े माफियाओं में हड़कंप मच गया। खान निरीक्षक मो. इकबाल हुसैन ने बताया कि दो अलग-अलग जगहों से कोयल और गिट्टी लदे तीन हाइवा जब्त किया गया है। सूचना मिली कि बारून थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर ओवरब्रिज के समीप अवैध कोयला लदा हाइवा जा रहा है। सूचना के आलोक में चेक पोस्ट पर हाइवा को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन इस बीच तीन अलग-अलग कार सवार लाइनरों ने रास्ता अवरुद्ध करने का प्रयास किया। खनन और बारून पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार सवार दो लाइनरों को पकड़ अवैध कोयला लदे हाइवा को जब्त कर लिया गया। वहीं दो कार सवार लाइनर अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गए। इसके अलावा रिसियप थाना क्षेत्र से अवैध गिट्टी लदा दो हाइवा जब्त किया गया है जिस पर 16 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद संबधित थानों को तीन हाइवा तथा दो लाइनरों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे न सिर्फ उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी बल्कि भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश में वृद्ध गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 60 साल के बुजुर्ग की हैवानियत का शिकार होने से एक बच्ची बाल-बाल बच गई। बुजुर्ग ने नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाने की नाकाम कोशिश की। यह घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां आरोपी ने पीड़ित बच्ची को रात के अंधेरे में पाकर दुराचार करने की कोशिश की। आरोपी की पहचान मंहगू मिस्त्री के रूप में की गई है। आरोप है कि मंहगू मिस्त्री ने गांव के ही एक 9 वर्षीय बच्ची को अकेले में पाकार दुराचार करने का प्रयास किया लेकिन मौके पर पीड़िता के परिजनों ने पहुंचकर उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया तथा दुराचार का प्रयास एवं पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उधर, गांव में इस घटना को लेकर हर कोई हैरान है। लोग आरोपी को कोस रहे हैं कि उसने लड़की की बौद्धिक अक्षमता का गलत फायदा उठाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म प्रयास के मामले में बुजुर्ग व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# अधिकाधिक पेपरलेस निबंधन पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले में लागू पेपरलेस एवं डिजिटल दस्तावेज निबंधन व्यवस्था की समीक्षा को लेकर समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में निबंधन विभाग से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा नई व्यवस्था के तहत संचालित निबंधन प्रक्रिया, आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा निबंधन प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि जिला निबंधन कार्यालय में तीन अगस्त से दस्तावेज निबंधन की प्रक्रिया पूर्णतः पेपरलेस एवं डिजिटल हो चुकी है। वहीं विभागीय आदेश के आलोक में 17 अगस्त से अवर निबंधन कार्यालय, दाउदनगर में भी पेपरलेस दस्तावेज निबंधन की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। दोनों कार्यालयों में दैनिक कार्यदिवस पर पेपरलेस निबंधन पद्धति के माध्यम से दस्तावेजों का निबंधन किया जा रहा है तथा अब तक लगभग 200 दस्तावेजों का पेपरलेस निबंधन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पेपरलेस एवं डिजिटल निबंधन व्यवस्था के संबंध में आमजन को सही एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था का उद्देश्य निबंधन प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाना है। आमजन को छोटी-छोटी प्रक्रियाओं के लिए अनावश्यक रूप से निबंधन कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि नई व्यवस्था के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए तथा निबंधन प्रक्रिया के दौरान आमजन को होने वाली किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल निबंधन व्यवस्था के माध्यम से समय एवं कागज की बचत के साथ-साथ निबंधन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, संबंधित निबंधन पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा व साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार जिले भर के विद्यालयों और महाविद्यालयों में पुलिस दीदी टीम द्वारा जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। 19 सितंबर को चलाए गए विशेष अभियान के तहत अभया ब्रिगेड की टीम ने विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित पढ़ाई करने और अपने भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। महिला दरोगा ने छात्राओं से कहा कि छेड़छाड़, उत्पीड़न, धमकी या घरेलू हिंसा की स्थिति में चुप न रहें और तत्काल पुलिस या परिजनों को सूचना दें। साइबर अपराध से बचने के लिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करे तथा ओटीपी, पासवर्ड व निजी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस ने छात्राओं को आपात स्थिति में 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला एवं बाल सहायता के लिए 181 तथा बच्चों से संबंधित समस्याओं के लिए 1098 पर संपर्क करने की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जीविका की आमसभा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियां सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा(औरंगाबाद)।** अम्बे जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, अम्बा की वार्षिक आमसभा शनिवार को सीएलएफ कार्यालय परिसर में आयोजित हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय और संगठन की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए भावी कार्ययोजना तय की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और जीविका दीदियों द्वारा 'बढ़ते कदम प्रार्थना' के सामूहिक गायन से हुई। प्रखंड परियोजना प्रबंधक धनंजय कुमार ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सशक्त परिवार और समाज की आधारशिला है। जीविका ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर उनके जीवन में बदलाव ला रहा है। समीक्षा सत्र में क्षेत्रीय समन्वयक रवि रंजन, इंक्यूबेशन एकाउंटेंट मृत्युंजय भारती, लेखापाल अर्जुन कुमार तथा सीसी विभा कुमारी, पल्लवी कुमारी व अरविंद कुमार चौधरी की मौजूदगी में वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आजीविका के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया।

# अधिकाधिक जरूरतमंद श्रमिकों को उपलब्ध कराएं रोजगार : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी (वीबी-जी रामजी) के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रखंडवार उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में व्यक्ति-दिवस सृजन की प्रखंडवार स्थिति की समीक्षा की गई। जिले में सितंबर 2026 तक 13,96,660 व्यक्ति-दिवस का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध 19 सितंबर तक 2,38,174 व्यक्ति-दिवस सृजित किए जा चुके हैं। 12 सितंबर 2026 की तुलना में 55,012 अतिरिक्त व्यक्ति-दिवस का सृजन हुआ है। साथ ही, ई-मस्टर रोल के अनुसार जिले में 7,861 अकुशल श्रमिकों को कार्य से जोड़ा गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को व्यक्ति-दिवस सृजन में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) के माध्यम से उपस्थिति दर्ज किए जाने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सितंबर 2026 में जिले में कुल 3,178 पात्र मस्टर रोल के विरुद्ध 2,995 मस्टर रोल में एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की गई है। इस प्रकार 94.24 प्रतिशत एनएमएमएस उपलब्धि दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने में शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा तकनीकी अथवा प्रक्रियात्मक बाधाओं का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में योजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिले में स्थापना से अब तक कुल 1,91,542 कार्य प्रारंभ हुए हैं जिनमें से 1,69,921 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा 21,621 कार्य अभी पूर्ण किया जाना शेष है। कुल कार्यों की पूर्णता दर 88.71 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 3,795 कार्य प्रारंभ हुए हैं, जिनमें 12 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने लंबित योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में ग्राम पंचायतों में खेल मैदान निर्माण की भी समीक्षा की गई। जिले की कुल 202 ग्राम पंचायतों में से 121 पंचायतों को खेल मैदान योजनाओं से आच्छादित किया गया है। कुल 136 खेल मैदान योजनाएं स्वीकृत/संचालित हैं, जिनमें 136 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा कोई भी योजना अपूर्ण नहीं है। बैठक में जियो-मनरेगा, आरआईडीएफ तथा अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों की जियो-टैगिंग, अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी एवं उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

CMYK